आषाढ़ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 12:38 तक उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 8 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 137, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ग्लोबल साउथ के लिए मिसाल बने ब्रिक्स 14

शांति का समय कुछ और नहीं बल्कि भ्रम 12

## छह राजनैतिक दल जमीन पर नहीं हवा में, चुनाव आयोग ने दी नोटिस

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** प्रदेश में ऐसे भी राजनैतिक दल हैं जिनके नाम तो हैं लेकिन न तो इन्होंने पिछले छह साल में एक भी चुनाव में हिस्सा लिया और इनके कार्यालयों का भौतिक पता भी नहीं मिल पाया है। चुनाव आयोग ने ऐसे 6 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों (आरयूपीपी) को नोटिस जारी कर 21 जुलाई की शाम 5 बजे तक जवाब मांगा है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में उत्तराखंड में बीते 6 साल से निष्क्रिय 6 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इन दलों ने वर्ष 2019 से अब तक एक भी चुनाव नहीं लड़ा। आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में वर्तमान में 42 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से कई दल ऐसे हैं जो आरयूपीपी में बने रहने की आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में 6 ऐसे दलों की पहचान की गई है, जिनकी अंतिम डीलिस्टिंग का निर्णय भारत निर्वाचन आयोग करेगा।

बता दें कि देश में राजनैतिक दलों (राष्ट्रीय/राज्यीय/अमान्यता) का पंजीकरण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य इस पूरे अभ्यास में राजनैतिक व्यवस्था का शुद्धिकरण एवं चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को बढ़ावा देना है।

### इनको नोटिस जारी

1. भारतीय जनक्रान्ति पार्टी देहरादून, 2-हमारी जनमन्च पार्टी देहरादून, 3-मैदानी क्रान्ति दल देहरादून, 4-राष्ट्रीय जन सहाय दल देहरादून, 5-प्रजा मंडल पार्टी श्रीनगर पौड़ी गढ़वाल, 6-राष्ट्रीय ग्राम विकास पार्टी रुड़की, हरिद्वार

## ट्रंप की ब्रिक्स देशों को 10% अतिरिक्त टैरिफ की धमकी

रियो डी जेनेरो/नई दिल्ली, एजेंसी



● पश्चिम एशिया संघर्ष पर ब्रिक्स के रूख पर अमेरिकी राष्ट्रपति खफा

ब्रिक्स देशों ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ,अस्थिरता और गाजा के खिलाफ लगातार इजरायली हमलों और कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। ब्रिक्स के इस रूख से तिलमिलाए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों का समर्थन करने वाले किसी भी देश पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी है।

ब्राजील के रियो डी जेनेरो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त घोषणापत्र में, ब्रिक्स देशों ने दोहराया कि इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष का न्यायसंगत और स्थायी समाधान केवल शांतिपूर्ण तरीकों से ही प्राप्त किया जा सकता है। यह फिलिस्तीनी लोगों के वैध अधिकारों की पूर्ति पर निर्भर करता है, जिसमें आत्मनिर्णय और वापसी का अधिकार शामिल है।

## देहरादून में खतरनाक कुत्तों के लाइसेंस और बिक्री पर नगर निगम ने लगाई रोक

मुख्य संवाददाता, देहरादून



● बुजुर्ग महिला पर कुत्तों ने किया हमला, मालिक हिरासत में

**अमृत विचार :** राजपुर क्षेत्र के जाखन में रॉटविलर नस्ल के दो पालतू कुत्तों ने मंदिर जा रही 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला पर हमला कर हाथ और कान को नोच डाला। महिला की निजी अस्पताल में हालत गंभीर बनी है। पीड़ित पक्ष उमंग निर्वाल के रिपोर्ट दर्ज कराने पर पुलिस ने कुत्तों के मालिक नफीस अहमद को हिरासत में ले लिया है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि नफीस द्वारा खतरनाक नस्ल के कुत्तों को पालने के लिए नगर निगम से कोई लाइसेंस नहीं लेना प्रकाश में आया है। राजधानी में बिना लाइसेंस खतरनाक नस्ल के कुत्तों को पालने वालों पर नगर निगम के साथ मिलकर सख्त कार्यवाही होगी। पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 112 अथवा नगर निगम कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कुत्तों के हमलों की शिकायतों को देखते हुए पिटबुल टेरियर, टोसा, अमेरिकन स्टेन्फोर्डशायर टेरियर, फिला ब्रेसिलिएरो, डोगो अर्जेन्टिनो, अमेरिकन बुलडॉग, बोरबोएल, कंगल, सेंट्रल एशियन शेफर्ड, कोकाशियन शेफर्ड डाग, साउथ रशियन शेफर्ड डाग, टार्नजैक सार्पलेनिएक, जैपेनीज टोसा, अकिता, मिस्टिफ, रौटव्हिलर, टेरियर्स, रोडेशियन रिजबैक, वुल्फ डॉग, कैनारियो अबेकस डॉग, मास्को गार्ड डॉग, केन कोर्सो के आयात, ब्रीडिंग तथा खरीद फरोख्त पर रोक लगाते हुए लाइसेंस अथवा बेचने का परमिट देने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### एक नजर

#### अदालत ने दर्ज किया सज्जन कुमार का बयान

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान राजधानी के जनकपुरी और विकासपुरी इलाकों में हुई हिंसा के संबंध में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार का बयान सोमवार को दर्ज किया। विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह ने कुमार का बयान दर्ज किया। कुमार ने कहा कि वह निर्दोष है क्योंकि उसके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। कुमार ने दावा किया कि निष्पक्ष जांच नहीं की गई और उसे निराधार आरोप लगाकर फंसाया गया। कुमार ने कहा कि किसी भी गवाह ने मेरा नाम नहीं लिया। दशकों बाद मेरा नाम सामने आया। मेरे खिलाफ मामला झूठा और राजनीति से प्रेरित है।

#### गृह मंत्री शाह 19 को रुद्रपुर में

**रुद्रपुर।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 19 जुलाई को ऊधमसिंह नगर आएंगे। ऊधमसिंह नगर के डीएम नितिन सिंह भदौरिया के अनुसार, वे रुद्रपुर के मनोज सरकार स्टेडियम में उद्योगपतियों व विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे। देहरादून इन्वेस्टर्स समिट में हुए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) की समीक्षा भी करेंगे। शाह के इस दौरे को प्रदेश में निवेश के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

-संबंधित पेज-6

# उत्तराखंड के लिए 3800 करोड़ की कृषि योजनाओं की स्वीकृति

### सीएम ने की केंद्रीय कृषि मंत्री से भेंट, केंद्र ने धामी सरकार के कार्यों को सराहा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि, ग्राम्य विकास एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर प्रदेश की कृषि एवं उससे जुड़ीं विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विस्तार के संबंध में चर्चा की। राज्य के पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों की कृषि एवं बागवानी आवश्यकताओं तथा किसानों की आर्थिक सुदृढ़ता हेतु राज्य सरकार की योजनाओं पर भी विचार हुआ।

मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि राज्य सरकार ने कृषि एवं बागवानी क्षेत्र के समग्र विकास एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 3800 करोड़ रुपये की व्यापक योजनाएं तैयार की हैं। केन्द्रीय मंत्री द्वारा राज्य की कृषि संबंधित योजनाओं के लिए 3800 करोड़ रुपये की सैद्धांतिक सहमति प्रदान करने पर सीएम ने उनका आभार जताया। केन्द्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 1 व 2 के अवशेष कार्यों की समय सीमा बढ़ाने की सैद्धांतिक सहमति देने के साथ पीएमजीएसवाई-4 के प्रस्ताव पर भी सैद्धांतिक सहमति का आश्वासन दिया। केन्द्रीय मंत्री ने उत्तराखंड सरकार द्वारा कृषि एवं ग्रामीण विकास के विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए सीएम द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट करते मुख्यमंत्री धामी।

### 28 करोड़ से दक्ष होंगे युवा

सीएम के अनुसार, खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में सक्रिय सरकार ने पंतनगर विवि के माध्यम से युवाओं को कृषि क्षेत्र में दक्ष बनाने हेतु 14 करोड़ तथा एग्रीटूरिज्म स्कूल की स्थापना को 14 करोड़ रुपये की योजना तैयार की है। उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विवि, भरसार में माइक्रोबायोलॉजी लैब बनाने को 16.11 करोड़ की व्यवस्था भी प्रस्तावित है। सेब उत्पादन के लिए उच्च गुणवत्ता की नर्सरी, कोल्ड स्टोरेज, सॉर्टिंग व ग्रेडिंग यूनिट की स्थापना, कीवी व ड्रैगन फ्रूट मिशन को बढ़ावा देने, सुपर फूड्स हेतु सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना तथा पंतनगर कृषि विवि में एग्रो टूरिज्म स्कूल की स्थापना के लिए भी सहायता का अनुरोध केन्द्रीय मंत्री से किया।

### राज्य में प्रस्तावित कृषि योजनाएं (राशि करोड़ में)

| | |
|---|---|
| ● पहाड़ पर फसलें जंगली जानवरों से बचाने को – | 1,052.80 |
| ● दस हजार फार्म मशीनरी बैंक स्थापना को – | 400 |
| ● स्टेट मिलेट मिशन में प्रावधान– | 134.89 |
| ● सेब उत्पादन को त्रिस्तरीय कवच के लिए– | 1,150 |
| ● नकदी फसलों के संवर्धन, खेती वन्यजीवों से बचाने को– | 894 |
| ● कृषि व बागवानी में नवाचार, स्टार्टअप्स बढ़ाने को – | 885.10 |
| ● कम जोखिम वाली फसलों का प्रोत्साहन – | 42.00 |
| ● विश्लेषण प्रयोगशालाओं की स्थापना – | 36.50 |
| ● भूअभिलेखों का आधुनिकीकरण, डिजिटल सर्वे– | 378.50 |

## हाई अल्टीट्यूड अल्ट्रा मैराथन शुरू करें : धामी

● मुख्यमंत्री के आला अधिकारियों को निर्देश

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चस्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाई अल्टीट्यूड अल्ट्रा मैराथन की शुरुआत करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, कुमाऊं क्षेत्र में यह मैराथन गुंजी से आदि कैलाश और गढ़वाल में नीति माणा से लेकर मलारी तक आयोजित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस आयोजन को वार्षिक पर्यटन कैलेंडर में शामिल किया जाए और हर वर्ष निर्धारित तिथि पर इसका नियमित आयोजन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आपदा प्रबंधन तंत्र को अधिक सशक्त बनाने के साथ ही तय समय पर प्रभावितों को सहायता राशि उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। सीमांत एवं पर्वतीय क्षेत्रों में फसलों की सुरक्षा के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली आदि मौजूद रहे।

## तहव्वुर राणा ने स्वीकारा हमले के वक्त मुंबई में था

नई दिल्ली, एजेंसी

### 26/11 आतंकी हमला



● एनआईए की पूछताछ में कबूला वह पाकिस्तानी सेना का एजेंट था

● छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और अन्य स्थानों की खुद की थी रेकी

मुंबई 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा ने पाकिस्तान को लेकर बड़ा खुलासा किया है। तहव्वुर राणा ने पूछताछ में मुंबई क्राइम ब्रांच के सामने कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। राणा ने स्वीकार किया कि वह पाकिस्तानी सेना का विश्वसनीय एजेंट था और 2008 के हमलों के दौरान मुंबई में मौजूद था। साथ ही उसने माना कि उसका सहयोगी डेविड हेडली लश्कर-ए-तैयबा के लिए कई बार ट्रेनिंग ले चुका था।

राणा ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और अन्य संवेदनशील जगहों की रेकी उसने ही की थी। उसने स्वीकार किया कि इस हमले की साजिश पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ मिलकर रची गई थी। उसने यह भी बताया कि खाड़ी युद्ध के दौरान उसे पाकिस्तानी सेना ने सऊदी अरब भेजा था। गौरतलब है कि 4 अप्रैल को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राणा की समीक्षा याचिका खारिज किए जाने के बाद उसे भारत प्रत्यर्पित कर दिया गया। मई में भारत आने पर राणा को न्यायिक हिरासत में लेकर एनआईए उससे साजिश, हत्या, आतंकवाद और जालसाजी जैसे आरोपों पर पूछताछ कर रही है। वहीं, दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। राणा की अगली कोर्ट पेशी 9 जुलाई को होनी है। शुक्रवार को सुरक्षा कारणों से उसे वर्चुअल मोड के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। राणा के वकील ने उसके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई। दलीलों पर गौर करते हुए कोर्ट ने तिहाड़ के अधिकारियों को 9 जुलाई तक मामले पर स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान राणा ने परिवार से बातचीत करने की इच्छा जताई है।

## चंद्रयान मिशन से अंतरिक्ष में मानव भेजने में होंगे सफल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● इसरो चेयरमैन ने कहा, विज्ञान एवं तकनीक में भी नंबर वन बनेगा भारत

● मुख्यमंत्री से साझा की राज्य में स्पेस टेक्नालॉजी की प्रगति

**अमृत विचार :** इसरो के चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन ने लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में घोषणा की कि शीघ्र ही भारत का भी अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा, जल्द ही इसका परीक्षण किया जाएगा। यह एक छोटा सा प्रयास होगा लेकिन भविष्य के लिए एक बड़ा कदम साबित होगा। उन्होंने बताया कि, चंद्रयान-02, 03 एवं 04 के मिशन पर कार्य हो रहा, जिससे आगे हमें अंतरिक्ष में मानव भेजने में सफलता मिलेगी। स्पेस तकनीक और रिमोट सेंसिंग से सामान्य लोगों के जीवन को आसान बनाने के भी प्रयास किए जा रहे।

इसरो चेयरमैन के मुताबिक, इसके माध्यम से पानी, खाद्य पदार्थों, फसलों की सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण, बाढ़ नियंत्रण, मौसम पूर्वानुमान की सटीक जानकारी के लिए कार्य किया जा रहा। उत्तर प्रदेश में पहली बार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अंतरिक्ष विभाग भारत सरकार तथा रिमोट सेसिंग एप्लीकेशन्स सेंटर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उप्र. के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ के योजना भवन में विकसित भारत 2047 के निर्माण के लिए उप्र. के परिप्रेक्ष्य में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के उपयोग विषयक एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसरो के चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन के मुख्य अतिथ्य तथा मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में अंतरिक्ष तकनीकी एवं विकसित भारत 2047 पर मंथन किया गया।

इसरो चेयरमैन डॉ. वी नारायणन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र ही नहीं अंतरिक्ष विज्ञान एवं तकनीक में भी दुनिया का नंबर वन राष्ट्र होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात कर राज्य में स्पेस टेक्नालॉजी की प्रगति साझा की।

### बिजली गिरने, बादल फटने की चेतावनी जरूरी


मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि उप्र. का रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशंस सेंटर विभिन्न क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि मौसम की सटीक जानकारी का अभाव अभी एक बड़ी चुनौती है। हम ऐसी तकनीक विकसित करें जो सटीक मौसम पूर्वानुमान और बिजली गिरने, बादल फटने की अग्रिम चेतावनी दे सके।

## सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के खिलाफ तुर्किए की कंपनी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को तुर्किए स्थित कंपनी सेलेबी द्वारा सुरक्षा मंजूरी रद्द किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। विमानन निगरानी संस्था बीसीएएस ने राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में कंपनी की सुरक्षा मंजूरी रद्द की थी। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने 23 मई को इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने 15 मई को सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। इससे कुछ दिन पहले तुर्किए ने पाकिस्तान का समर्थन किया था और पड़ोसी देश में आतंकवादी शिविरों पर भारत के हमलों की निंदा की थी। 'सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' और 'सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो टर्मिनल कार्यों की देखरेख करते हैं। केंद्रीय प्राधिकरण के वकील ने इस कार्रवाई का बचाव करते हुए विमानन सुरक्षा के लिए खतरे की ओर इशारा किया था।

## न्यायाधीश के आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलना आपराधिक कृत्य

नई दिल्ली, एजेंसी



● उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा-ऐसे मामलों में कार्रवाई जरूरी

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के घर से बड़ी मात्रा में नकदी मिलने के मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं किए जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा है कि किसी न्यायाधीश के विरूद्ध संवैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई करना एक विकल्प हो सकता है लेकिन इसे समाधान नहीं कहा जा सकता। कहा कि यह आपराधिक कृत्य है और इस तरह के मामलों में कार्रवाई जरूरी है।

धनखड़ ने सोमवार को राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, कोच्चि में छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संवाद के दौरान इस मामले से संबंधित न्यायाधीश का नाम लिए बिना कहा कि यदि धनराशि इतनी अधिक है तो कई सवाल उठते हैं जिनका पता लगाया जाना चाहिए। यह जानना आवश्यक है कि क्या यह काला धन है? इसका स्रोत क्या है? यह किसी न्यायाधीश के सरकारी आवास में कैसे पहुंचा? यह धन किसका है? उम्मीद जताई कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### दोषियों को न्याय के कटघरे में लाना होगा

उप राष्ट्रपति ने कहा कि यह मामला अब सार्वजनिक डोमेन में है और सुप्रीम कोर्ट ने भी इसकी पुष्टि की है। इस स्थिति में इसे आपराधिक कृत्य मानकर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए थी। दोषियों की पहचान कर उन्हें न्याय के कटघरे में लाना चाहिए था। उल्लेखनीय है कि दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर एक स्टोर में 14 मार्च की रात लगी आग में 500 रुपये की आंशिक रूप से जली हुई गड्डियां मिली थीं।

## नौ जुलाई को देशव्यापी हड़ताल पर जाएंगे 25 करोड़ कर्मचारी

● सार्वजनिक सेवाएं हो सकती हैं प्रभावित

**नई दिल्ली।** बैंकिंग, बीमा से लेकर कोयला खनन, राजमार्ग और निर्माण क्षेत्र में लगे 25 करोड़ से अधिक कर्मचारी नौ जुलाई को देशव्यापी आम हड़ताल पर जाने वाले हैं जिससे देशभर में जरूरी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। दस केंद्रीय श्रमिक संगठनों और उनके सहयोगी इकाइयों के एक मंच ने सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी कॉरपोरेट-समर्थक नीतियों का विरोध करने' के लिए इस आम हड़ताल या 'भारत बंद' का आह्वान किया है। श्रमिक संगठनों के इस मंच ने 'देशव्यापी आम हड़ताल को व्यापक रूप से सफल' बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि हड़ताल के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस की अमरजीत कौर ने कहा, हड़ताल में 25 करोड़ से अधिक कर्मचारियों के भाग लेने की उम्मीद है। किसान और ग्रामीण कर्मचारी भी हिस्सा लेंगे।

## शीर्ष 40 अभ्यर्थियों को मिलेगा पुरस्कार

राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना

**नई दिल्ली।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 2025-26 सत्र के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति (एनओएस) योजना के पहले चरण में 106 अभ्यर्थियों का चयन किया है जिसमें शीर्ष 40 को तत्काल अनंतिम पुरस्कार पत्र जारी किए जाएंगे। मंत्रालय द्वारा एक जुलाई को जारी अधिसूचना के अनुसार शेष 66 अभ्यर्थियों को उपलब्ध निधियों के आधार पर आगे विचारार्थ रखा गया है। इस वर्ष 19 मार्च से 27 अप्रैल के बीच एनओएस पोर्टल पर कुल 440 आवेदन प्राप्त हुए थे। आवेदनों को जांचने के बाद 106 अभ्यर्थियों को चयनित सूची में स्थान मिला।

## विदेश से निवेश करने की कॉल आए तो हो जाएं सावधान

### हाई प्रोफाइल साइबर ठगी में महिला गिरफ्तार, इंटरनेशनल कॉल कर ठगे थे 40 लाख रुपये

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** अगर कोई शख्स किसी विदेशी सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर व्हाट्सएप कॉलिंग या चैट के माध्यम से बात कर निवेश का प्रलोभन दे तो सावधान हो जाएं। एसटीएफ ने फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाइल और अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल नंबरों (अमेरिका बेस) का प्रयोग कर साइबर ठगी करने की आरोपी फर्जी सरकारी अधिकारी को ऋषिकेश से गिरफ्तार किया है।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने सोमवार को बताया कि विगत मई माह में एक महिला ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन देहरादून में मामला दर्ज कराया था। पीड़िता को व्हाट्सएप पर अमेरिका के नंबर से कॉल कर एक महिला ने स्वयं को सरकारी एजेंसी की अधिकारी बताया। व्हाट्सएप पर फर्जी प्रोफाइल के माध्यम से विश्वास जीतकर उसे गोल्ड का बिजनेस शुरू करने हेतु कच्चा माल खरीदने के नाम पर उन्हें बार-बार कॉल कर धनराशि बैंक खातों में ट्रांसफर कराया। इस पूरे अपराध में अंतर्राष्ट्रीय व्हाट्सएप नंबर, फर्जी पहचान और तकनीकी माध्यमों का उपयोग कर मानसिक रूप से पीड़िता पर नियंत्रण बनाया गया। एसएसपी ने बताया कि, एसटीएफ/साइबर के एएसपी स्वप्न किशोर, डीएसपी अंकुश मिश्रा और इंस्पेक्टर आशीष गुसाई की टीम ने विभिन्न स्तरों की पड़ताल की तो इस साइबर ठगी में पंजाब की तरनतारन निवासी रमनदीप कौर का नाम प्रकाश में आया। आरोपी रमनदीप को एसटीएफ की टीम ने ऋषिकेश के श्यामपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 2 मोबाइल फोन, फर्जी सिम कार्ड, 3 डेबिट कार्ड आदि बरामद किए गए।

**सतर्क रहें, यहां दें सूचना :** एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह के अनुसार, डिजिटल अरेस्ट के मामलों में सीबीआई, मुम्बई क्राइम ब्रान्च, साइबर क्राइम, आईटी या ईडी या अन्य एजेंसी आपको व्हाट्सएप के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट करने हेतु नोटिस नहीं भेजतीं। व्हाट्सएप से लोक लुभावने निवेश के प्रस्तावों के प्रति सतर्क रहें। सरकार ने साइबर और ऑनलाइन धोखाधड़ी रोकने के लिए संचार साथी वेबसाइट पर चाक्षु पोर्टल लॉन्च किया है। आप इस तरह की घटना की शिकायत 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर या http://www.cybercrime.gov.in पर भी दर्ज करा सकते हैं।

### चार मामलों में आया नाम सामने

एसएसपी के अनुसार, आरोपी रमनदीप कौर प्रारंभिक पूछताछ में अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह की सक्रिय सदस्य निकली। साइबर ठगी में प्रयुक्त उसके बैंक खाते में 1-2 माह में ही लाखों रुपये का लेनदेन मिला है। उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर, गुजरात, तमिलनाडू और देहरादून में लाखों रुपये की साइबर ठगी के चार मामले सामने आ चुके हैं। इस मामले में तीनों संबंधित राज्यों की पुलिस से संपर्क किया जा रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार **हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

उत्तराखण्ड शासन

# मेरा शहर मेरी पहचान स्वच्छ सर्वेक्षण-2025
# स्वच्छता में हल्द्वानी को बनायें नं. 01

नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम को सुन्दर स्वच्छ बनाये जाने हेतु आम जनता से अनुरोध करता है कि-

- नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम को सम्पूर्ण स्वच्छता की निगरानी बैंणी सेना द्वारा की जा रही है। इस कार्य में बैंणी सेना को सहयोग करें।
- सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग ना करें।
- अपने घर एवं प्रतिष्ठान में डस्टबिन आवश्यक रूप से रखें।
- अपने घर / प्रतिष्ठान का सूखा कूड़ा, गीला कूड़ा और परिसंकटमय कूड़ा अलग-अलग करके निगम के कूड़ा वाहन में डालें।
- कूड़ा वाहन का यूज़र चार्ज केवल निगम द्वारा अधिकृत बैंणी सेना की महिला प्रतिनिधि को ही दें।
- खुले में सड़क पर नाली / नाले / गूल / नगर आदि स्थानों पर कूड़ा फेंकना / थूकना तथा कूड़ा जलाना कानूनी अपराध है।
- अपने घर एवं आस पास में जमा पानी को साफ करायें जिससे डेंगू के लार्वा को समाप्त किया जा सके।
- नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम द्वारा संचालित दो गौशाला राजपुरा एवं गंगापुर कब्डाल, हल्दूचौड़ संचालित हैं। जिन्हें आप अपना आर्थिक सहयोग प्रदान कर सकते हैं। आर्थिक सहयोग ऑनलाईन के माध्यम से करने हेतु बैंक बन्धन बैंक, खाताधारक का नाम नगर निगम हल्द्वानी, खाता संख्या 20100031764421, IFSC-BDBL0001535, सम्पर्क सूत्र 95482-40589 / 79065-81261 है।
- नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम द्वारा आरोपित सभी टैक्स का समय पर भुगतान करने का कष्ट करें, जिससे कि नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम आर्थिक रूप से मजबूत हो सके और जनहित के कार्यों का संपादन किया जा सके।
- अपने आस-पास सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण न करें और न ही किसी को करने दें।

**कूड़ा वाहन न आने पर, सफाई न होने तथा मार्ग प्रकाश सम्बन्धी शिकायत नगर निगम के टोल फ्री नं. 8882610000 पर करें।**



**गजराज सिंह बिष्ट**
महापौर
नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम

नगर आयुक्त
नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम

## कार्यालय नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम

पत्रांक : 603/I दिनांक : 13-06-2025

मुख्यमंत्री धामी ने कैंप ऑफिस से फ्लैग ऑफ कर रवाना किया, ट्रायल सफल रहा तो इस तरह की सेवाओं की संख्या और बढ़ेगी

# हल्द्वानी-नैनीताल व दून-मसूरी को 20 एसी मिनी बसों की सौगात

मुख्य संवाददाता, देहरादून/हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवहन निगम द्वारा संचालित 20 नई वातानुकूलित यूटीसी मिनी बसों (टेंपो ट्रैवलर) को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सीएम कैम्प ऑफिस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें 10 मिनी बस देहरादून-मसूरी रूट और 10 वाहन हल्द्वानी-नैनीताल रूट पर चलेंगे।

मुख्यमंत्री धामी ने फ्लैग ऑफ समारोह में कहा कि, इस सुविधा से नैनीताल-हल्द्वानी और देहरादून-मसूरी के बीच जाम की समस्या में भी कमी आएगी। यह पहल सफल रही तो इस तरह की सेवाओं की संख्या और बढ़ाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कैम्प कार्यालय से जीटीसी हेलीपैड तक टेंपो ट्रैवलर से सफर भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये वातानुकुलित (एसी) मिनी बसें राज्य के परिवहन तंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगी। इनसे यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और किफायती यात्रा की सुविधा मिल सकेगी तथा प्रदेश की आर्थिक और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

सरकार का प्रयास है कि राज्य के प्रत्येक क्षेत्र को बेहतर सड़क नेटवर्क और विश्वसनीय परिवहन सेवाओं से जोड़ा जाए। आज डिजिटल टिकटिंग, ऑनलाइन बुकिंग, ट्रैकिंग सिस्टम जैसी सेवाओं द्वारा परिवहन विभाग जनता को सुलभ यात्रा उपलब्ध करा रहा है। परिवहन निगम को मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। इसके फलस्वरूप लगातार तीन वर्षों से परिवहन निगम मुनाफे में है।


टेंपो ट्रैवलर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### बेड़े में जल्द आएंगी इलेक्ट्रिक बसें

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन निगम के बस बेड़े में जल्द ही इलेक्ट्रिक बसें भी शामिल होंगी, जिसके लिए बसों की खरीद प्रक्रिया गतिमान है। सरकार ने अपने कर्मचारियों और चालक-परिचालकों की कई समस्याओं का समाधान किया है। डीए में बढ़ोतरी, 7वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करना, निगम में भर्तियों के माध्यम से मानव संसाधन बढ़ाने के मामलों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ उनके कल्याण के लिए कार्य किये जा रहे हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, प्रमुख सचिव एवं अध्यक्ष उत्तराखंड परिवहन निगम एल. फैनई, एमडी परिवहन निगम रीना जोशी और परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### हल्द्वानी-काठगोदाम को मिलीं 8 बसें

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी-नैनीताल रूट के लिए हल्द्वानी और काठगोदाम डिपो को 4-4 टेंपो ट्रैवलर (मिनी बसें) उपलब्ध कराई गई हैं। जबकि दो मिनी बसें भवाली डिपो को मिलेंगी। हल्द्वानी से नैनीताल का किराया करीब 100 रुपये होगा। साथ ही, इन वाहनों को बुकिंग पर भी भेजा जाएगा, जिससे उत्तराखंड परिवहन निगम की आय भी बढ़ेगी। वाहन का संचालन बिना परिचालक के किया जाएगा। हल्द्वानी डिपो के एआरएम संजय पांडे ने बताया कि आज (मंगलवार) चालक गाड़ी लेकर हल्द्वानी पहुंच जाएंगे। कल बुधवार से इनका संचालन शुरू कर दिया जाएगा।




# हाल ए बाजार ...फुटपाथ पर फड़ और सड़क पर ठेले

पटेल चौक, मीरा मार्ग, कारखाना बाजार, नल बाजार समेत सभी मुख्य बाजारों में फुटपाथ व सड़क पर अतिक्रमण से होती है दिक्कत

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नगर निगम के अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे अभियान के बावजूद शहर में धड़ल्ले से अतिक्रमण का खेल चल रहा है। शहर में मुख्य बाजार क्षेत्र के साथ ही जगह-जगह सड़कों पर ठेले-फड़ वालों का कब्जा है। मुख्य बाजार क्षेत्र की स्थिति सबसे खराब है, यहां दुकानों के आगे सड़क पर सामान सजाकर व्यवसाय किया जा रहा है।

अमृत विचार की टीम ने सोमवार को की गई पड़ताल में पाया कि शहर के विभिन्न हिस्सों में मुख्य बाजार सहित सड़कों और अन्य गलियों में अस्थायी अतिक्रमण सामान्य बात बन चुकी है। दुकानें अपनी सीमा से आगे सड़क तक फैल चुकी हैं। दुकानदारों ने फुटपाथ तक पर सामान रख दिया है और ठेले-खोमचे वालों ने पूरी सड़क को अपना बाजार बना लिया है।

बाजार में आने वाले ग्राहकों और आम जनता को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संकरी हो चुकी सड़कों से पैदल निकलना भी अब चुनौती बन गया है। वाहन चालकों को जाम में फंसना पड़ता है। वहीं बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को बाजार में चलना तक मुश्किल हो गया है। त्योहारों या विशेष मौकों पर यह स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है। जहां कार्रवाई की जाती है, वहां से कुछ समय के लिए अतिक्रमण हटता जरूर है, लेकिन कुछ ही दिनों में फिर से वही हालात बन जाते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम की ओर से अभियान चलाया जाता है, लेकिन इसका स्थायी समाधान निकालना जरूरी है। इधर, नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। मुख्य बाजार सहित जहां भी अतिक्रमण किया गया है, वहां टीम भेजकर अतिक्रमण हटाया जाएगा।


कारखाना बाजार में दुकानों के आगे हुआ अतिक्रमण। ● अमृत विचार

### अतिक्रमण से सदर बाजार में भी लगता है जाम

अतिक्रमण के कारण सदर बाजार में भी जाम लगता है। यहां पूजा सामग्री और रेडीमेड कपड़ों की बिक्री होती है। व्यवसायियों ने अपनी दुकानों के आगे सड़क पर सामान रखा है। जिससे भीड़ बढ़ने पर आम जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही यहां दोपहिया वाहनों को भी आड़े-टेढ़े खड़ा कर दिया जाता है, जिससे कई बार वाहन चालकों और अन्य राहगीरों को भीड़ से निकलना मुश्किल हो जाता है।


सदर बाजार में हुआ अतिक्रमण। ● अमृत विचार

### कारखाना बाजार में सड़क पर सजा चूड़ियों का बाजार

कारखाना बाजार में व्यवसायियों ने दुकान का सामान छज्जे से बाहर सड़क पर रखा है। यहां सड़क पर चूड़ियों का बाजार सजा दिया गया है। साथ ही दोपहिया वाहन भी आड़े-टेढ़े किए जा रहे हैं। जिससे बाजार में खरीदारी करने पहुंचे लोगों और अन्य राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हर रोज जब शाम होने पर दुकानें बंद की जाती हैं, तो सड़क चौड़ी नजर आती है, लेकिन फिर अगली सुबह वही नजारा देखने को मिलता है।

### रात होते ही चौड़ा नजर आता है मीरा मार्ग अगली सुबह वही हाल

मीरा मार्ग में भी खरीदारी करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। यहां सड़क काफी चौड़ी है, लेकिन अतिक्रमण के कारण दिन के समय यह सड़क आधी हो जाती है। जबकि रात में सड़क फिर से चौड़ी नजर आती है। यहां हर दिन लगभग यही नजारा देखने को मिलता है। सोमवार को पड़ताल के दौरान भी यहां दिन के समय अतिक्रमण देखने को मिला।


बर्तन बाजार में दुकान के आगे किया गया अतिक्रमण। ● अमृत विचार

### बर्तन बाजार...जहां सड़क पर सजे करछी गिलास

बर्तन बाजार में भी अतिक्रमण के वही हाल नजर आए। यहां दुकानों के बाहर बर्तन सजाए गए हैं। जिससे दोनों ओर सड़क का आधा हिस्सा घिर चुका है। इसके साथ ही अन्य फड़-ठेले वाले भी यहां सड़क पर अपनी सामान सजाकर बेच रहे हैं। सहालग के सीजन में बाजार में खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। साथ ही दोपहिया वाहन लेकर भी शहरवासी यहां आते हैं, लेकिन सड़क घिरी होने के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है।


मीरा मार्ग पर दुकान के आगे किया गया अतिक्रमण। ● अमृत विचार


जेल रोड चौराहे पर धरने पर बैठे पार्षद रवि जोशी के साथ समर्थक। ● अमृत विचार

## फिर चमकेगा 'आई लव हल्द्वानी' चौराहा फव्वारा

संवाददाता, हल्द्वानी

- बंद फव्वारे को लेकर पार्षद रवि जोशी के धरने के बाद नगर निगम ने कराई सफाई

**अमृत विचार:** हीरानगर जेल रोड चौराहे पर स्थित 'आई लव हल्द्वानी' साइन और फव्वारा एक बार फिर अपनी रौनक बिखेरेंगे। लंबे समय से बंद पड़े फव्वारे और आसपास की गंदगी को लेकर पार्षद रवि जोशी ने सोमवार को फव्वारे के सामने धरना दिया, जिसके बाद नगर निगम ने यहां सफाई कराई।

पार्षद जोशी ने आरोप लगाया कि 80 लाख रुपये की लागत से बनाए गए इस फव्वारे को केवल प्रतीकात्मक रूप से साल में दो माह ही चलाया जाता है, जबकि इसकी देखरेख पूरी तरह से उपेक्षित है। उन्होंने कहा कि यह चौराहा हल्द्वानी शहर की पहचान है, लेकिन यहां अतिक्रमण और गंदगी के कारण बदहाल स्थिति बनी हुई है।

धरने की सूचना पर नगर आयुक्त ऋचा सिंह और लेखाकार गणेश भट्ट मौके पर पहुंचे और पार्षद को सफाई कार्य और फव्वारा दोबारा चालू कराने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद पार्षद ने धरना समाप्त किया गया।

नगर आयुक्त के निर्देश के बाद तत्काल सफाई अभियान शुरू किया गया, साथ ही खराब लाइटों और फव्वारे की मरम्मत का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। पार्षद जोशी ने यह भी आरोप लगाया कि फव्वारे के सामने की सड़क अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी है, जहां ठेले और व्यवसायियों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने नगर आयुक्त से इस क्षेत्र में सख्त अतिक्रमण हटाने की मांग की। नगर निगम ने आश्वस्त किया है कि न केवल फव्वारे को दोबारा शुरू किया जाएगा, बल्कि क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कर इसे फिर से 'शहर की शान' बनाया जाएगा।

## एसटीएच में नई जगह पर खुलेगी फार्मेसी

अच्छी खबर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में नई जगह फार्मेसी खोलने की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्य गेट के समीप जहां पहले अनुबंध पर मेडिकल स्टोर था, उस जगह पर फार्मेसी खोली जाएगी। यहां पुरानी फार्मेसी की अपेक्षा ज्यादा काउंटर होंगे।

एसटीएच में अभी इमरजेंसी के पास में निशुल्क फार्मेसी है और यहां केवल दो काउंटर हैं। एसटीएच में एक दिन में 1500 से 1800 मरीज ओपीडी आते हैं। इन मरीजों को निशुल्क दवाएं अस्पताल से ही दी जाती हैं। निशुल्क फार्मेसी में केवल दो ही काउंटर होने की वजह से एक मरीज को दवा लेने में एक से दो घंटे का समय लग जाता है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार नई फार्मेसी में कम से कम चार काउंटरों की व्यवस्था की जाएगी। दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से काउंटर बनाया जाएगा। चार काउंटर होने की वजह से मरीजों को जल्दी दवाएं मिल जाएंगी। उम्मीद है कि अगले एक माह में नई फार्मेसी में दवा मिलना शुरू हो जाएगी। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि काम को तेजी के साथ किया जा रहा है। अभी रंगोरोगन करवाया जा रहा है। फार्मेसी खुलने से मरीजों को काफी लाभ होगा।

## एमबीबीएस के 4 छात्र हॉस्टल से निष्कासित

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज के छात्रावास के अंदर चार मेडिकल छात्रों को शराब पीना महंगा पड़ गया। उन्हें छात्रावास प्रशासन की कार्रवाई को झेलना पड़ा है।

मिली जानकारी के अनुसार अभी हाल में ही एमबीबीएस के चार छात्र हॉस्टल के अंदर शराब पी रहे थे। इसकी जानकारी छात्रावास प्रशासन को मिली। उन्हें जांच की तो मामला सही पाया गया। छात्रों की यह हरकत छात्रावास नियमों का उल्लंघन है। इस आधार पर इन चारों छात्रों को हॉस्टल से ही निष्कासित कर दिया गया। यह कार्रवाई में मेडिकल कॉलेज में चर्चा की विषय बनी हुई है। छात्रावास अधीक्षक डॉ. आरजी नौटियाल ने बताया कि दोषी छात्रों को हॉस्टल से निष्कासित कर दिया गया है।

# तीन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- जयपुर से ड्यूटी कर लौटे युवक की मौत की जांच में जुटी पुलिस
- युवक के पिता का इंतजार मंगलवार को होगा पोस्टमार्टम

**अमृत विचार :** बीएसएफ के सेवानिवृत्त जवान समेत तीन लोगों को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मरने वालों में एक महिला और एक युवक भी शामिल है। युवक ड्यूटी से लौटा था और जिस दिन लौटा था उसी दिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दो शवों के पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिए हैं। जबकि युवक के शव पोस्टमार्टम मंगलवार को उसके पिता के आने के बाद होगा।

मूलरूप से शांतिपुरी नंबर 4 निवासी गंगा सिंह मेहता (48 वर्ष) पुत्र दीवान सिंह बीएसएफ से सेवानिवृत्त हैं और गायत्रीनगर शिवालिक विहार शीशमहल में पत्नी व दो बच्चों के साथ रहते थे। पुलिस के मुताबिक सोमवार को गंगा अचानक घर में बेहोश हो गए। उन्हें बेस ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दूसरे मामले में ब्यूरा खाम काठगोदाम निवासी हैप्पी कोहली (29 वर्ष) पुत्र नंद प्रकाश जयपुर स्थित एक कंपनी में काम करता था। परिजनों के मुताबिक हैप्पी सोमवार को छुट्टी लेकर जयपुर से घर लौटा था। घर पहुंचने के कुछ देर बाद ही उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उसे एसटीएच ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हैप्पी के पिता नंद प्रकाश बीएसएफ में हैं और बंगाल में उनकी पोस्टिंग है। जिस वजह से सोमवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका। वहीं तीसरे मामले में मूलरूप से रामपुर उत्तर प्रदेश के रहने वाले देवेंद्र मौर्या अपनी 29 वर्षीय पत्नी विनीता व ढाई माह के बेटे के साथ भगवानपुर मुखानी में रहते हैं। वह एक नाइट क्लब में सुरक्षा गार्ड हैं। कुछ वर्ष पूर्व ही दोनों की शादी हुई थी। विनीता की रविवार को अचानक हालत बिगड़ गई और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मजिस्ट्रेट की निगरानी में विनीता के शव को पोस्टमार्टम कराया गया।

### सिरोड़ी की पूर्व प्रधान के पुत्र की मौत

**नैनीताल, अमृत विचार :** सिरोड़ी गांव की पूर्व ग्राम प्रधान नीमा बिष्ट के 17 वर्षीय बेटे ऋतुराज सिंह बिष्ट की रविवार देर शाम संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घटना के समय वह घर पर अकेला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। देर शाम पूर्व प्रधान नीमा बिष्ट घर पहुंचीं तो उन्होंने बेटे ऋतुराज को घर में नहीं पाया। काफी खोजबीन के बाद जब उसका पता नहीं चला तो उन्होंने आसपास के लोगों को सूचना दी। लोगों की मदद से उसकी तलाश के दौरान ऋतुराज घर के एक कमरे में अचेत अवस्था में मिला। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। रात करीब 11 बजे कोतवाली प्रभारी उमेश मलिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। कोतवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। कोतवाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

## होटल कर्मी की मौत में अज्ञात पर मुकदमा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** होटलकर्मी को स्कूटी ने टक्कर मार दी थी जिसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मूलरूप से सूरी रानीखेत अल्मोड़ा निवासी खीम सिंह परिहार (44 वर्ष) पुत्र उच्छाप सिंह शीशमहल स्थित एक होटल में कर्मी था। शनिवार रात काम खत्म होने के बाद वह साथियों के साथ पैदल घर जा रहे थे। तभी एक स्कूटी ने टक्कर मार दी। साथियों ने उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में टक्कर मारने वाले स्कूटी सवार को भी चोट आई है। काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मृतक के साले बालम सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज किया है।

आरोप

कमेटिया नाले की एक अतिक्रमणकारी ने प्रशासन व नगर निगम के खिलाफ भेदभाव की शिकायत की

# मेरा घर तोड़ दिया बाकी सब को छोड़ दिया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कमेटिया नाले की एक अतिक्रमणकारी ने प्रशासन व नगर निगम पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई में भेदभाव का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बरसाती नाले में लगभग 40 मकान बने हैं लेकिन प्रशासन व नगर निगम ने सिर्फ उनका मकान ही ध्वस्त किया और बाकी छोड़ दिए।

मुन्नी मौर्या पत्नी राम किशोर मौर्या ने सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपकर कहा कि वह पिछले 10 वर्षों से जवाहर ज्योति कालिका मंदिर के निकट कमेटिया बरसाती नाले के किनारे परिवार के साथ रहती हैं। आरोप लगाया कि बीती 28 जून को प्रशासन व नगर निगम की संयुक्त टीम ने उनका मकान जेसीबी से तोड़ दिया। इसके पीछे वजह बरसाती नाले में अतिक्रमण बताया गया। आरोप लगाया कि कमेटिया बरसाती नाले पर हरिपुर गांगू स्कूल, नशा मुक्ति केंद्र के पीछे भी कमेटिया बरसाती नाले में मकान बने हैं जो पूरी तरह अतिक्रमण हैं। फिर भी उन मकानों को छोड़ते हुए अतिक्रमण के नाम पर सिर्फ उन्हीं का घर ध्वस्त किया गया जो कि सरासर अन्याय है। उन्होंने भेदभाव का आरोप लगाया और कमेटिया बरसाती नाले में लगभग 40 अवैध ढंग से बने मकानों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। सिटी मजिस्ट्रेट जीएस चौहान ने शिकायत पर जांच की बात का आश्वासन दिया है।


कमेटिया नाले में इस तरह किया गया है अवैध निर्माण। ● अमृत विचार

## मंगलसूत्र लूटकर ट्रेन से फरार हुआ लुटेरा

**हल्द्वानी :** पंतनगर रेलवे स्टेशन पर महिला के साथ लूट हो गई। लुटेरा महिला के गले में पड़ा मंगलसूत्र लूटकर ट्रेन से फरार हो गया। फुटहिल सिटी कॉलोनी कमलुवागांजा निवासी आनंदी कुंजवाल के बेटे को आगरा जाना था। बेटे का रिजर्वेशन पंतनगर रेलवे स्टेशन से था। बीती पांच जुलाई को वह बेटे को आगरा जाने वाली ट्रेन में बैठाने रेलवे स्टेशन पहुंची। बेटे को ट्रेन में बैठाने के बाद जैसे ही ट्रेन आगे बढ़ी एक लुटेरे ने उनके गले में पड़ा मंगलसूत्र लूट लिया और चलती ट्रेन से फरार हो गया। जीआरपी थानाध्यक्ष नरेश कोहली ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

# आईजी ने मालखाने में 40 साल से बंद मादक पदार्थों को नष्ट करवाया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- कुमाऊं के विभिन्न मालखानों में जमा था 914 किग्रा मादक द्रव्य
- वर्ष 2022 से अब तक की सबसे बड़ी खेप जलाई



**अमृत विचार :** कुमाऊं में नशे की अब तक की सबसे बड़ी खेप जलाई गई है। आईजी रिद्धिम अग्रवाल के निर्देश पर नशे की उस खेप को मालखानों से बाहर निकाला गया, जो पिछले 40 सालों से मालखानों में पड़े-पड़े सड़ रही थी। कुमाऊ के सभी जिलों में कुल 324 अभियोगों से जब्त 914.91 किलोग्राम मादक पदार्थों को ग्लोबल इनवायरमेंटल साल्यूशन, लम्बाखेड़ा खानपुर रुद्रपुर में जलाया गया। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यवाही सोमवार को की गई। जलाए गए मादक पदार्थों की मात्रा अब तक के वर्षों में की गई कार्रवाई में सर्वाधिक है। यदि पिछले वर्षों की तुलना की जाए तो वर्ष 2022 में 53 अभियोगों में 292 किग्रा, वर्ष 2023 में 134 अभियोगों में 719 किग्रा, वर्ष 2024 में 77 अभियोगों में 57.699 किग्रा और वर्ष 2025 में 324 केसों में 914.91 किलोग्राम मादक पदार्थ को नष्ट किया गया। बता दें कि आईजी ने इस काम में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए थानों से खुद संपर्क किया। विशेष अभियान के तहत वर्ष 1985, 1995 और 1998 जैसे पुराने केसों में मालखानों में वर्षों से लंबित जब्त मादक पदार्थों सहित वर्ष 2025 तक के मालों को चिन्हित कर निस्तारित किया। आईजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निस्तारण की प्रक्रिया शीघ्र, पारदर्शी और पूर्णतः विधिसम्मत होनी चाहिए। जिससे न केवल पुलिस मालखानों पर भार कम हो, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में भी गति और स्पष्टता आए।

# नंदा देवी महोत्सव की तैयारियां समय से पूरी करें

## पहाड़ी उत्पादों से संबंधित लगाई जाएगी प्रदर्शनी, जिलाधिकारी ने सोमवार को महोत्सव को लेकर की बैठक

संवाददाता, नैनीताल


नंदा देवी महोत्सव को लेकर बैठक लेतीं जिलाधिकारी वंदना सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नंदा देवी महोत्सव के आयोजन को लेकर नैनीताल में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने नगर पालिका, रामसेवक सभा और जिला क्रीड़ा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें राम सेवक सभा से आए आयोजकों ने मेले की विभिन्न व्यवस्थाओं, तैयारियों व कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में जिलाधिकारी के समक्ष विभिन्न प्रस्ताव रखे। उन्होंने राम सेवक प्रांगण मंदिर परिसर में होने वाले कार्यक्रमों व डोला मार्ग आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि नंदा देवी महोत्सव को भव्य एवं धार्मिक मेले के स्वरूप में संपन्न कराना है। इसके लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। डीएम ने मेले की विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को अभी से सभी व्यवस्थाओं के टेंडर की कार्यवाही करते हुए सभी आयोजन स्थलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं यथा समय पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला स्थल का समतलीकरण सहित अन्य कार्य कराने के निर्देश अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग को दिए। इसके अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट मरम्मत के अतिरिक्त झूलते विद्युत तारों को ठीक करने के निर्देश विद्युत एवं नगर पालिका के अधिकारियों को दिए। डीएम ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि नगर में बिना विभाग की अनुमति के विद्युत पोलों में जो भी तार लगाए गए हैं, उन्हें तत्काल हटाया जाएं। डीएम ने मेले के दौरान नगर की सुंदरता को बढ़ाए जाने के लिए नगर पालिका, होटल एसोशिशन, व्यापार मंडल नगर को विद्युत मालाओं आदि से सजावट करने के लिए कहा।

सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस विभाग को नैनीताल समेत आसपास के इलाकों में पुलिस टीम की तैनाती करने एवं अभी से सत्यापन व चेकिंग के निर्देश दिए। नगर में ई टायलेट व भंडारे के दिन पेयजल व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। उन्होंने महोत्सव में पहाड़ी उत्पादों और उत्तराखंड के हस्तशिल्प व हस्तकला सहित हथकरघा को प्राथमिकता देते हुए प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए। बैठक में पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल, एडीएम विवेक राय, शैलेन्द्र सिंह नेगी, एसडीएम नैनीताल नवाजिस खलीक, धारी केएन गोस्वामी, आरटीओ गुरदेव सिंह, ईओ रोहताश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### नंदा देवी महोत्सव को सफल बनाने का आह्वान

**भवाली :** नंदा देवी महोत्सव 2025 के सफल आयोजन के लिए पौराणिक देवी मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रधान पुजारी मोहन चंद्र कपिल ने सभी से एकजुट होकर इस महोत्सव को सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान गत वर्ष के आयोजन के आय-व्यय का ब्यौरा रखा गया। कमेटी अध्यक्ष के चयन को लेकर थोड़ी देर के लिए माहौल गर्म हो गया। मंदिर के पुजारियों का कहना था कि यह कोई राजनैतिक कार्यक्रम नहीं है, जोकि इसमें अध्यक्ष या अन्य पदों की नियुक्ति हों। वे स्वयं ही इसका सफल आयोजन करेंगे और अन्य लोग अपना योगदान दे सकते हैं। इस पर ध्वनीमत से सहमति बनी। पुजारी दीपक कपिल ही इस कार्यक्रम को आयोजित करेंगे। कोई अध्यक्ष या सचिव नहीं होगा। प्रधान पुजारी मोहन कपिल, पंकज कपिल, इंदर कपिल व दीपक कपिल आयोजक टीम के मुखिया होंगे। 29 अगस्त को कदली वृक्ष लेने श्रदालु जाएंगे। केले के वृक्ष का पूजन 28 अगस्त को किया जाएगा। 30 अगस्त को कलश यात्रा होगी। 31 अगस्त को मूर्ति निर्माण के साथ प्राण-प्रतिष्ठा के बाद एक सितंबर से मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोला जाएगा। 3 सितंबर को डोला भ्रमण व मूर्ति विर्सजन के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम रामलीला मैदान में होंगे। बैठक में कंचन सुयाल, लोकेश जोशी, हरिशंकर कांडपाल, नरेश पांडे, कंचन शाह, अमित पांडे, अलोक कनौजिया, चंदू व भोलू आदि मौजूद रहे।

### नशेड़ी ने हाईवे पर दौड़ाया ई-रिक्शा, दो घायल

**हल्द्वानी :** शराब पीकर वाहन चलाने से राहगीरों की जान सांसत में पड़ गई। एक शराबी चालक ने नशे में धुत होने के बाद अपने ई-रिक्शा को हाईवे पर दौड़ा दिया। जिससे एक महिला और एक पुरुष उसकी चपेट में आकर घायल हो गए। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हुआ है। पुलिस ने आरोपी रिक्शा चालक को हिरासत में लेकर ई-रिक्शा को सीज कर दिया है। यह घटना सोमवार की है। ऊंचापुल की ओर से मुखानी चौराहे की ओर जा रहे तेज रफ्तार ई-रिक्शा चालक ने दोनों घटनाओं को पीलीकोठी चौराहे के पास अंजाम दिया। पहले उसने एक महिला को अपनी चपेट में लिया। जोरदार टक्कर से महिला उछल कर दूर जा गिरी और घायल हो गई। इसके बाद भी ई-रिक्शा की रफ्तार कम नहीं हुई और पुरुष को अपनी चपेट में ले लिया। महिला की पहचान पीलीकोठी निवासी सुनीता पंत और पुरुष की पहचान ऊंचापुल निवासी राजेश तिवारी के रूप में हुई है। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी हो गई। पुलिस ने आरोपी ई-रिक्शा चालक लाइन नंबर-17 निवासी हामिद को हिरासत में ले लिया। एल्कोमीटर से जांच में नशे पुष्टि हुई है। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि आरोपी का एमवी एक्ट में चालान किया गया है।

## सार-संक्षेप


स्वास्थ्य शिविर में मौजूद मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक। ● अमृत विचार

### 100 से अधिक ग्रामीणों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**हल्द्वचौड़ :** ग्राम पंचायत पदमपुर देवलिया मोटाहल्दू में कम्युनिटी मेडिकल विभाग राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में नेत्र जांच, शुगर जांच, बीपी जांच व 18 साल से कम उम्र की किशोरियों की हीमोग्लोबिन जांच की गई। इस दौरान दवाइयां भी दी गई। शिविर का शुभारंभ निवर्तमान ग्राम प्रधान रमेश चंद जोशी ने किया। कॉलेज की ओर से डॉक्टर प्रीता प्रिया, डॉ. ईशान, डॉ. राजनंदनी, डॉक्टर श्रुति, डॉक्टर शिवानी तोमर, डॉ. शिवम बजेठा, डॉ. यशस्वी बमेठा मौजूद थे।

### पुष्पा बनीं भाजपा नौकुचियाताल शक्ति केंद्र संयोजक



**भीमताल :** पुष्पा जोशी को भाजपा नौकुचियाताल शक्ति केंद्र संयोजक बनाया गया है। पुष्पा जोशी को नौकुचियाताल, सिलोटी, चनौती, नौल, थपलिया सहित मलुवाताल, जंगलियागांव व पांडे गांव क्षेत्रों के बूथों की जिम्मेदारी दी गई है। उनके मनोनयन पर विधायक राम सिंह कैड़ा, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा, बीना आर्या, नितिन राणा, दिनेश सांगुड़ी, भीमताल मंडल अध्यक्ष कमल जोशी, अनिल चनौतिया, गोपाल कृष्ण भट्ट, महेश जोशी, बिशन पोखरिया, बच्ची सिंह मेहता, गोपाल साह, परमानंद दुमका, रतन कुल्याल, देवसिंह नयाल आदि ने हर्ष जताया है।


श्रमदान कर मरम्मत कार्य करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### श्रमदान कर मोटर मार्ग के गड्ढों की मरम्मत की

**भीमताल :** भीमताल-नौकुचियाताल मुख्य मोटर मार्ग पर एक बहुत बड़ा गड्ढा हो गया था। इस वजह से दुर्घटना होने की आशंका के साथ ही जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। आरोप है कि शिकायत के बावजूद इस समस्या का समाधान नहीं किया गया। अब स्थानीय जनता ने स्वयं ही इस स्थान को श्रमदान कर सही कर दिया। इस स्थान से सांगुड़ीगांव व सौनगांव जाने वाला मार्ग भी है। जिसमें भी कई स्थानों पर गड्ढे हो गए थे। पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी बताते हैं कि लोगों ने श्रमदान कर गड्ढों को भरने का कार्य किया। श्रमदान करने वालों में हर्षित आर्य, रमेश लोहनी, नीरज सुयाल, कमल भट्ट, गिरीश चंद आर्य, दिनेश सूर्या, अशोक जोशी, गजेंद्र, प्रमोद सांगुड़ी, भुवन सांगुड़ी, किशन पडियार, सुरेश सुनाल, रोहित कुमार, नीरज पांडे, बीडी पलड़िया, हिमांशु सनवाल, नीरज सांगुड़ी, मनोज पलड़िया, राकेश सांगुड़ी, विनीत लोशाली, तरुण सांगुड़ी व विनोद नौगाई आदि शामिल रहे।


रामनगर में सत्यापन अभियान चलाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

### अभियान में 17 चालान किए, 3250 का जुर्माना वसूला

**रामनगर :** रामनगर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस प्रशासन की ओर से सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान जिन लोगों का किरायेदार और बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन नहीं पाया गया, उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई है। रामनगर सीओ सुमित पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस की अलग-अलग टीमों ने मोहल्ला खताड़ी एवं गूलरघटी क्षेत्र में पुलिस ने 81 व 83 पुलिस एक्ट के तहत 17 लोगों का चालान करने की कार्रवाई की है। इनसे 3250 रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। इसके साथ ही 6 कोर्ट चालान 60 हजार रुपए के किए गए है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अभियान में कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल, एसआई धर्मेंद्र कुमार, एसआई मोहम्मद सादिक, एसआई गगनदीप सिंह, कांस्टेबल संजय सिंह, कांस्टेबल बिजेंद्र गौतम आदि शामिल रहे।

### पलड़ा-देवनगर मार्ग भूस्खलन से बाधित

**नैनीताल :** बारिश के कारण जिले में पलड़ा-देवनगर ग्रामीण मार्ग भूस्खलन से बाधित रहा। नैनीताल-भवाली मार्ग पर भी पहाड़ी से मलबा गिरने से कुछ समय यातायात प्रभावित रहा। प्रशासन ने जेसीबी की मदद से मलबा हटाकर मार्ग सुचारु किया। सुबह करीब 9 बजे तल्लीताल स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में जनसेवा केंद्र के पास एक पेड़ की टहनी टूटकर बिजली के तारों पर गिर गई। इससे परिसर की आपूर्ति बाधित रही। ऊर्जा निगम की अधिकारी कंचन जोशी ने बताया कि विभागीय टीम ने टहनी को हटाकर आपूर्ति सुचारु की।

### 13 को गोवर्धन हॉल में होगी रुद्र पूजा

**नैनीताल :** आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस विमेंस कलेक्टिव नैनीताल की ओर से 13 जुलाई को गोवर्धन हॉल मल्लीताल में रुद्र पूजा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्था प्रतिनिधि रेशमा टंडन ने दी।


प्रदीप चक्रवर्ती को पुरस्कार देते वन मंत्री सुबोध उनियाल। ● अमृत विचार

### प्रदीप को देवभूमि राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार मिला

**नैनीताल:** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के सीनियर अभियंता प्रदीप चक्रवर्ती को देवभूमि राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार वन मंत्री सुबोध उनियाल ने दिया है। एरीज में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय दूरबीनों में बेहतर इंजीनियरिंग कार्य व सामाजिक क्षेत्र में भागीदारी को लेकर देहरादून में आयोजित समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया। वरिष्ठ इंजीनियर प्रदीप चक्रवर्ती एरीज में 19 वर्षों से कार्यरत हैं। देवस्थल में स्थापित की गई आप्टिकल दूरबीन 3.6 मीटर, 1.3 मीटर, 4 मीटर की अंतर्राष्ट्रीय लिक्विड मिरर दूरबीन, मनोरापीक में एसटी रडार समेत कई अन्य विज्ञानी उपकरणों को स्थापित करने में उनका अहम योगदान रहा है। मैकेनिकल कार्यों के बिना ये तमाम सुविधाओं को जुटाना संभव नहीं था। इनके अलावा सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहे हैं। पर्यावरण के प्रति लोगों को तमाम कार्यशालाओं व कार्यक्रमों के माध्यम से सजग करते आ रहे हैं। विज्ञान के प्रति जागरुकता व अंधविश्वास दूर करने को लेकर कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे हैं। इसके अलावा खगोल विज्ञान में क्षुद्रग्रह (एस्टेरॉयड) भी डिटेक्ट कर चुके हैं। प्रदीप चक्रवर्ती को बधाई देने वालों में एरीज निदेशक डॉ. मनीष नाजा, डॉ. जीवन चंद्र पांडे आदि शामिल हैं।

# पुलकित ने आदेश को हाईकोर्ट में दी चुनौती

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलकित आर्य ने कोटद्वार के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अदालत ने सोमवार को सुनवाई के बाद सरकार से आपत्ति पेश करने को कहा है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोटद्वार रीना नेगी की अदालत ने विगत 30 मई को पुलकित आर्य समेत उसके दो अन्य साथियों सौरभ भाष्कर और अंकित गुप्ता को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। भाजपा के पूर्व नेता के पुत्र और ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 201 और 354(ए) के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी है जबकि रिसॉर्ट के प्रबंधक सौरभ भाष्कर और अंकित गुप्ता को भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 302 और 201 के तहत आजीवन कारावास और साक्ष्य मिटाने का दोषी करार दिया गया है। अपील पर वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में सुनवाई हुई। अभियुक्त की ओर से कहा गया कि वह निर्दोष है और उसके खिलाफ परिस्थितिजन्य साक्ष्य हैं। घटना से जुड़े कोई साक्ष्य मौजूद नहीं हैं। सरकार की ओर से कहा गया कि अंकिता का शव चीला बैराज से बरामद हुआ था और अंतिम समय अंकिता इन तीनों के साथ देखी गयी थी। फॉरेन्सिक जांच में भी इनकी लोकेशन वहां पाई गई। यही नहीं, अंकिता ने अपनी व्हाट्सएप चैट में भी इसका जिक्र किया। आरोपियो ने रिसॉर्ट के सीसीटीवी कैमरे बंद करा दिए और डीवीआर से भी छेड़ाखानी की। अदालत ने अपील को सुनवाई के लिये स्वीकार करते हुए सरकार से आपत्ति पेश करने को कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई 18 नवम्बर को होगी।

### हाईकोर्ट ने नहीं दी राणा को राहत, सुनवाई जारी

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने रिश्वत लेने के आरोप में विजिलेंस द्वारा 9 मई को गिरफ्तार किए गए नैनीताल के मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा व कोषागार के लेखाकार बसन्त जोशी की ओर से दायर जमानत अर्जियों पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने आरोपी दिनेश राणा को फिलहाल कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई मंगलवार को भी जारी रखी है। अभी कोर्ट इस मामले में एक विधिक प्रश्न पर सुनवाई कर रही है कि विजिलेंस टीम द्वारा घूसखोर को किसी की शिकायत पर ट्रैप किया जाना चाहिए या जो उसके खिलाफ पेश की गई शिकायत है उसकी जांच करने के बाद के बाद? सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया है जबकि सरकार की तरफ से कहा गया कि जब मामले की जांच हुई तो पाए गए नोटों पर एकाउंटेंट व मुख्य कोषाधिकारी के उंगलियों के निशान पाए गए। इसकी पुष्टि के लिये कांच के गिलास में पानी भरकर व सोडियम कार्बोनेट डाला गया जिसमें आरोपियों के हाथ धोए गए तो पानी का रंग गुलाबी हो गया। नोटों में भी आरोपियों के उंगलियों के निशान लगे हैं इसलिए उन्हें ट्रैप कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



### एकलपीठ ने मांगा जवाब

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने हरिद्वार व देहरादून में व्यावसायिक वाहनों का फिटनेस सेंटर एआरटीओ द्वारा शहर से 20 से 30 किलोमीटर दूर खोले जाने के मामलों पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार सहित परिवहन विभाग से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए चार सप्ताह बाद की तिथि नियत की गई है।

# नहीं बर्दाश्त होगी लापरवाही: एसपी सिटी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के के लिए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र (नोडल अधिकारी निर्वाचन) ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी, जोनल पुलिस अधिकारी, सैक्टर पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी एवं निरीक्षक दूरसंचार के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में तैयारियों की समीक्षा करते हुए एसपी सिटी ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की चूक या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में डेंजर जोन चिह्नित करें और प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा बल व संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। यातायात और थाना प्रभारी मतदान पार्टियों के आवागमन वाले मार्गों का भौतिक निरीक्षण करें, रूट डायवर्जन, पार्किंग स्थल और मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक कंटीजेंसी रूट प्लान तैयार करें।

**संवेदनशील स्थलों का करें संयुक्त निरीक्षण :** एसपी सिटी ने सभी जोनल, सैक्टर अधिकारी और थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्थलों का संयुक्त निरीक्षण कर संवेदनशीलता के वास्तविक कारणों की पहचान करें और उन्हें दूर करने के उपाय करें।

**सख्ती से हो आचार संहिता का पालन :** एसपी सिटी ने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन कराया जाए। अधिक से अधिक निरोधात्मक कार्रवाई करें। निरीक्षक दूरसंचार को निर्देशित किया गया कि शैडो एरिया चिन्हित कर समय रहते संचार प्लान तैयार करें व आपात स्थिति के लिए पर्याप्त बैटरी बैकअप की व्यवस्था करें।

### उम्मीदवारों पर दबाव बना रहे 'माननीय'

**हल्द्वानी :** पूर्व दर्जा मंत्री हरीश पनेरू ने ओखलकांडा ब्लॉक के रिटर्निंग ऑफिसर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने की मांग की है। सोमवार को आरओ को सौंपे ज्ञापन में पनेरू ने कहा कि ओखलकांडा ब्लॉक में ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्यों के नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। आशंका जताई कि सत्ता पक्ष से जुड़े कई माननीयों ने नामांकन पत्र जमा कराने के बहाने से नामांकन फॉर्म गायब करवा दिए हैं। यह भी आरोप लगाया सत्ता पक्ष के माननीय उम्मीदवारों के घर जाकर नाम वापसी का दवाब बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि नाम वापसी तभी स्वीकार्य किया जाए जब स्वयं प्रतिद्वंद्वी आकर कहे। नाम वापसी में प्रत्याशी का होना अनिवार्य किया जाए। तभी निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव हो सकेगा। उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर से इन शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेकर समाधान की मांग की है।


ज्ञापन सौंपते पूर्व दर्जा मंत्री हरीश पनेरू।

### जांच में 15 नामांकन पत्र निरस्त

**भीमताल :** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच के पहले दिन 15 नामांकन पत्रों को निरस्त किया गया। नैनीताल में ग्राम पंचायत सदस्य 3749 पद के लिए 1912 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। जांच में 6 पत्रों को निरस्त किया गया। ग्राम पंचायत प्रधान 475 पद के लिए 1516 नामांकन दाखिल हुए हैं। जांच में 3 नामांकन निरस्त हुए। क्षेत्र पंचायत सदस्य 263 पद के लिए 954 नामांकन दाखिल किए गए हैं, इनमें से चार पत्र निरस्त किए गए। जिला पंचायत सदस्य के 27 पद के लिए 141 नामांकन दाखिल किया गया। दो पत्रों को निरस्त किया गया। नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया नौ जुलाई तक चलेगी।

### बीडीसी में एक नामांकन हुआ रद्द

**हल्द्वानी :** पंचायत चुनाव में हल्द्वानी ब्लॉक में सोमवार को पहले दिन कुल 148 नामांकन पत्रों की जांच हुई है। बीडीसी के लिए किया गया एक नामांकन रद्द कर दिया गया है। इस संबंध में आरओ दिनेश रावत ने बताया कि अभी दो दिन और नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।



### सर्वसम्मति से चुने गए प्रधान

**नैनीताल, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सरगर्मी के बीच भीमताल ब्लॉक की ग्राम पंचायत पनिया मेहता से इंदर सिंह मेहता और पनियाबोर से मनोज कुमार को ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्विरोध ग्राम प्रधान चुन लिया है। दोनों का भीमताल ब्लॉक पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। पनिया मेहता के इंदर सिंह मेहता को लगातार दूसरी बार बिना मुकाबले चुना गया है। उन्होंने कहा कि गांव का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता होगी। वहीं, पनियाबोर के मनोज कुमार ने कहा कि वे गांव के विकास में कोई कमी नहीं रहने देंगे। इस मौके पर डॉ. हरीश बिष्ट, मंदन बोरा, अनिल चनौतिया, चिराग बोरा, नितेश बिष्ट और संजय साह आदि लोग मौजूद रहे।

### ज्योति व राजा का निर्विरोध बीडीसी बनना तय

**भीमताल, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है और अब नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। विकासखंड की रानीबाग ग्राम सभा बड़ी होने के कारण यहां क्षेत्र पंचायत सदस्य के दो पद हैं। शिक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता दीपक नौगाई ने बताया कि ग्रामीणों ने एकजुटता का परिचय देते हुए दोनों ही पदों पर निर्विरोध चयन किया है। क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रथम के पद पर निवर्तमान महिला मंगल दल अध्यक्षा ज्योति डसीला तथा बीडीसी द्वितीय पद पर युवक मंगल दल अध्यक्ष राजा राणा को निर्विरोध चुना है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी। दोनों के निर्विरोध चुने जाने पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया।

APPOINTMENT नियुक्ति

VARUN ARJUN UNIVERSITY

FACULTY REQUIREMENT

| Departments | Vacancies Open |
|---|---|
| Hospital Administration | Assistant Professor |
| Forensic Science | Assistant Professor |
| Computer Application | Assistant Professor |
| Management | Assistant Professor |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to varunarjuntrust@gmail.com

Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India

# हरेला मेले की निविदा को लेकर हुआ हंगामा

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** हरेला मेले को लेकर की जाने वाली निविदा के मुद्दे पर भीमताल नगर पालिका में हंगामा हुआ। स्थानीय व्यापारियों ने आरोप लगाया कि निर्धारित समय के बावजूद समय बढ़ा दिया गया। हालांकि इन व्यापारियों ने निविदा बॉक्स को सील करवा दिया।

मामला 16 से 21 तारीख तक आयोजित होने वाले रामलीला ग्राउंड में हरेला मेले की निविदा को लेकर था। नगर पालिका परिषद में सोमवार को इसके टेंडर होने थे। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि ठेकेदारों के द्वारा 1:00 बजे तक लगभग सभी कार्यों की निविदाएं निविदा बॉक्स में डाल दी गई थी। बताया कि 1:30 बजे के करीब एक अन्य व्यापारी जो दूसरे शहर का था वह वहां पहुंचा। उसने बताया कि वह रास्ते में था, इसलिए निवेदा नहीं डाल पाया। इस संबंध में उसने अधिशासी अधिकारी को अवगत करा दिया था और उसी के कहने पर समय बढ़ाया गया है। जिस पर व्यापारियों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। बताया कि टेंडर के लिए जो समय निर्धारित था, उसी के तहत टेंडर आयोजित किए जाते हैं। हालांकि व्यापारियों ने 1:00 बजे नगर पालिका परिषद के आदेश के तहत टेंडर बॉक्स सील करवा दिया। बाद में बाहर से आए व्यापारी ने भी हंगामा किया। व्यापारियों ने अधिशासी अधिकारी उदयवीर सिंह पर स्थानीय स्तर पर व्यापारियों की अवहेलना करने का आरोप लगाया। चेतावनी दी कि यदि इस निविदा को निरस्त किया गया, तो धरना दिया जाएगा। इस दौरान केडी जोशी, मनोज दुर्ग पाल, पवन बिष्ट व राहुल कनौजिया आदि शामिल रहे।

> मामले की जानकारी मिली है। जांच के आदेश दे दिए गए हैं। **-नवाजिश खलीक**, मेला अधिकारी व उप जिलाधिकारी नैनीताल

> अधिशासी अधिकारी स्थानीय स्तर पर व्यापारियों को अनदेखा करते आए हैं। उनका प्रयास रहना चाहिए कि मेले में अधिक से अधिक स्थानीय व्यापारियों को कार्य मिले। **-राहुल तोमर**, टेंट कारोबारी

> साल भर से इस धार्मिक आयोजन को आयोजित करने का इंतजार रहता है। नियम के मुताबिक निविदा डाली थी। एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए समय को परिवर्तित करने का प्रयास किया गया। जिसका स्थानीय स्तर पर व्यापारी विरोध करते हैं। **-मनोज दुर्गपाल**, अध्यक्ष, सश्क्त उद्योग व्यापार मंडल

> मैं कार्यालय में नहीं था। मेरी जानकारी में 1:00 बजे निविदा बॉक्स बंद कर दिया गया था। उसके बाद क्या हुआ इसकी जानकारी मुझे नहीं है। **-उदयवीर सिंह**, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद

### जिले में तीन दिन तक ऑरेंज अलर्ट

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** मौसम विज्ञान केंद्र ने अनुमान जताया है कि नैनीताल जिले में अगले कुछ दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। साथ ही तापमान में और भी गिरावट आएगी। हल्द्वानी में सोमवार को ज्यादातर समय बादल छाए रहे लेकिन बारिश नहीं हुई। दोपहर बाद धूप निकली और तेज गर्मी का अहसास हुआ। अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्यिस रहा। जिले में 10 जुलाई तक भारी बारिश हो सकती है। ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है।

### आज का मौसम

आसमान में घने बादलों के साथ बारिश होने की संभावना।

27.0⁰ अधिकतम तापमान | 24.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.19 | सूर्यास्त 19.15

### शहर में आज

- अरुणोदय संस्था की ओर से नवाबी रोड स्थित धर्मशाला में वार्षिकोत्सव होगा 4 बजे
- इनर व्हील क्लब की ओर से इंस्टॉल सेरेमनी का आयोजन होगा ब्लू सफायर होटल में 4 बजे

## अत्याधुनिक स्ट्रीट लाइटों की भी हो रही मरम्मत, फायर हाइड्रेंट सिस्टम को रखा गया सुरक्षित स्थान पर

# खबर का असर: स्टेडियम में सफाई कार्य शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** अमृत विचार टीम द्वारा 17 जून को प्रकाशित पड़ताल का असर अब जमीन पर नजर आने लगा है। गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, जिसकी उपेक्षा और जर्जर हालत ने खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों को निराश किया था। खबर के प्रकाशन के बाद खेल विभाग ने संज्ञान लिया है और स्टेडियम में सफाई व मरम्मत कार्य शुरू करवा दिए हैं।




स्टेडियम परिसर में चारों ओर फैली लंबी घास की कटाई शुरू हो चुकी है। मैदान की हालत सुधारने के साथ-साथ पेयजल स्थलों की भी सफाई की जा रही है। खेल विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि मैनपावर की कमी के बावजूद सफाई और मरम्मत को प्राथमिकता दी जा रही है। अत्याधुनिक स्ट्रीट लाइट्स की भी मरम्मत की जा रही है। वहीं, फायर हाइड्रेंट सिस्टम को अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थान पर रखा गया है।

वहीं उपजिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल का कहना है कि स्टेडियम की साफ-सफाई और मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। घास की कटाई, पेयजल स्थलों की सफाई और स्ट्रीट लाइट्स की मरम्मत कार्य किए जा रहे हैं।


अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### मुकेश ने जीता रजत, 18 जुलाई को होंगे सम्मानित



**हल्द्वानी :** अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्तराखंड पुलिस के जवान मुकेश पाल ने शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किया। मामूली अंतर से स्वर्ण पदक चूकने के बावजूद उनका जज़्बा और संयम प्रशंसनीय रहा। मुकेश ने कहा कि यह पदक केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे भारत और ईमानदारी से कर्तव्य निभाने वाले हर नागरिक का है। उनकी विनम्रता और सोच ने उन्हें सिर्फ खिलाड़ी नहीं, बल्कि प्रेरणा बना दिया है। मुकेश पाल को 18 जुलाई को गृह मंत्री अमित शाह की ओर से दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा, जो उत्तराखंड पुलिस और देश के लिए गर्व की बात है।


कारगिल में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक और उनके परिजन।

### कारगिल के शहीदों के बलिदान को याद किया

**हल्द्वानी :** पूर्व सैनिक लीग कार्यालय में सोमवार को कारगिल के शहीदों कै .विक्रम बत्रा, नायक मोहन सिंह व सेना मेडल दीपक कैड़ा को उनके बलिदान के लिए एक विशेष कार्यक्रम कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सर्वप्रथम नायक मोहन सिंह की वीरागना उमा देवी ने बलिदानी सैनिकों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। लीग अध्यक्ष सेनि .कर्नल बीएस रौतेला ने बताया कि आज के दिन 1999 में कारगिल युद्ध चरम पर था। सेनि .कै .सुरेश भट्ट ने बताया कि उनकी पल्टन दो नागा रेजिमेंट को टाइगर हिल की बांयी वाली पहाड़ी पॉइंट 4875 पर कब्जा करने का आदेश मिला था। इसी बीच पाकिस्तान ने तोपखाने की जबरदस्त बमबारी में भारत के आठ जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। जिसमें नायक मोहन सिंह भी थे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त मेजर केएस महर, कै .नारायण दत्त पांडेय, कै .राजेंद्र सिंह, सूबेदार मेजर डीएस कन्याल, सूबेदार पीएस परिहार, शांति चौधरी, पदमा नेगी आदि मौजूद रहे।


नगर निगम सभागार में हुई गोष्ठी में मौजूद लोग।

### वंचितों की आवाज उठाने में मीडिया की अहम भूमिका

**हल्द्वानी :** नगर निगम सभागार में वंचित वर्ग की आवाज उठाने में मीडिया की भूमिका विषय पर चर्चा हुई। इस दौरान पत्रकारों के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. भीमराव आंबेडकर की फोटो पर माल्यापर्ण करके की गई। वंचित स्वर के संपादक डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि आजादी के पहले ही बाबा साहेब ने मूकनायक समाचार पत्र के माध्यम से वंचित वर्ग की आवाज को उठाया था। अखबार का उद्देश्य समाज के दबे-कुचले लोगों की आवाज बनना और उनके दर्द को उजागर करना था। आजादी के बाद संविधान में मिले अधिकारों की बदौलत वंचित वर्ग से कई लोग समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। ऐसे में यह जरूरी बन जाता है कि वंचित वर्ग की आवाज को मीडिया में और भी ज्यादा स्थान मिले। दीपक चनियाल ने कहा कि आज भी दलित, महिलाओं, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। इस दौरान केसी चंद्रा, जीआर टम्टा, नफीस अहमद खान, सुनीता, केसी आर्य, राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### जर्जर पोल से हादसे का डर, अधिकारी बोले होगी कार्रवाई

**हल्द्वानी :** रामपुर रोड के पर्वतीय मोहल्ला गली नंबर 11 में एक जर्जर बिजली का पोल स्थानीय लोगों के लिए खतरे की घंटी बना हुआ है। क्षेत्र में रहने वाले लोगों का कहना है कि यह पोल कभी भी गिर सकता है, जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसके बावजूद विद्युत विभाग की लापरवाही बनी हुई है। समाजसेवी विशाल वर्मा और अंजली वर्मा ने बताया कि उन्होंने इस खतरनाक स्थिति की जानकारी विद्युत विभाग को कई बार दी है, लेकिन अब तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है और न ही पोल को दुरुस्त करने की कोई कार्रवाई हुई है। रोजाना गली से स्कूल जाने वाले बच्चे, काम पर जाने वाले लोग और राहगीर इसी पोल के पास से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। समाजसेवियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही बिजली का पोल दुरुस्त नहीं किया गया तो विभागीय अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार का कहना है मौके पर निरीक्षण के लिए संबधित जेई को भेजा जाएगा। जल्द ही समस्या की समाधान किया जाएगा।


जर्जर बिजली का पोल।

# बेस में मेडिकल के लिए 'महाभारत'

## चिकित्सालय के नेत्र विभाग में मरीजों की कतार, मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने का है भी जिम्मा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर के बेस अस्पताल का नेत्र विभाग इन दिनों एक अजीबोगरीब द्वंद्व का अखाड़ा बन गया है। जहां एक ओर आंखों के मरीज लाइन लगाए घंटों डॉक्टर को दिखाने के लिए परेशान रहते हैं, वहीं दूसरी ओर मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने वालों की भीड़ भी रहती है। इस दबाव की वजह से नेत्र रोग विभाग की ओपीडी पासपोर्ट ऑफिस नजर आती है।

सोमवार को अस्पताल में कुछ ऐसा ही नजारा था। कॉलेज का एक छात्र किसी तरह भीड़ को पार करता हुआ कमरा नंबर 35 में घुस गया और डॉक्टर से विनती करने लगा, 'सर, जल्दी कर दीजिए, मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाना है, लेट हो रहा हूं।' डॉक्टर ने पहले तो कागज पर हस्ताक्षर कर दिए, लेकिन तभी उसे आवाज दी 'तुम्हारा काम जल्दी कर दिया, अब ज़रा बाकी मरीजों की मदद भी कर दो।'

छात्र को रजिस्टर थमा दिया और जिम्मेदारी मिली बाहर खड़े मरीजों के नाम पर्चों से देखकर चढ़ाने की। बेचारा छात्र पहले तो खुश हुआ कि जल्दी निपट गया, लेकिन थोड़ी ही देर में समझ गया कि ड्यूटी लंबी चलने वाली है। जब तक वरिष्ठ चिकित्सक नहीं आए, वह मजबूरी में काम करता रहा। इधर बाहर खड़े मरीजों और उनके तीमारदारों भी परेशान थे। मरीजों का कहना था कि कतार इतनी लंबी है लेकिन कुछ लोग सीधे ही अंदर घुस रहे हैं।


बेस अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने के लिए लगी मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार

### इन उपायों पर डालें दृष्टि तो दूर हों दोष

1 मेडिकल बनवाने वालों के लिए अलग विंडो या काउंटर निर्धारित किया जाए, ताकि इलाज और मेडिकल दो अलग लाइनें बन सकें।

2 भीड़ नियंत्रण के लिए एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की तैनाती की जाए, जो लोगों को क्रम में रखे और व्यवस्था को संभाले।

> नेत्र परीक्षण के लिए एक ही कमरा स्वीकृत है। मेडिकल बनाना भी जरूरी है। हम फिर भी मौजूद संसाधनों में मरीजों को बेहतर सुविधा देने का प्रयास कर रहे हैं। -डॉ. केएस दत्ताल
> पीएमएस, बेस अस्पताल, हल्द्वानी

# डायवर्जन पर जताया विधायक का आभार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्दूपोखरा नायक के क्षेत्रवासियों ने रकसिया नाले का जंगल की ओर डायवर्जन पर विधायक बंशीधर भगत का आभार जताया।

सोमवार को हल्दू पोखरा नायक के क्षेत्रवासी विधायक भगत के ऊंचापुल स्थित आवास पर पहुंचें। उन्होंने विधायक भगत का बुके देकर आभार जताया। उन्होंने कहा कि हर बारिश में रकसिया नाले का पानी खेतों और घरों में घुसकर तबाही मचाता था, जिससे फसलों को नुकसान और जनजीवन प्रभावित होता था। इस नाले को जंगल की ओर डायवर्ट होने से इस समस्या से काफी हद तक निजात मिल गई है। विधायक भगत ने कहा कि टनल ड्रेनेज सिस्टम बनने से नीचे पानी बहेगा और ऊपर से वाहन भी गुजरेंगे। अब जनता को जलभराव की दिक्कत नहीं झेलनी होगी। इस दौरान भवान बिष्ट, प्रकाश पटवाल, चन्दन मेहरा, कमल बिष्ट, संतोष बिष्ट, वीरेंद्र पाल, खजान गयाल, हीरा सिंह, नीमा देवी, बीना पंत, गंगा, गंगोत्री, कविता, भावना पंत, हेमा बिष्ट, शंकर दत्त पंत रहे।


विधायक भगत का आभार जताते हल्दूपोखरा नायक के ग्रामीण। ● अमृत विचार

# कब्रिस्तान कमेटी भंग मृत्यु प्रमाण-पत्र अटके

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नगर निगम में इन दिनों एक समुदाय विशेष के लोग अपने परिजनों के मृत्यु प्रमाण पत्र (डेथ सर्टिफिकेट) के लिए परेशान हो रहे हैं, लेकिन प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पा रहे हैं। नगर निगम के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय से उन्हें रसीद के अभाव के चलते लौटा दिया जा रहा है, जिससे परेशान होकर लोग नगर आयुक्त ऋचा सिंह से सीधे मुलाकात कर रहे हैं।

दरअसल, पूर्व में फर्जी डेथ सर्टिफिकेट जारी करने के एक मामले के चलते राजपुरा कब्रिस्तान कमेटी को भंग कर दिया गया है। कमेटी भंग होने के बाद अब यहां बिना किसी वैध रसीद के शवों को दफनाया जा रहा है, जिससे संबंधित व्यक्ति के परिजन नगर निगम में प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन रसीद नहीं होने के कारण उनका आवेदन स्वीकार नहीं हो रहा है। सोमवार को वार्ड 26 के पार्षद प्रतिनिधि एक व्यक्ति के डेथ सर्टिफिकेट की समस्या लेकर नगर आयुक्त ऋचा सिंह के पास पहुंचे। जब नगर आयुक्त ने कब्रिस्तान की रसीद मांगी, तो बताया गया कि वर्तमान में कमेटी ही नहीं है, इसलिए रसीद नहीं दी गई।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि नगर निगम बिना आवश्यक दस्तावेजों के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पूर्व में फर्जी प्रमाण पत्र जारी होने की शिकायत सामने आ चुकी है। ऐसे में अब किसी भी स्थिति में नियमों से समझौता नहीं किया जाएगा।

# संगठन की सदस्यता बढ़ाने पर की चर्चा

- काठगोदाम में ऑल इंडिया एससी-एसटी रेलवे एंप्लॉयी एसोसिएशन की बैठक संपन्न

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया एससी-एसटी रेलवे एम्पलाई एसोसिएशन की इज्जतनगर मंडल की काठगोदाम शाखा पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेल कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं और संगठन की सदस्यता बढ़ाने पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में रेलकर्मियों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं और सुझावों को साझा किया। बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि संगठन हमेशा उनके हितों के लिए तत्पर है और किसी भी समस्या के समाधान के लिए संगठन के दरवाजे हमेशा खुले हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में संगठन को और सशक्त बनाने के लिए सदस्यता अभियान को तेज किया जाएगा और कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा। इस दौरान एसोसिएशन के जोनल अध्यक्ष माननीय बच्चू लाल, इज्जतनगर मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार, मंडल मंत्री प्रवीन प्रकाश निश्चल, मंडल कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार, काठगोदाम शाखा के कोषाध्यक्ष बजरंग प्रसाद, उपाध्यक्ष करम सिंह तोमर, सहायक सचिव विजय सिंह, संगठन मंत्री सुधीर कुमार, बने सिंह, सुभाष चन्द्र जोशी, अमित कुमार, चम्पा देवी और मलखान मीणा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।


रेलवे एंप्लॉयी यूनियन की बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# हाईवे पर लगाए गए फल-फूल वाले पौधे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जंगलात ने रुद्रपुर हाईवे पर दोनों तरफ छात्यों, मौलसरी समेत पड़ोसी राज्यों की कई फूलदार पौधों की प्रजातियां लगाई हैं। जिन्होंने अब लहलहाना शुरू कर दिया है।

तराई केंद्रीय वन डिवीजन के डीएफओ उमेश चंद्र तिवारी ने बताया कि वन विभाग ने राष्ट्रीय राजमार्ग-87 के चौड़ीकरण के बाद हाईवे के दोनों तरफ पौधरोपण किया है। इनमें पड़ोसी राज्यों की छात्यों, मौलसरी, अमलतास, गोल्ड मोहर, आम, जामुन, कचनार आदि प्रजातियों के कुल पौध 1,064 पौधे रोपे हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में 49.20 लाख रुपये का बजट दिया गया था लेकिन इनमें 5,13,868 रुपये शासन को सरेंडर कर दिया। इस तरह 44,06,132 रुपये पौधरोपण में व्यय हुए। पौधे की सुरक्षा के लिए ईंट का ट्री गार्ड भी बनाया गया है। ट्री गार्ड को बनाने में 3705 रुपये का खर्च हुआ है। एक पौधे को लगाने में 432 रुपये व्यय हुआ है।


हाईवे पर लगाए पौधे।



## एक नजर

### घर से लापता नाबालिग हरिद्वार से हुए बरामद

**बाजपुर :** चार दिन पहले बिना बताए घर से लापता हुए दो नाबालिग दोस्तों को पुलिस ने हरिद्वार से सकुशल बरामद कर लिया है, जिन्हें जरूरी लिखा-पढ़ी करके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। ग्राम बरहैनी निवासी दो नाबालिग चार जुलाई को दिन में घर पर बिना बताए कहीं चले गए थे, जो भटक कर हरिद्वार पहुंच गए। मामला सामने आने पर चौकी बरहैनी पुलिस ने नाबालिग बच्चों को सोमवार को हरिद्वार से सकुशल बरामद कर लिया है, जिन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बच्चों के सकुशल बरामद होने पर परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। उन्होंने पुलिस का आभार जताया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अशोक कांडपाल, हेड कांस्टेबल प्रह्लाद मेहरा, कांस्टेबल सुनील कुमार, दलीप सिंह फर्त्याल आदि शामिल रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

**सूचना**
मेरे सैन्य अभिलेखों में पत्नी का नाम नेहा सामन्त दर्ज है। जो गलत है। मैं सही नाम नेहा बोरा दर्ज करना चाहता हूं। आर्मी नंबर 4205741 K रैंक हवलदार कमलेश सिंह बोरा।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या UK0620140091897 में त्रुटिवश पिता का नाम राम वैदनाथ दर्ज हो गया है। सही नाम बैजनाथ है। मेरे पिता को उनके सही नाम से जाना पहचाना जाए। - सोहन कुमार पुत्र बैजनाथ, निवासी आजाद वार्ड नं.-01, शक्तिगढ़, तहसील- सितारगंज (उधमसिंहनगर) उत्तराखण्ड

# स्वच्छ काशीपुर-स्वस्थ काशीपुर का लिया संकल्प

## महापौर बाली ने व्यापारियों को निःशुल्क कूड़ादान किए वितरित, लोगों से अभियान में निगम के सहयोग की अपील

अभियान

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** स्वच्छ काशीपुर-स्वस्थ काशीपुर संकल्प के तहत शहर को स्वच्छ रखने की मुहिम के तहत नगर निगम ने व्यापारियों को निःशुल्क कूड़ादान बांटे। महापौर दीपक बाली ने निगम सभागार में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा के साथ नगर निगम द्वारा निःशुल्क कूड़ादान वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इन डस्टबिनों में सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग रखा जाएगा।

सोमवार को नगर निगम सभागार में लोगों को संबोधित करते हुए महापौर दीपक बाली ने कहा कि बरसात में जलभराव न हो इसके लिए नगर निगम दिन-रात अभियान छेड़े हुए हैं और नाले व नालियों की सफाई के साथ-साथ शहर की सड़कों का सफाई अभियान भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। उन्होंने नगर की जनता से भी अनुरोध किया कि वह भी इस सफाई अभियान में बढ़ चढ़कर नगर निगम का सहयोग करें, ताकि काशीपुर को स्वच्छ सुंदर और स्वस्थ बनाने का सपना साकार हो सके। जिससे काशीपुर प्रदेश के स्वच्छ शहरों में प्रथम स्थान पा सके। महापौर बाली ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जब तक जनता का सहयोग नहीं मिलेगा, तब तक शहर साफ नहीं होगा। आज लोग सफाई के मामले में इंदौर का उदाहरण देते हैं, लेकिन इंदौर को साफ करने में वहां की जनता सहयोग करती है। काशीपुर की जनता के लिए इस मुहिम में दुकानदारों का सहयोग भी बहुत आवश्यक है, क्योंकि बाजार स्वच्छ रहेंगे तो दुकानदारों और ग्राहकों का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा।



काशीपुर में नि :शुल्क कूड़ादान वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन करते मेयर, विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

इस अवसर पर विभिन्न क्लब एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी काशीपुर को साफ और स्वच्छ बनाने में सहयोग का पूर्ण समर्थन दिया। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा कि जनता की जागरुकता के बगैर शहर सुंदर नहीं बन सकता, लिहाजा सबको मिलकर कदम उठाने होंगे। महापौर दीपक बाली, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने नगर आयुक्त रविंद्र कुमार बिष्ट के साथ मिलकर डस्टबिन से भरी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन डस्टबिनों को स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पूरे बाजार में वितरित करेंगी।

इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष विनीत सिंगल, मनोज चौधरी राजीव खरबंदा, मुक्ता सिंह, मनीष बंसल, रोटरी क्लब से अभिलाष कमानी, केडीएफ से राजीव घई, तराई इंडिपेंडेंट स्कूल के अनुराग सिंह, आलोक गोयल अभिषेक जिंदल व संजय अग्रवाल, लायंस क्लब ग्रेटर से गौतम मेहरोत्रा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक गोयल, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, आनंद वैश्य, राहुल पैगिया, पार्षद शिवांश गोले, दीपा पाठक, पुष्कर बिष्ट, शाह आलम, मयंक मेहता, प्रिंस बाली आदि मौजूद रहे।

# अब कूड़ा फेंकने वालों पर होगी निगम की सीधी नजर

- निगम करेगा कंट्रोल रूम तैयार 40 वार्डों की होगी निगरानी
- जहां-तहां कूड़ा फेंकने वालों को फोटो के साथ भेजा जाएगा चेतावनी पत्र

कुंदन बिष्ट, काशीपुर

**अमृत विचारः** शहर को साफ रखने के लिए निगम ने नई पहल पर काम शुरू कर दिया है। निगम अब जहां तहां कूड़ा फेंकने वालों पर नजर रखेगा। इसके लिये बकायदा एक कंट्रोल रूम भी तैयार किया जाएगा। जहां से सभी वार्डों पर नजर रखी जाएगी।


मेयर दीपक बाली।

सोमवार को नगर निगम सभागार में लोगों को संबोधित करते हुए मेयर दीपक बाली ने कहा कि शहर को शहरवासियों की मदद से ही स्वच्छ बनाया जा सकता है। इसके लिये लोगों को स्वयं भी जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि निगम एक नई पहल पर काम कर रहा है। जिसके तहत निगम परिसर में ही एक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। निगम के जितने भी कूड़ा उठाने वाले वाहन हैं उन्हें जीपीएस सिस्टम से लेस किया जाएगा। बताया कि अगस्त माह में निगम को कई नए कूड़ा वाहन मिलने जा रहे हैं। इससे वार्डों में कूड़ा उठाने के लिये वाहनों की कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम से शहर के सभी 40 वार्डों पर नजर रखी जाएगी। शहर में यदि किसी ने सड़क या खाली प्लाट पर कूड़ा फेका तो तुरंत उसकी फोटो खींच ली जाएगी और नगर निगम से उसके पास फोटो सहित चेतावनी पत्र आ जाएगा। इतना ही नहीं निगम कई ऐसी भी टीम बनाएगा जो हर वार्ड में घूमकर यह देखेगी कि कौन कूड़ा प्लाट में फेंक रहा है या जला रहा है। उसके बाद उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई भी जाएगी।

### दो पक्षों में मारपीट युवक घायल

**बाजपुर :** कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में शहरभर से लोग सुबह-सायं घूमने जाते हैं। रविवार की देर रात अनाज मंडी में खड़े कुछ युवक गाली-गलौज कर रहे थे, जिस पर एक व्यक्ति ने उन्हें टोकते हुए गाली-गलौज नहीं करने की बात कही। इसको लेकर उसकी युवकों से बहसबाजी हो गई। आरोप है कि इसी बीच युवकों ने राजू पर हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा की नई कमेटी को किया सम्मानित


किच्छा में गुरुद्वारा कमेटी को सम्मानित करते विधायक तिलकराज बेहड़।

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** विधायक तिलकराज बेहड़ ने गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब की नवगठित कमेटी के पदाधिकारियों का शॉल ओढ़ाकर एवं फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सभी पदाधिकारियों को मनोनयन की बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि सभी पदाधिकारी कमेटी में अपनी अहम भूमिका निभाकर सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में भागीदारी निभाएंगे। विधायक बेहड़ ने गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान देवेंद्र सिंह मंड, उप प्रधान परमजीत सिंह, सेक्रेटरी करमजीत सिंह रंधावा, सह सेक्रेटरी जसपाल सिंह, कोषाध्यक्ष दलजीत सिंह बग्गा, सह कोषाध्यक्ष गुरजस पाल सिंह, स्टेज सेक्रेटरी निर्मल सिंह हंसपाल को सम्मानित कर दायित्व दिए जाने पर बधाई दी। गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों ने विधायक बेहड़ को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका आभार जताया और भरोसा दिलाया कि सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में गुरुद्वारा कमेटी अपना पूरा सहयोग अदा करेगा। इस मौके पर तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गृह मंत्री शाह के संभावित दौरे को प्रशासन अलर्ट

- 19 जुलाई की है संभावना, डीएम ने किया निरीक्षण
- स्पोर्ट्स स्टेडियम में औद्योगिक प्रदर्शनी की रूपरेखा जानी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** 19 जुलाई को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में होने वाले औद्योगिक प्रदर्शनी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संभावित भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। जिसको लेकर डीएम ने कार्यक्रम स्थल का मौका मुआयना किया और तैयारियों को जायजा लिया। उन्होंने आदेशित किया कि पुलिस एवं प्रशासन समाजस्य बनाकर बेहतर तैयारी करे। ताकि केंद्रीय गृह मंत्री के आने पर कोई भी अव्यवस्था पैदा नहीं हो।

सोमवार को डीएम नितिन भदौरिया, सीडीओ दिवेश शाशनी और एस पी सिटी उत्तम सिंह नेगी के साथ स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचे और औद्योगिक प्रदर्शनी कार्यक्रम की रूपरेखा को जाना। उन्होंने बताया कि 1 9 जुलाई को होने वाली एक्सपो औद्योगिक प्रदर्शनी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आने की प्रबल संभावनाएं है। जिसके तहत वह प्रदर्शनी का निरीक्षण और उद्योगपतियों के साथ एक बैठक प्रस्ता वित हुआ है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी आपसी सामंजस्य बनाकर सुरक्षा, व्यवस्था को बेहतर बनाएं। साथ ही हमेशा सजग रहे और कार्यक्रम में आने की पुष्टि हो या नहीं। इस के बाद भी अपनी तैयारियां पूर्ण रखे। ताकि आगमन पर अव्यवस्था का बोलबाला नहीं हो। उन्होंने हिदायत दी कि सजगता में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएंगी। इस मौके पर एडीएम पंकज उपाध्याय, एडीएम कौस्तुभ मिश्रा, एमएनए नरेश चंद्र दुर्गापाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पांडेय, डीएसओ जानकारी कार्की, जीएम विपिन कुमार, लोनिवि सहायक अभियंता प्रेम प्रकाश आदि मौजूद रहे।


स्पोर्ट्स स्टेडियम में तैयारियों का जायजा लेते डीएम नितिन भदौरिया। ● अमृत विचार

**कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम लघु डाल उपखण्ड, अल्मोड़ा**

पत्रांक : 109/स.अ.प्र./निविदा/2025-26/ दिनांक : 05-07-2025

लघु डाल उपखण्ड, अल्मोड़ा अल्पकालीन निविदा सूचना सं0-02/सहा0अभि0/2025-26, दिनांक 23.06.2025 का शुद्धिपत्र

इस कार्यालय की अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 02/सहा0 अभि0 / 2025-26, दिनांक 23.06.2025, जिसमें दिनांक 07.07.2025 तक निविदा प्रपत्र बेचे जाने थे तथा दिनांक 08.07.2025 पूर्वान्ह 12:00 बजे खोली जानी थी, परन्तु वर्तमान में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 की प्रभावी आचार संहिता के लागू होने के कारण उक्त निविदा के दिनांक 04.08.2025 तक निविदा प्रपत्र बेचे जायेंगे तथा दिनांक 05.08.2025 पूर्वान्ह 12:00 बजे निविदा खोली जायेगी।

सहायक अभियन्ता प्रथम
लघु डाल उपखण्ड, अल्मोड़ा

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034,
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488,
काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222,
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# अखाड़ा खेलने के बाद बिगड़ी व्यापारी की तबियत, जान गई

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचारः** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकारिणी सदस्य की मोहर्रम में अखाड़ा खेलने के बाद अचानक तबियत बिगड़ गई। जौलीग्रांट में उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। व्यापारी ने सात दिन पहले ही पद की शपथ ली थी।


मो.इब्राहीम।

मोहल्ला जटवारा निवासी मो. इब्राहीम अंसारी (41) ने 30 जून को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकारिणी सदस्य पद पर शपथ ली थी। रविवार को उन्होंने घर के सामने से गुजर रहे मोहर्रम के जुलूस में अखाड़ा खेला था। इसके कुछ देर बाद ही उनकी अचानक तबियत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें जसपुर एवं काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से चिकित्सकों ने उन्हें जौलीग्रांट के लिए रेफर कर दिया। सोमवार को उपचार के दौरान इब्राहीम की मौत हो गई। मृतक के भाई नफीस अहमद ने बताया कि दो माह पहले ही इब्राहीम के यहां तीन बेटियों के बाद एक बेटा पैदा हुआ था। व्यापार मंडल पदाधिकारियों सहित राजनीतिक एवं सामाजिक लोगों ने मृतक के घर पहुंच कर शोक व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक आदेश सिंह, पालिकाध्यक्ष मो.नौशाद, डॉ. एमएस सिंघल, अखलाक अहमद एडवोकेट, हरिओम सिंह, अर्पित रस्तोगी आदि थे।

# बीईओ के समक्ष समस्याएं उठाईं

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** उत्तरांचल स्टेट प्राईमरी टीचर्स एसोसिएशन की स्थानीय शाखा ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उनके शीघ्र समाधान की मांग की है।

एसोसिएशन अध्यक्ष कमान सिंह सामंत के नेतृत्व में शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा को शिक्षकों की समस्याओं को अवगत कराया। जिसमें सेवानिवृत हो चुके शिक्षकों के विभिन्न देयकों के भुगतान, शिक्षकों का रुका हुआ वेतन, चयन वेतनमान एरियर, प्रोन्नत वेतनमान एरियर, परिवार कल्याण भत्ता एरियर आदि का भुगतान की मांग शामिल हैं। उन्होंने इनकम टैक्स कटौती, जीपीएफ कटौती में त्रुटियां, फार्म 16 का अभी तक वितरित न होने जैसी समस्याएं भी रखी। शिक्षकों ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जिनमें से अधिकांश बिंदुओं पर आपसी सहमति बन गई है। बीईओ कुशवाहा ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश सिंह राणा, उपाध्यक्ष नितिन चौहान, मंत्री छविराज सिंह कफलिया, कोषाध्यक्ष जितेंद्र यादव आदि थे।


खटीमा में खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### रहस्यमय तरीके से किशोरी के चोटी के बाल कटने से हड़कंप

**बाजपुरः** रविवार रात भोना कालोनी में घर में सो रही किशोरी के चोटी के बाल रहस्यमय ढंग से कट गए। शोर-शराबा हुआ तो मोहल्लेवासियों की नींद खुल गई और कुछ ही देर में वहां बड़ी संख्या में महिला-पुरुष व बच्चों की भीड़ एकत्र हो गई, लेकिन बाल किसने काटे यह अभी भी रहस्य ही बना हुआ है। किसी अनहोनी की आशंका व डर की वजह से मोहल्ले के अधिकांश लोग रातभर जागते रहे और लोग तमाम तरह की बातें करते देखे गए। जानकारी के अनुसार वार्ड-12 मोहल्ला भोना कालोनी निवासी किशोरी कमरे में सो रही थी। जबकि उसके माता-पिता बाहर बरामदे में सोए हुए थे। बताया जाता है कि इसी बीच रविवार की देर रात करीब 11 बजे अचानक किशोरी ने सिर में खुजली होने पर हाथ चलाया तो बाल समेत उसकी चोटी हाथ में आ गई, जिससे वह काफी डर गई और अपने परिजनों को घटना के बारे में बताया। इससे उनके भी होश उड़ गए। इसी बीच मध्य रात्रि शोर-शराबा होने पर मोहल्लेवासी भी जाग गए और कुछ देर में वहां बड़ी संख्या में महिला-पुरुष व बच्चों की भीड़ एकत्र हो गई। बाल कैसे और किसने काटे इस बारे में लड़की या फिर उसके परिजन कुछ भी नहीं बता पाए। फिलहाल इस मामले में किसी तरह की कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

# दहेज के लिए मारने की कोशिश का आरोप

- पिता ने न्यायालय में लगाई न्याय की गुहार
- पुलिस पर तहरीर देने के बावजूद कार्रवाई न करने का आरोप

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचारः** ग्राम अरविंद नगर निवासी रतन मिस्त्री ने कोर्ट में एक प्रार्थना पत्र दाखिल कर पुत्री रोशनी के ससुरालियों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारने की कोशिश का गंभीर आरोप लगाया है।

पीड़ित के अनुसार रोशनी की शादी 3 जनवरी 2023 को सूरज विश्वास से प्रेम विवाह के रूप में हुई थी, लेकिन विवाह के कुछ समय बाद ही पति सूरज, सास और ससुर ने दहेज में मोटरसाइकिल और दो लाख रुपये की मांग करते हुए उसकी बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। रोशनी ने 19 सितंबर 2023 को एक पुत्र को जन्म दिया, लेकिन इसके बावजूद ससुरालवालों की लालच की आग नहीं बुझी। 22 अगस्त 2024 की सुबह करीब 6 बजे दहेज न मिलने पर तीनों ने रोशनी की बुरी तरह पिटाई कर रस्सी से गले में फंदा डालकर उसे मारने का प्रयास किया। पड़ोसी महिला रीना सरदार से सूचना मिलने पर वह अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और रोशनी की जान बचाई। घायल रोशनी को सरकारी अस्पताल और प्रयास अस्पताल सितारगंज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। रतन मिस्त्री ने पुलिस चौकी शक्तिफार्म और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर को लिखित तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर मजबूर होकर न्यायालय की शरण ली और अभियुक्तों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की।

### दहेज उत्पीड़न में पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

काशीपुर : एक महिला ने दहेज में 20 लाख रुपए और स्कॉर्पियो कार की मांग को लेकर अपने पति पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी 19 वर्ष बाद दूसरी शादी करने की फिराक में है। महिला हेल्पलाइन में शिकायत के बाद पुलिस ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महिला हेल्पलाइन पुलिस को दिए शिकायती पत्र में जसपुर खुर्द निवासी सुखविंदर कौर ने बताया कि उसका विवाह 27 नवंबर 2006 को खरमासी रम्पुरा में गुरताज सिंह के साथ हुआ था। विवाह में उसके पिता ने काफी दान-दहेज दिया था। उनके दो जुड़वा बेटे हैं, जो वर्तमान में 17 वर्ष के है तथा कक्षा-12 में पढ़ते हैं। एक पुत्र उसके पास रहता है जबकि दूसरा पुत्र उसके पति के पास रहता है। बताया कि विवाह के तीन-चार साल के बाद ही दहेज में स्कॉर्पियो गाड़ी व 20 लाख रुपये की मांग को लेकर उसको मानसिक रूप से परेशान किया जाने लगा। इस बाबत पंचायत में भी पति को समझाया गया। बताया कि पति अपनी बहन के कहे अनुसार कार्य करते हुए, अलग कमरे में रखकर उसे खर्च के लिए 12 हजार रुपये देता रहा। लेकिन अब वह खर्च भी नहीं दे रहा और घर से जाने को लेकर कह रहा है। साथ ही उससे कोई वास्ता न रखते हुए दूसरी शादी करने की जिद पर अड़ा है, जिससे उसे अपनी गृहस्थी उजड़ने का डर है।

## एक नजर

### कच्ची शराब के साथ दबोचा जिला बदर का आरोपी

**काशीपुर :** आईटीआई थाना पुलिस ने डेढ़ माह पहले जिला बदर किए गुंडा एक्ट के आरोपी को कच्ची शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। आगामी पंचायत निर्वाचन के दृष्टिगत सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना आईटीआई पुलिस ने डेढ़ माह पूर्व 6 माह के लिए गुंडा एक्ट में जिला बदर किए गए आरोपी परमजीत निवासी छोटी बरखेड़ी को गश्त के दौरान कच्ची शराब की बिक्री करते पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी द्वारा बिना पूर्व सूचना व अनुमति के जिले में प्रवेश करने पर धारा 10 गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक प्रकाश सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल जीवन पांडे व कांस्टेबल रमेश बंग्याल शामिल रहे।

### खानाबदोश को कुचलने वाले डंपर चालक पर केस

**काशीपुर :** बीते दिन आरओबी के नीचे बैठे खानाबदोश व्यक्ति को कुचलने वाले डंपर चालक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। ग्राम बभनैया पूरब, नगर पंचायत दोस्तपुर, सुल्तानपुर, यूपी निवासी राजबती ने तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार की सुबह करीब 5.30 बजे वह अपने पति अर्जुन पुत्र द्वारिका के साथ मजदूरी पर जाने के लिए महाराणा प्रताप चौक के पास फ्लाईओवर के नीचे फुटपाथ पर बैठे थे। तभी डंपर के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाकर उसे व उसके पति को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके पति को घायलावस्था में आसपास के लोगों ने सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी बीच आरोपी चालक मौके पर डंपर को छोड़कर फरार हो गया।

### पति पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**बाजपुर :** ग्राम फौजी कालोनी निवासी कमलेश ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह करीब सात वर्ष पूर्व पत्नी रंजीत सिंह के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति व अन्य ससुराल वाले दहेज के लिए गाली-गलौज, मारपीट कर रहे हैं। इस मामले को लेकर कई बार पंचायतें भी हो चुकी हैं। पीड़िता के अनुसार उसकी ससुराल में एक रिश्तेदार भी उसके पति व अन्य भड़काता रहता है। ससुराल वाले उसकी बातों में आकर लड़ाई-झगड़ा करते रहते हैं। पांच जुलाई की देर सायं करीब सात बजे पति ने तबियत खराब होने की झूठी सूचना देकर उसके पिता व भाई बुला लिया और उनसे दहेज की मांग की। असमर्थता जताने तक उनके साथ भी गाली-गलौज व मारपीट की गई है। पीड़िता, भाई व पिता ने किसी तरह भाग कर जान बचाई है।

वाहनों के फंसने से लग रहा लंबा जाम, लोग परेशान, हाइट बैरियर भी हो रहे क्षतिग्रस्त

# हाइट बैरियर के बाद भी घुस रहे बड़े वाहन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** बड़े वाहनों को आरओबी में चढ़ने से रोकने के लिये बनाये गये हाइट बैरियर के बावजूद बड़े वाहन जबरदस्ती आरओबी में चढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे आए दिन इन वाहनों से या तो हाइट बैरियर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं या इन हाइट बैरियर में फंस कर जाम का कारण बन रहे हैं।

दरअसल बाजपुर रोड पर रेलवे क्रॉसिंग होने के कारण आए क्रॉसिंग बंद होने से लोगों को घंटों जाम का सामना करना पड़ता था। इससे निजात के लिये 2018 में क्रॉसिंग के ऊपर से आरओबी का निर्माण करने का निर्णय लिया गया। जिसके बाद काम भी शुरू हो गया। लेकिन इस पूरे आरओबी को बनने में छह साल का समय लग गया। जब लोगों की आवाजाही के लिये आरओबी को चालू किया गया तो भारी वाहनों की आवाजाही से यह जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने लगा है। इसके बाद आरओबी में बड़े वाहन न चढ़ सके, इसके लिये हाईट बैरियर लगाने का निर्णय लिया गया। लेकिन कई बार यह हाईट बैरियर भी बड़े वाहनों के कारण क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। हालात यह है कि बड़े वाहन चालक आरओबी पर चढ़ने के लिये हाईट बैरियर की भी अनदेखी कर रहे हैं, नतीजतन कई बार यह वाहन हाइट बैरियर में फंस जाते हैं और जाम का कारण बन जाते हैं। सोमवार को भी एक टेंपो ट्रैवलर आरओबी पर चढ़ने के चक्कर में हाइट बैरियर में फंस गया। जिससे स्टेशन रोड पर लंबा जाम लग गया। किसी तरह वाहन को वहां से हटाकर जाम खुलवाया गया।



काशीपुर में आरओबी में हाइट बैरियर पर फंसा टेंपो ट्रैवलर। ● अमृत विचार

# शिक्षिका पर मारपीट का आरोप

- पीड़ित परिजन पहुंचे शिक्षा अधिकारी कार्यालय
- कार्रवाई न होने तक धरने की चेतावनी दी

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** सितारगंज विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय वीरेंद्र नगर गोठा में कार्यरत महिला शिक्षिका पर एक 5 वर्षीय मासूम छात्र के साथ मारपीट करने और जातिगत टिप्पणी कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगा है। इस घटना को लेकर छात्र के परिजनों और ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

पीड़ित पक्ष द्वारा इस गंभीर मामले की जानकारी पहले भी उपखंड शिक्षा अधिकारी सितारगंज को लिखित रूप में दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित परिजनों ने आज सोमवार की सुबह 10 बजे उपखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सितारगंज पहुंचकर जोरदार विरोध दर्ज कराया। उन्होंने जिला प्रशासन से शीघ्र न्याय की मांग करते हुए दोषी शिक्षिका के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी दी है कि यदि आरोपी महिला शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। इस मौके पर सतेंद्र कुमार, संदीप कुमार, विशाल, धर्मवीर, प्रदीप कुमार, बॉबी, कौशिक, पप्पू कुमार, संदीप कुमार, दीनदयाल, राजेंद्र कुमार, विष्णु, सूरज समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।



उपखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने धरना देते लोग। ● अमृत विचार

# रुद्रपुर में अज्ञात युवक की गला दबाकर हत्या

टांडा जंगल में एक गड्ढे में चादर से ढका मिला शव, थाना पंतनगर इलाके की है वारदात, शिनाख्त में जुटी पुलिस

वारदात

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:**-थाना पंतनगर इलाके में एक युवक की हत्या कर शव टांडा जंगल में फेंके जाने की वारदात सामने आई है। सूचना मिलते ही एसएसपी मणिकांत मिश्रा समेत पुलिस के आला अधिकारियों और फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव को चादर से ढका हुआ था और गला दबाने के निशान भी हत्या की गवाही दे रहे थे। पुलिस ने हत्याकांड की तफ्तीश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर को थाना पंतनगर पुलिस को एक राहगीर ने सूचना दी कि टांडा जंगल हाईवे से 15 फीट अंदर स्थित एक गड्ढे में चादर से ढका युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही एसपी क्राइम निहारिका तोमर, एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, थाना प्रभारी सुंदरम शर्मा और सिडकुल चौकी प्रभारी जीडी भट्ट घटनास्थल पहुंचे। युवक की उम्र 28 वर्ष बताई जा रही है। हत्या रस्सी से गला दबाकर की गई है। प्रारंभिक पड़ताल में संभावना व्यक्त की जा रही है कि युवक की हत्या कर शव को टांडा जंगल में फेंका गया है। इसके अलावा शिव के करीब एक बैग और पानी की बोतल भी मिली है। जिसे देख साफ प्रतीत हो रहा है कि मृतक बाहर का है और उसकी हत्या करने के बाद ही देर रात्रि शव को छिपाने की कोशिश की होगी। पुलिस ने फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने का प्रयास भी किया। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।



घटनास्थल का निरीक्षण करते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा व अन्य पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### उत्तराखंड या यूपी का हो सकता है मृतक

**रुद्रपुर :** युवक की गला दबाकर हत्या कर शव को जिस प्रकार से जंगल में छिपाने का प्रयास किया है। उस से साफ है कि युवक हल्द्वानी या फिर रुद्रपुर का नहीं, बल्कि दूर दराज इलाके का या फिर यूपी का हो सकता है, क्योंकि मृतक के करीब एक बैग मिला है। जिसमें पहनने वाले कपड़े और तौलिया है। शव के पास ही एक पानी की बोतल भी पड़ी मिली है। घटनास्थल को देखकर यह अनुमान है कि युवक को धोखे से बुलाकर उसकी हत्या कही ओर की गई हो और शव को चादर से ढककर छिपाने की कोशिश की गई।

"टांडा जंगल में 15 फीट अंदर स्थित एक गड्ढे में पेड़ की टेक लगा कर चादर से ढकी युवक का लाश होने की सूचना मिली थी। प्रारंभिक पड़ताल में युवक की हत्या गला दबाकर करने का अंदेशा है। गले में बने निशान हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है। जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा। हत्या कर शव टांडा जंगल में फेंके जाने की प्रबल संभावना है।

**-सुंदरम शर्मा**, थाना प्रभारी पंतनगर।

### सीसीटीवी-सीडीआर निकालने में जुटी एसओजी

**रुद्रपुर :** पुलिस ने युवक की गला दबाकर हत्या करने के प्रकरण की तफ्तीश को तेज कर दिया है। जिसके लिए एसओजी-थाना पंतनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने अपनी तफ्तीश की शुरुआत सीसीटीवी कैमरे व मोबाइल सीडीआर से प्रारंभ कर दी है। पुलिस ने रविवार की देर रात्रि एवं सोमवार की तड़के हल्द्वानी व रुद्रपुर से आने वाले वाहनों की फुटेज निकालना शुरू कर दिया है। इसके लिए घटनास्थल पर कौन व्यक्ति रुका था। उसकी सीडीआर रिपोर्ट भी निकलना शुरू कर दी है।

### रुद्रपुर या हल्द्वानी में हो सकती है हत्या

**रुद्रपुर :** हल्द्वानी व रुद्रपुर से टांडा जंगल की दूरी 20 किलोमीटर के करीब होगी। पुलिस की प्रारंभिक तफ्तीश का निष्कर्ष निकल रहा है कि हत्यारे यूपी या फिर कुमाऊं के पहाड़ी इलाके में हत्या कर शव को कोसों दूर लाकर नहीं फेंकेंगे। ऐसे में प्रबल संभावना है कि युवक की हत्या रुद्रपुर या फिर हल्द्वानी इलाके में करने के बाद शव को यहां ठिकाने लगाने की कोशिश की गई है।

# पत्नी-बच्चों को छोड़ ब्याह रचाने चला व्यक्ति, हंगामा



हंगामे के बाद सुनसान पड़ा वैवाहिक पंडाल। ● अमृत विचार

संवाददाता,रुद्रपुर

- सूचना पर महिला ने जमकर काटा हंगामा

**अमृत विचार:**-गांव बिंदुखेड़ा में एक व्यक्ति पर तीन बच्चों व पत्नी को छोड़कर दूसरा ब्याह रचाने का मामला सामने आया है। आरोप था कि कोतवाली पुलिस को सूचना देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई, तो पीड़िता एनजीओ के माध्यम से गांव पहुंची और बारात स्थल पर जमकर हंगामा काटा। महिला के हंगामे के बाद विवाह स्थल पर हड़कंप मच गया और शादी को भी रोकना पड़ा।

जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर भोगपुर बिजनौर की रहने वाली छिंदर कौर की एक महिला तीन बच्चों के साथ कोतवाली पहुंचती है और पुलिस को सूचना देती है कि गांव बिदुखेड़ा में उसका पति तीन बच्चों को छोड़कर बिना तलाक लिए ही दूसरी शादी रचा रहा है। जब पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। तो पीड़िता ने महिला एनजीओ की संचालिका से संपर्क किया। जिसके बाद महिलाओं की एक टीम गांव पहुंची तो देखा कि बिदुखेड़ा स्थित एक घर में टेंट लगा हुआ है और फेरे की तैयारी होने ही वाली थी कि महिला ने हंगामा काटना शुरू कर दिया है। हंगामा होता देख वधु पक्ष में हड़कंप मच गया और सभी घराती व बाराती भी फरार हो गए। पीड़िता का आरोप था कि बर्थडे पार्टी का नाम लेकर भ्रमित किया था। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पीड़िता का आरोप था कि पति ने बिना सूचना दिए ही दूसरी शादी का निर्णय लिया है और अभी तक कोई भी तलाक नहीं हुआ है।

# महिला ने पति पर शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाया

संवाददाता, रुद्रपुर

- क्रूरतापूर्वक शारीरिक संबंध बनाने का आरोप
- पति के खिलाफ उठाई कार्रवाई की मांग, एसएसपी को ज्ञापन

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके की एक महिला ने अपने ही पति पर दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध होने और उसके साथ क्रूरतापूर्वक शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसएसपी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।

एसएसपी को सौप शिकायती पत्र में महिला ने बताया कि उसकी दो बेटियां हैं और एक बेटी की शादी के बाद दूसरी बेटी की परवरिश वह झाड़ू पोछा कर रही है, जबकि पति दूसरी महिला से अवैध संबंध रखने के कारण पारिवारिक जिम्मेदारी नहीं निभा रहा है और खाना-खर्च भी वह खुद ही करती है। आरोप था कि जब वह पति से घर आने की बात कहती है, तो पति नशे की गोलियां खाकर उसके साथ क्रूरता पूर्वक शारीरिक संबंध बनाता है। जिस कारण वह काफी दिनों तक पीड़ा में रहती है। आरोप था कि घर की जिम्मेदारी निभाने का दबाव बनाया, तो चार जुलाई को पति ने बेरहमी से पीटा और लहूलुहान हालत में उसे छोड़ दिया। पड़ोसियों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। परेशान होकर पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

### चलती बाइक में लगी आग, बाइक सवार ने कूदकर बचाई जान

**बाजपुर :** मुख्यमार्ग रेलवे क्रासिंग पर चलती बुलेट बाइक में अचानक आग लग गई। बाइक चला रहे युवक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। घटना से लोगों में हड़कंप मच गया। सोमवार को मुख्यमार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग पर एक बुलेट बाइक में अचानक आग लग गई, जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और कुछ की देर में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। बुलेट चालक व लोगों ने किसी तरह आग बुझाई। बताया जा रहा है कि बाइक के पेट्रोल टैंक से पेट्रोल निकलकर स्पार्क प्लग तक पहुंच गया था, जिसके चलते यह घटना हुई है। आग लगने से वहां जाम की स्थित उत्पन्न हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह वाहनों को निकालकर यातायात व्यवस्था को सुचारु करवाया। घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। इस घटना से बुलेट बाइक में काफी नुकसान हुआ है।

# दुकान से लौट रहे बालक को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

- पुलिस ने दो लोगों को लिया हिरासत में, एक फरार, दो भाई गए थे सामान लेने

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** सामान लेने गये दो भाईयों में से एक भाई को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने कुचल दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर में सवार तीन लोग भागने का प्रयास करने लगे। जिसमें से दो लोगों को मोहल्लेवासियों ने पीछा कर पकड़ लिया। जबकि एक फरार हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



आनंद (फाइल फोटो)।

जानकारी के अनुसार बाजपुर रोड स्थित हिम्मतपुर की चंद्रा कॉलोनी निवासी रिंकू का 14 वर्षीय बेटा आनंद और उसका छोटा भाई आयुष (8) सोमवार की दोपहर दुकान से कुछ सामान लेने जा रहे थे। इसी दौरान कॉलोनी में तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने आनंद को अपनी चपेट में लिया और उसके सीने से ट्रैक्टर का पहिया उतार दिया। आनंद गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्रवासी आनन-फानन में आनंद को लेकर एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। मोहल्लेवासियों ने बताया कि ट्रैक्टर पर तीन लोग सवार थे और सभी नशे में धुत थे। हादसे के बाद वह लोग ट्रैक्टर लेकर भागने लगे, लोगों ने जब उनका पीछा किया तो ट्रैक्टर सवार लोग चलता हुआ ट्रैक्टर छोड़कर भाग गए। मोहल्लेवासियों ने पीछा कर दो लोगों को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जबकि एक व्यक्ति मौके से भाग गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों की सुपुर्दगी में दिया। हादसे से परिवार में कोहराम मच हुआ है। आईटीआई थाना प्रभारी कुंदन रौतेला ने बताया कि ट्रैक्टर सवार दो लोगों को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर कब्जे में ले लिया है। जबकि फरार हुए व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

### अलग-अलग हादसों में मासूम समेत चार घायल

**बाजपुर :** अलग-अलग सड़क हादसों में छह वर्षीय मासूम समेत चार लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सोमवार की सुबह करीब 9 बजे घर के बाहर खेल रहे शिवनगर बाबरपुरी स्वार रामपुर उप्र निवासी छह वर्षीय अशद अली पुत्र जुल्फे अली को बाइक सवार ने चपेट में ले लिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक को परिजनों ने बाजपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं रविवार की देर रात करीब साढ़े 9 बजे बेलपड़ाव के नजदीक सड़क हादसे में महादेवनगर काशीपुर निवासी अमित कुमार (20) पुत्र बीर सिंह घायल हो गया, जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नैनीताल स्टेट हाईवे पर ग्राम बरहैनी में अचानक बाइक फिसलने से ग्राम जबरान निवासी भरत सिंह (17) पुत्र पहलवान सिंह घायल हो गया। इसके अलवा बेरिया रोड पर ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार गूलरभोजन निवासी प्रदीप पुत्र बाबूलाल घायल हो गया।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर की मारपीट

**बाजपुर:** पुलिस चौकी दोराहा के अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि रविवार की देर रात करीब 8 बजे उसकी पत्नी व दो नाबालिग बेटियां घर पर अकेली थीं। आरोप है कि इसी बीच पड़ोसी युवक जबरन घर में घुस गया और छेड़छाड़ एवं अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंच गए और वह भी मोहर्रम के मेले से घर वापस आ गया। आरोप है कि जब तक पीड़ित कुछ समझ पाता आरोपी एवं उसके परिवार के अन्य लोग हाथों में लाठी-डंडे व धारदार हथियार लेकर घर में घुस गए तथा जानलेवा हमला कर दिया। वहां मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया।

आक्रोश

नगर निगम में किया सांकेतिक धरना प्रदर्शन, नाम बदलने की प्रक्रिया को बताया सेनानियों का अपमान

# इंदिरा चौक का नाम त्रिशूल चौक रखने पर भड़के कांग्रेसी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 50 साल पुराने इंदिरा चौक का नाम त्रिशूल चौक रखने पर भड़के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निगम निगम में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया और उप नगर आयुक्त को ज्ञापन भी सौपा। आगाह किया कि यदि जल्द ही नाम बदलने का प्रस्ताव निरस्त नहीं हुआ ,तो उग्र आंदोलन होगा।

सोमवार को कांग्रेस नेता मोहन लाल खेड़ा के साथ कार्यकर्ता नगर निगम पहुंचे और मेयर विकास शर्मा के कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसएनए को सौपा। उनका कहना था कि देश की आजादी में अहम किरदार निभाने वाले गांधी परिवार की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम पर इंदिरा चौक रुद्रपुर के रामपुर-रुद्रपुर हाईवे पर है। जिसका 50 सालों का इतिहास है। बावजूद इसके चुनावी माहौल को देखते हुए भाजपा एक बार फिर धर्म की दलगत राजनीति पर उतारू हो गई और वर्षो पुराने इंदिरा चौक का नाम बदल कर त्रिशूल चौक रख दिया। जो कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान है। कहा कि भगवान शिव सभी के आराध्य है और चौक का भूमि पूजन कर शहर की फिजा को खराब करने की भी साजिश हो रही है, जब कि त्रिशूल का निर्माण होने के बाद आस्था पर आहत होगी। साथ ही हाईवे चौड़ीकरण के नाम पर भाजपा ने सभी महापुरुषों की प्रतिमा हटाकर गांधी पार्क में स्थापित कर दी है। जहां प्रतिमाओं की बेकद्री हो रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही नाम बदलने का इरादा नहीं बदला, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। इस मौके पर हरीश बावरा, साजिद खान, सुनील जडवानी, सुरेंद्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, पार्षद परवेज कुरैशी, प्रदीप यादव, अर्जुन यादव, शिव कुमार, श्याम यादव, मनीष बावरा, जोगेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में सोमवार को एसएनए को ज्ञापन देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# व्यापारी ने सरेराह तलवार लहराई

- आदर्श कॉलोनी चौकी का मामला,दूसरे व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आदर्श कॉलोनी चौकी इलाके में एक दुकानदार द्वारा सरेराह तलवार लेकर दूसरे दुकानदार को धमकाने का मामला सामने आया है। प्रकरण की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार ईश्वर कॉलोनी निवासी हरीश मतदान ने बताया कि उनकी दुकान के सामने खालसा इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। छह जून को अचानक दुकान स्वामी गुरचरण सिंह बेवजह अभद्रता करने लगे। जब ग्राहकों व लोगों ने समझाने की कोशिश की, तो आवेश में आकर दुकानदार वापस गया और सरेराह तलवार लेकर जान से मारने की धमकी देने लगा। बताया जा रहा है कि मामला दोनों दुकानदार के कर्मियों के आपसी विवाद का था। प्रकरण की वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होते ही पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और प्रकरण की तफ्तीश शुरू कर दी है।



सीसीटीवी में कैद आरोपी दुकानदार। ● अमृत विचार

संसारातपदग्धानां त्रयो विश्रान्तिहेतव:।
अपत्यं च कलत्रं च सतां संगतिरेव च ॥

सांसारिक ताप से जलते हुए लोगों को तीन ही चीजें आराम दे सकती हैं - सन्तान, पत्नी तथा सज्जनों की संगति।

## संपादकीय

# वैश्विक संस्थानों में सुधार

वैश्विक व्यवस्था दबाव में है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है, ऐसे समय में ब्रिक्स की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स देशों से वैश्विक सहयोग एवं बहुध्रुवीय विश्व में अहम भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि वे मिसाल बनें और 'ग्लोबल साउथ' की अपेक्षाओं को पूरा करें। प्रधानमंत्री ने वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत करने के भारत के संकल्प को दोहराया। बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माण में ब्रिक्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस समूह की ताकत इसकी विविधता और बहुध्रुवीयता के प्रति साझा प्रतिबद्धता में निहित है। 21 वीं सदी में, विश्व व्यवस्था बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ रही है। भारत बहुध्रुवीय विश्व में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है। इसकी बढ़ती आर्थिक और राजनीतिक शक्ति, रणनीतिक स्वायत्तता और विभिन्न वैश्विक मंचों में सक्रिय भागीदारी इसे एक महत्वपूर्ण शक्ति बनाती है। बहुध्रुवीय विश्व में भारत के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों हैं। इसे अपनी विकास महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अपनी कूटनीतिक और रणनीतिक क्षमताओं का उपयोग करना होगा। इसका लक्ष्य एक ऐसा वैश्विक व्यवस्था बनाना है जो शांति, स्थिरता और सभी देशों के विकास का समर्थन करे।

गौरतलब है कि वैश्विक शांति और विकास सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार आवश्यक हैं। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और विश्व व्यापार संगठन जैसी वैश्विक संस्थाओं में सुधार की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। सुधार प्रासंगिकता की कुंजी है। 20वीं सदी की वैश्विक संस्थाएं 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं हैं और इन्हें वर्तमान वास्तविकताओं के अनुरूप तुरंत सुधार की आवश्यकता है। इनमें विकासशील देशों की भागीदारी को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वैश्विक निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी आवाज सुनी जाए। स्पष्ट है कि शांति और सुरक्षा के मुद्दों को एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता है। शांति और सुरक्षा बनाए रखने और वैश्विक शासन में सुधार के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र, क्षेत्रीय संगठनों, और नागरिक समाज सहित विभिन्न हितधारकों को शामिल किया जाए। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि ये प्रयास सभी सदस्य देशों के हितों को पूरा करते हैं और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में योगदान करते हैं।

# जल संकट समाधान की जनसहभागिता आधारित क्रांति


डॉ. अजय सहाय
लेखक

वैज्ञानिक दृष्टि से जब वर्षा जल का लगभग 1869 बीसीएम नदियों में बह जाता है, 432 बीसीएम भूजल में जाता है, वेटलैंड में 75-80 बीसीएम जल संचित होता है, वनों में 90-100 बीसीएम, नहरों में 20 बीसीएम, परंपरागत जल स्रोतों में 80-100 बीसीएम, सोख्ता गड्ढों में 10-15 बीसीएम और वर्षा जल संचयन संरचनाओं में मात्र 20-25 बीसीएम जल ही संरक्षित हो पाता है।

पानी पंचायत की अवधारणा भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में जल प्रबंधन की एक अनूठी और प्रभावशाली पहल है, जिसकी नींव वर्ष 1974 में महाराष्ट्र के पुणे जिले के मैनगांव गांव में रखी गई थी, जब गांव के किसानों ने सामूहिक जल प्रबंधन का निर्णय लिया और जल को निजी संपत्ति के बजाय सामूहिक संपत्ति माना, जिसके बाद देश के अन्य हिस्सों में भी पानी पंचायतें अस्तित्व में आईं और 2020 के बाद 'कैच द रेन' तथा 'अटल भूजल योजना' जैसे अभियानों के तहत इसने नई पहचान बनाई।

आज जब भारत प्रतिवर्ष लगभग 4000 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) वर्षा जल प्राप्त करता है, जिसमें से लगभग 3200 बीसीएम जल विभिन्न कारणों से व्यर्थ बह जाता है और मात्र 800 बीसीएम जल का ही उपयोग हो पाता है, तब पानी पंचायत जैसी सामुदायिक संरचना वर्षा जल संचयन, जल पुनर्भरण, और जल उपयोग के क्षेत्र में क्रांतिकारी भूमिका निभा रही है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां भूजल का स्तर 500 फीट से 4000 फीट तक गिर चुका है।

भारत के नीति आयोग ने 'जल आत्मनिर्भर भारत 2047' के दृष्टिकोण में पानी पंचायत को केन्द्रीय भूमिका प्रदान की है, नीति आयोग के अनुसार जल प्रबंधन में सामुदायिक भागीदारी ही दीर्घकालिक समाधान है, आयोग ने वर्ष 2018 में 'समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (सीडब्ल्यूएमआई) के माध्यम से राज्यों को जल प्रबंधन में रैंकिंग दी तथा 'राज्य जल कार्य योजना' के तहत पंचायत स्तर तक जल कार्यों की योजना बनाना अनिवार्य किया है, साथ ही भारत सरकार ने अमृत सरोवर योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जल जीवन मिशन, जल शक्ति अभियान तथा राष्ट्रीय जल मिशन जैसी योजनाओं में पंचायतों की सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया है। महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में पानी पंचायतों को कानूनी दर्जा प्रदान कर स्थानीय जल स्रोतों जैसे तालाब, कुएं, झील, नदियां, जलाशय, सोख्ता गड्ढा, खेत तालाब, वेटलैंड, चेक डैम तथा बांधों के प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है, आज जब भारत के लगभग 60 प्रतिशत जिले जल संकटग्रस्त हैं और 2030 तक जल की मांग उपलब्धता से दोगुनी हो जाने का अनुमान है, ऐसे में पानी पंचायत का वैज्ञानिक महत्व और भी बढ़ जाता है।



मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि जल दक्षता, सूक्ष्म सिंचाई, वेटलैंड संरक्षण जैसे अभियानों में पानी पंचायतें अग्रणी हैं, इनके प्रयासों से जल संकट, बाढ़, सूखा, पेयजल संकट, कृषि संकट, जल प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सामाजिक समावेशन व एसडीजी-6 जैसे वैश्विक लक्ष्यों की पूर्ति संभव हो रही है।

वैज्ञानिक दृष्टि से जब वर्षा जल का लगभग 1869 बीसीएम नदियों में बह जाता है, 432 बीसीएम भूजल में जाता है, वेटलैंड में 75-80 बीसीएम जल संचित होता है, वनों में 90-100 बीसीएम, नहरों में 20 बीसीएम, परंपरागत जल स्रोतों में 80-100 बीसीएम, सोख्ता गड्ढों में 10-15 बीसीएम और वर्षा जल संचयन संरचनाओं में मात्र 20-25 बीसीएम जल ही संरक्षित हो पाता है। तब पानी पंचायतें सामूहिक रूप से वेटलैंड पुनर्जीवन, खेत तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, सोख्ता गड्ढा निर्माण, नदी पुनर्जीवन, जलागम विकास, ड्रेनेज रिचार्ज, जल बंटवारा, तथा जल संग्रहण जागरूकता अभियानों के माध्यम से हर वर्ष न्यूनतम 400-500 बीसीएम अतिरिक्त जल का संरक्षण कर सकती हैं, जिससे वर्षा जल के 3200 बीसीएम व्यर्थ बहने वाले जल को प्रभावी ढंग से बचाया जा सकता है। वहीं वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार यदि प्रत्येक पंचायत वर्षा जल के 5 प्रतिशत जल का संरक्षण करे तो भारत हर वर्ष 200 बीसीएम से अधिक जल संरक्षित कर सकता है, जिससे सूखा, बाढ़, जल प्रदूषण, पेयजल संकट और कृषि संकट को कम किया जा सकता है, साथ ही पानी पंचायतें बाढ़ नियंत्रण में भी निर्णायक भूमिका निभा रही हैं, विशेषकर कोसी, ब्रह्मपुत्र और बागमती जैसी नदियों के क्षेत्रों में, जहां मानसून के दौरान 5 लाख से 20 लाख क्यूसेक तक पानी का बहाव होता है, जिससे नेपाल व भारत के अनेक जिलों में बाढ़ का संकट उत्पन्न होता है। पानी पंचायतें जलग्रहण क्षेत्र में ट्रेंचिंग, कंटूर बंडिंग, खेत तालाब, आहर-पइन पुनर्जीवन के माध्यम से जल गति को धीमा करती हैं, पुराने नदी मार्गों व वेटलैंड पुनर्जीवन से जल का प्रवाह फैला कर उसकी स्पीड कम करती हैं, साथ ही ड्रेनेज सुधार, जल निकासी चैनलों की सफाई व चौड़ीकरण से पानी का संतुलित बहाव सुनिश्चित करती हैं, वनों और नीम कॉरिडोर जैसे वृक्षारोपण से मिट्टी कटाव रोक कर बाढ़ की तीव्रता घटाती हैं।

जल अवरोधक वनस्पतियां जैसे टाइफा, जलकुंभ व हाइड्रिला बाढ़ जल की स्पीड घटाकर नमी बढ़ाती हैं, सामुदायिक जल भंडारण जैसे बड़े तालाब, चेक डैम, सोख्ता गड्ढे, खेत तालाब जल दबाव को बांटते हैं, जिससे बाढ़ की गति कम होती है, नीति आयोग के अनुसार पानी पंचायतें जलग्रहण क्षेत्रों में 30 प्रतिशत तक बाढ़ की गति कम करने में सक्षम हैं, वैज्ञानिक शोधों में पाया गया है कि वेटलैंड आधारित जल अवरोधक प्रति हेक्टेयर 40,000 से 1 लाख लीटर जल प्रवाह रोक सकती हैं, जिससे बाढ़ की तीव्रता नियंत्रित होती है। जल चेतावनी प्रणाली, ड्रोन सर्वेक्षण, जल मानचित्रण से बाढ़ पूर्व सूचना व प्रबंधन भी पानी पंचायतें करती हैं, इनका मॉडल गाँव के प्रत्येक वर्ग—किसान, महिला एसएचजी, युवा, छात्र, श्रमिक-को जोड़ता है, जिससे जनसहभागिता के साथ जल संरक्षण व बाढ़ नियंत्रण संभव होता है, नीति आयोग के अनुसार प्रत्येक पंचायत यदि 100 करोड़ लीटर जल संरक्षित करे तो 2.6 लाख पंचायतें मिलकर हर साल 260 बीसीएम जल बचा सकती हैं। वेटलैंड आधारित पंचायतें मिलकर यह आंकड़ा 500 बीसीएम तक पहुंचा सकती हैं, जिससे भारत 2047 तक जल आत्मनिर्भर बन सकता है, जल पंचायतों के पांच स्तंभ जल ज्ञान, जल मापन, जल संरक्षण, जल पुनः प्रयोग व सामुदायिक भागीदारी के अंतर्गत जल ऑडिट, जल बजट, जल मानचित्रण व पंचायत जल बैठकें अनिवार्य हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल शक्ति मंत्रालय ने 'जहां गिरे, वहीं संचित करें' के सिद्धांत से पानी पंचायतों को कैच द रेन अभियान से जोड़ा है।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि जल दक्षता, सूक्ष्म सिंचाई, वेटलैंड संरक्षण जैसे अभियानों में पानी पंचायतें अग्रणी हैं, इनके प्रयासों से जल संकट, बाढ़, सूखा, पेयजल संकट, कृषि संकट, जल प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सामाजिक समावेशन व एसडीजी-6 जैसे वैश्विक लक्ष्यों की पूर्ति संभव हो रही है। आज पानी पंचायतें जल चेतना रथ, ड्रोन सर्वेक्षण, जल संवाद, जल मेला, जल संसद, जल ऐप्स, जल चैलेंज, जल प्रशिक्षण, जल मानचित्रण जैसी गतिविधियों से युवाओं को जोड़कर जल आंदोलन की रीढ़ बन चुकी हैं, जिससे भारत में जल प्रबंधन की सबसे मजबूत सामाजिक संरचना तैयार हुई है, इसलिए स्पष्ट है कि पानी पंचायतें जल संकट समाधान, बाढ़ नियंत्रण और जल आत्मनिर्भर भारत 2047 के लिए सामुदायिक शक्ति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जनभागीदारी का श्रेष्ठतम उदाहरण हैं, जो हर गांव और पंचायत को जल संकट से मुक्त करने में सक्षम हैं।

## प्रसंगवश

# किशोरों को कहां ले जा रहा सोशल मीडिया का नंगापन


यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

सोशल मीडिया के नंगे और भोंडेपन का सबसे ज्यादा बुरा असर भारतीय किशोरों व युवाओं पर पड़ रहा है लेकिन दुर्भाग्य है कि हमारे यहां इस पर अंकुश, अल्पीकरण या प्रतिबंध को छोड़िए, इसे और बढ़ावा ही मिल रहा है। भारत को इस बात पर पश्चाताप करना चाहिए कि जो काम सबसे पहले भारत को करना चाहिए वह आस्ट्रेलिया ने कर दिखाया।

भारत में हाल इसके विपरीत है। चाय पान की छोटी दुकानें हों, ट्रेन हों बस हो कहीं भी हाथ में एंड्रायड फोन लिए लोग ऐसे रोमांचित होते हुए दिख रहे हैं जैसे उन्हें क्या मिल गया हो। मोबाइल के प्रति युवा वर्ग की लत देखने लायक होती। घर में बच्चे तो बिना मोबाइल लिए खाना तक मना कर देते हैं। मां बाप उनके समक्ष मजबूर व असहाय दिखते हैं लेकिन उसमें परोसे जा रहे अश्लील दृश्यों से परेशान भी होते हैं। क्योंकि उसे उनका बच्चा भी देख रहा होगा। चिंता इस बात की लेकर होती है कि वे अपने बच्चे को इस लत से बचाएं कैसे? ऐसे वक्त में उनकी बेबशी साफ झलकती है।

आज जब सोशल मीडिया पूरी तरह फूहड़पन और नग्नता पर उतर आया है तब इस पर अंकुश की पहल हम भारत से इसलिए करते हैं कि यह सनातनियों का देश है और यहां की सभ्यता और संस्कृति दुनिया के बाकी देशों से अलहदा है। भारत की शिनाख्त दुनिया भर में सुसभ्य और तहजीबदार जीवन शैली की है। अफसोस कि सोशल मीडिया के अस्वीकार दृष्य और शब्द को हम सबसे ज्यादा स्वीकार करने वाले देशों में शुमार हो रहे हैं।

कोरोना काल में सबकुछ आन लाइन के नाम पर एंड्रायड मोबाइल ने सबसे ज्यादा किसी को आकर्षित किया तो वे हैं स्कूली छात्र और छात्राएं। छोटे बड़े सभी के हाथों में एंड्रायड मोबाइल फोन आ गया। युवा वर्ग में लड़के हों चाहे लड़कियां सभी के हाथ में मोबाइल एक स्टेटस बन गया। किशोरों और युवाओं के हाथ में मिला यह सौगात आज अभिशाप बन रहा है। बेशक इंटरनेट के जमाने में इसके बहुत सारे फायदे भी हैं लेकिन यह उस उम्र के लोगों पर लागू है जो फायदे और नुकसान को समझते हों। कहना न होगा कि आधुनिक जीवन शैली और स्टेटस सिंबल के रास्ते एंड्रायड मोबाइल हर घर में नहीं, हर हाथ की शोभा बढ़ा रहा है। यह एक नशा बन गया है। हाल यह है कि सुबह से लेकर रात सोने तक किशोर और युवाओं की आंखें उनके मोबाइल से चिपकी रहती है। जाहिर है वे उसमें न्यूटन का फार्मूला तो ढूंढ रहे नहीं होते,उसके स्क्रीन पर अश्लील और ब्लू फिल्मीं उन्हें मोबाइल से चिपके रहने को मजबूर किए रहती है।

मजे की बात यह है कि सोशल मीडिया पर परोसे जा रहे नंगेपन का असर किशोर और किशोरियों पर पड़ रहा है, यह जानकारी इंस्टाग्राम को है। वह जानता है कि फेसबुक पर अपलोड हो रही अश्लील व पोर्न वीडियो किशोरों को बर्बाद कर रही है। हैरानी है कि इंस्टाग्राम खुद ऐसे मामलों में पीछे नहीं है।

माना कि एंड्रायड फोन अपरिहार्य है लेकिन ऐसा भी न हो कि यह हर हाथ में हो। शहर छोड़िए गांव की किशोरियां भी इसकी आदी हो गई हैं। परदेश कमाने गए तमाम लोग अपनी घरवाली से बात करने के लिए उसे एंड्रायड फोन थमा गए। अब यह उनके अल्प व्यस्क बच्चों के हाथ आ गया। जाने अनजाने कोई खराब दृष्य या शार्ट वीडियो उनके हाथ लग गया तो उसे वे बार-बार देखना चाहेंगे।

देखें तो इस मामले में चीन,उत्तर कोरिया, ईरान, कतर जैसे देश काफी सख्त हैं। चीन में तो विदेशी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पूरी तरह पाबंदी है। वहीं 2015 के बाद तीन में से एक देश सोशल मीडिया पर बैन लगा चुका है। इसमें 62 देश शामिल हैं। सोशल मीडिया के बढ़ते कुप्रभाव व अन्य कारणों से सेंशरसिप के मामलों में खासा बढ़ोतरी हुई है। एशिया के 48 देशों में से 27 देश सोशल मीडिया के कुप्रभाव को लेकर सतर्क हुए हैं।

कहना न होगा कि बच्चे की मोबाइल लत से अधिकांश मां बाप अवसाद में चले जाते हैं। वे क्या करें, कैसे अपने बच्चे को बचाएं इस चिंता से वे चिता तक चले जाते हैं। अब इस स्थित से उबारे कौन? जाहिर है इसके लिए सरकार ही कुछ कर सकती है।

# और कितने राष्ट्रीय राजमार्ग चाहिए


रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

सर्वविदित है कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और 2030 तक 5 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य है। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग माल ढुलाई और व्यापार के लिए रीढ़ की हड्डी हैं।

अखबार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का बयान पढ़ा जिसमें वे दावा कर रहे हैं कि उनके पास पैसों की नहीं काम की कमी है। नरेंद्र मोदी सरकार के सबसे प्रभावी मंत्री गडकरी जब ऐसा बयान देते हैं तो यह उनके मुंह पर जंचता भी है। सरकार के वही तो मंत्री हैं जिन्होंने 'डिलीवर' किया है। उनके नेतृत्व में ही तो भारत इस योग्य हुआ है कि आज देश में प्रतिदिन 33.8 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग तैयार हो रहे हैं। आधुनिक तकनीक, पारदर्शिता, गुणवत्ता पर जोर और संसाधनों की उपलब्धता से साल 2014-15 में हमारे राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई जो 97,830 किलोमीटर थी, वह अब बढ़कर 1,60,155 किलोमीटर हो गई। यानी ग्यारह वर्षों में 62325 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बढ़ गए। किसी भी विकासशील देश के लिए यह बढ़ी उपलब्धि हो सकती है मगर क्या सड़क के अतिरिक्त हमारी और कोई जरूरतें नहीं है ? क्या गडकरी के अतिरिक्त अन्य मंत्रालय के प्रभारी मंत्री भी इसी तरह असीमित बजट की बात कह सकते हैं, खासतौर पर शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मंत्रालय? सवाल यह भी है कि अब क्या हमें आगे भी इसी गति से राजमार्गों का निर्माण जारी रखना चाहिए अथवा ठहर कर अपनी जरूरतों की समीक्षा करनी चाहिए? विशेष तौर पर तब जब इन राजमार्गो का बोझ आम आदमी की जेब पर भी पड़ रहा हो और वह इन सड़कों पर वाहन चलाने की कीमत सालाना 85 हजार करोड़ रुपए टोल टैक्स के रूप में चुका रहा हो। वह देश जिसकी 81 करोड़ जनता पांच किलो मुफ्त अनाज पर पल रही हो उसके लिए क्या यह रकम बहुत ज्यादा नहीं है?

इसे उनकी कार्यकुशलता कहें कि गडकरी जितना बजट चाहते हैं, उतना उन्हें सरकार दे देती है। बड़ी से बड़ी राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय घटना पर भी वे कोई बयान नहीं देते। शायद यही वह राजनीतिक सौदे बाजी है कि जिसके बल पर मोदी के कार्यकाल में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का बजट नाटकीय रूप से बढ़ा है। 2014-15 में यह मात्र 33,305 करोड़ रुपये था, जो 2022-23 तक 1.99 लाख करोड़ रुपये हो गया , यानी लगभग 500 प्रतिशत की वृद्धि। 2024-25 के बजट में सड़क मंत्रालय को 2.78 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो राष्ट्रीय राजमार्गों, भारतमाला परियोजना, और अन्य सड़क परियोजनाओं के लिए हैं। यानी आप कह सकते हैं कि मोदी सरकार में राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए बजट यूपीए के मुकाबले 5-6 गुना अधिक रहा है । इस बजट के अतिरिक्त टोल टैक्स के रूप में जनता से भी सालाना 85 हजार करोड़ रूपये वसूले जा रहे हैं। शायद यही कारण है कि गडकरी कह रहे हैं कि उनके पास पैसे की नहीं काम की कमी है।

सर्वविदित है कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और 2030 तक 5 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य है। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग माल ढुलाई और व्यापार के लिए रीढ़ की हड्डी हैं। बेहतर सड़कें समय और ईंधन बचाती हैं सो अलग । मगर इसके बावजूद वे सवाल गौण नहीं हो जाते जो इस अंधाधुंध निर्माण से उत्पन्न हुए हैं । बड़े पैमाने पर राजमार्गों के निर्माण से वन क्षेत्र, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों का बेतहाशा नुकसान हो रहा है। अकेले भारत माला परियोजना के लिए ही हजारों हेक्टेयर वन भूमि का अधिग्रहण किया गया है। सड़क निर्माण से कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ा है जो भारत के 2070 तक नेट-जीरो लक्ष्य के विपरीत है। यूं भी इन राजमार्गों का लाभ मुख्य रूप से औद्योगिक और शहरी क्षेत्रों को ही मिलता है, जबकि ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में अभी भी कनेक्टिविटी की बेहद कमी है। सरकार चाहे तो सड़कों पर जोर न देकर रेलवे और जलमार्गों में निवेश से माल ढुलाई की निर्भरता सड़कों पर से कम हो सकती है। ये वैकल्पिक मार्ग अभी तक केवल 28 प्रतिशत माल ढुलाई ही करते हैं। 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.73 लाख मौतें हुईं, जिनमें से कई खराब सड़क डिजाइन और रखरखाव के कारण थीं। नए राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव के लिए दीर्घकालिक फंडिंग की कमी भी एक जोखिम है।

बात फिर वहीं आती है कि ये राष्ट्रीय राजमार्ग देश की जरूरतों को ध्यान में रख कर बनाए जा रहे हैं तो क्या सरकार विशेषज्ञों के साथ बैठ कर इस पर चर्चा को तैयार है कि हमें और कितने राष्ट्रीय राजमार्गों की जरूरत है? खासतौर पर इस रोशनी में कि आज हमारे पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क तैयार हो गया है और क्षेत्रफल के हिसाब से हमने सड़कों के मामले में अमेरिका और चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। जबकि उधर, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के मामले में हमारी गिनती दुनिया के पिछड़े देशों में होती है।

## सोशल फोरम

# जीवन की सांझ में


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

आज किसी ने मुझसे एक अजीब सी फरमाइश की। वे सिंधी भाषा के बहुत अच्छे शायर हैं। किसी समय इंदौर में रहते थे अब दुबई में वेल सेटल्ड हैं। उम्र नब्बे को छू रही है। उनसे कभी मिलना नहीं हुआ पर फोन पर अक्सर बात होती है। शायरी, जिंदगी और फलसफे पर! सुबह उनका फोन आया। उन्होंने कहा मैं इंदौर में एक आदमी को ढूंढना चाहता हूं। मुझे उसका न नाम मालूम है ना पता। लेकिन उससे एक अजीब रिश्ता है। मैं 8 साल का था। पिताजी के साथ फिल्म देखने जा रहा था। रास्ते में एक छोटी सी नदी पड़ती थी (संभवतः कान्ह)। नदी के किनारे मुझे कुछ मुर्गियां दिखीं, मैं उन्हें देखने रुक गया। अचानक मुझे लगा नदी में कुछ गिरा है। उन्होंने आसपास लोगों को आवाज लगाई। कुछ लोग आए। देखा तो नदी में एक बच्चा डूब उतर रहा था। बच्चे की उम्र लगभग 3 साल रही होगी। उसे बचा लिया गया। बस इतनी सी कहानी है। लेकिन मुझे उस बच्चे की याद आती है। मैं चाहता हूं मरने से पहले एक बार उससे मिलूं।

मैं हंसा-आखिर आप क्यों मिलना चाहते हैं? मैं देखना चाहता हूं कि वह बच्चा बड़ा होकर क्या बना? हो सकता है वह कोई वैज्ञानिक बना हो या कोई डॉक्टर..! मैं देखना चाहता हूं कि मेरे उस छोटे से काम ने इस दुनिया को किस तरह बदला?

मैंने कहा यह भी तो हो सकता है कि वह कोई चोर बलात्कारी हत्यारा बन गया हो? उन्होंने एक ठंडी सांस लेकर कहा तब तो और भी जरूरी है कि मैं जानूं मैने क्या कर डाला ..! दिलचस्प बात है ना! हम जो कुछ कर रहे हैं, छोटे बड़े तमाम काम.., वे भविष्य में अपनी तरह से इस दुनिया को बदल देंगे। अंग्रेजी में एक शब्द है कैस्केडिंग इफेक्ट। एक छोटी सी घटना का परिणाम उससे बड़ी घटना की वजह बनता है और फिर वह परिणाम तीसरी घटना का..! इस तरह बड़े होते होते छोटी सी बात बहुत बड़ी हो जाती है। मैं जानता हूं मैं अपने उस शायर दोस्त की मदद नहीं कर पाऊंगा, पर उन्होंने मुझे फिर से याद दिलाया कि जीवन की सांझ में हमें अपने वे तमाम काम याद आएंगे जिनसे यह दुनिया अच्छी या बुरी बनी।

-फेसबुक वॉल से

# मिले अपनी भाषा में न्याय का अधिकार


पूनम चतुर्वेदी
लखनऊ

कई बार यह भी देखा गया है कि गरीब, अशिक्षित, ग्रामीण अथवा भाषिक अल्पसंख्यकों को न्याय की प्रक्रिया से इसलिए वंचित कर दिया जाता है क्योंकि वे 'उचित भाषा' में अपनी बात नहीं रख पाते।

भारतीय संविधान का प्रास्तावना वाक्य- "हम भारत के लोग..."- न केवल इस देश की संप्रभुता और लोकतंत्र का परिचायक है, बल्कि यह उस जनभावना की पुष्टि करता है जो भारत को उसकी विविध भाषाओं और संस्कृतियों के माध्यम से जीवंत बनाती है। इस विशाल बहुभाषिक राष्ट्र में जहां सैकड़ों भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं, वहां यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या भारत का न्याय तंत्र आज भी जनमानस की भाषा से जुड़ा है? आज भी देश के अधिकतर न्यायालयों में निर्णयों की भाषा अंग्रेज़ी है, जो केवल एक सीमित तबके की भाषा है। बहुसंख्यक भारतीय आज भी निर्णय की पंक्तियां पढ़कर उस पर मौन रहते हैं, क्योंकि वे उसकी भाषा समझ नहीं पाते। यह स्थिति न केवल भाषिक अन्याय को दर्शाती है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा-समावेशन-पर एक गहरी चोट भी है।

जब कोई पीड़ित व्यक्ति न्यायालय में प्रवेश करता है और अपने जीवन की सबसे गंभीर समस्या पर सुनवाई किसी ऐसी भाषा में होती है जो उसके समझ के बाहर है, तो क्या यह समानता और न्याय की भावना के अनुरूप है? वास्तविकता यह है कि भाषा की बाधा न्याय की सुलभता में सबसे बड़ा अवरोध बन चुकी है। एक साधारण ग्रामीण व्यक्ति, जो केवल अपनी मातृभाषा जानता है, वह न्यायालय के परिसर में आते ही असहाय हो जाता है। वकील से बात करने के लिए दुभाषिए की ज़रूरत पड़ती है, याचिका की भाषा उसे समझ नहीं आती और न्यायाधीश का निर्णय भी उसके लिए एक 'कूटभाषा' बना रहता है। यह स्थिति केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि करोड़ों भारतवासियों की है।

कई बार यह भी देखा गया है कि गरीब, अशिक्षित, ग्रामीण अथवा भाषिक अल्पसंख्यकों को न्याय की प्रक्रिया से इसलिए वंचित कर दिया जाता है क्योंकि वे 'उचित भाषा' में अपनी बात नहीं रख पाते। यह भाषिक भेदभाव संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का स्पष्ट उल्लंघन है। संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित 'न्याय- सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक' की भावना तब तक अधूरी रहेगी, जब तक भाषाई बाधाओं को दूर नहीं किया जाएगा। यह विरोधाभास इसलिए भी विडंबनापूर्ण है क्योंकि संसद में अधिकांश कानून हिंदी अथवा अंग्रेज़ी में प्रस्तुत होते हैं, राज्य विधानसभाओं में बहुसंख्यक कार्य स्थानीय भाषाओं में होते हैं, लेकिन न्यायालयों में अभी भी अंग्रेज़ी का आधिपत्य है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि डिजिटल इंडिया, ई-कोर्ट्स और तकनीकी सुलभता के इस युग में भारतीय भाषाओं में न्याय उपलब्ध कराना न तो असंभव है, न ही तकनीकी रूप से जटिल। देश के पास ऐसा डिजिटल तंत्र और अनुवाद संसाधन मौजूद हैं जिससे सर्वोच्च न्यायालय में भी तुरंत भारतीय भाषाओं में निर्णय लिखे जा सकते हैं। लेकिन इच्छाशक्ति की कमी और परंपरागत संरचना के दबावों ने इसे बाधित कर रखा है। यह स्थिति केवल तकनीकी समाधान से नहीं, जन-जागरण और जन-दबाव से ही बदलेगी।

अनुच्छेद 348(2) के तहत राज्य सरकारें उच्च न्यायालयों में अपनी भाषा के प्रयोग की अनुमति राष्ट्रपति से ले सकती हैं। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और पश्चिम बंगाल जैसे कुछ राज्यों ने इस दिशा में पहल भी की, लेकिन यह पहल केवल आंशिक और औपचारिक रही। सर्वोच्च न्यायालय अब भी अंग्रेज़ी के एकाधिकार से बंधा है, जबकि संविधान में ऐसा कोई स्पष्ट निषेध नहीं है कि उच्चतम न्यायालय केवल अंग्रेज़ी में ही कार्य करे। वास्तव में, यह एक प्रशासनिक और ऐतिहासिक परंपरा बन गई है, न कि संवैधानिक बाध्यता। अनुच्छेद 14 में समानता की बात की गई है, लेकिन जब एक पक्षकार को अपने ही मुकदमे का फैसला समझ में न आए, तो वह समानता की भावना कैसे महसूस करेगा? अनुच्छेद 21, जिसमें जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बात की गई है, वह 'न्यायिक सुनवाई' के बिना अधूरा है और यदि सुनवाई ऐसी भाषा में हो जिसे व्यक्ति समझ ही न पाए, तो वह जीवन के अधिकार का उपहास है।

आज जब देश 'डिजिटल इंडिया', 'इंडिया@100', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विश्वगुरु' की बात कर रहा है, तब क्या यह उचित है कि हमारी न्यायपालिका अब भी जनता से संवाद करने में असमर्थ हो? भाषा केवल माध्यम नहीं, बल्कि संपर्क और समानता का सेतु है। न्यायपालिका की भाषा अगर जनता की भाषा से नहीं जुड़ती, तो वह अपनी वैधता खो देती है। भारत में भाषिक विविधता को बाधा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की शक्ति के रूप में देखे जाने की आवश्यकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# प्रदेश अध्यक्ष माहरा के समझाने पर मान गए बागी संदीप

## रुद्रपुर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष के मनाने के बाद बोले संदीप, भतीजी नहीं लड़ेगी चुनाव, प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- कांग्रेस एकजुट, कई सीटों पर होगी जीत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** कुरैया पंचायत सीट पर बागी संदीप चीमा को आखिर कार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मना ही लिया है और उसके बाद संदीप ने भी अपनी भतीजी का पर्चा वापस करने का निर्णय लिया। जहां प्रदेश अध्यक्ष ने ऐलान किया कि कांग्रेस एकजुट है और अपनों को मना चुकी है। कांग्रेस त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत हासिल करेगी और सब से ज्यादा पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष बनाएंगी।

बताते चले कि कुरैया सीट पर सुनीता सिंह का पंचायत टिकट फाइनल होने के बाद दो बार के पंचायत सदस्य रहे संदीप चीमा ने अपनी भतीजी अमनदीप कौर का निर्दलीय पर्चा दाखिल कर दिया था। जिसके बाद बागी तेवर के बाद कुरैया सीट पर फतह होने को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म था। जिसको ठंडा करने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और बागी संदीप चीमा को आखिरकार मना लिया। जिस के बाद संदीप ने भी भतीजी का नामांकन वापस करने का निर्णय लिया।


रुद्रपुर में पत्रकारों से वार्ता करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा। ● अमृत विचार

प्रेस वार्ता में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने बताया कि कुरैया सीट पर जहां कुछ बड़े नेताओं का दबाव था और प्रकरण का संज्ञान भी हाईकमान ले चुका था। काफी चर्चा के बाद ही कुरैया सीट को फाइनल किया गया। उन्होंने कहा कि टिकट किसने कटवाई और क्यों कटवाई। यह मामला कांग्रेस का पारिवारिक है और इस पर टिप्पणी करना कांग्रेस की परंपरा नहीं है।

सिर्फ कांग्रेस अब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में फोकस कर चुकी है और प्रदेश में असुरक्षित महिलाएं, ध्वस्त होती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगार को लेकर संघर्ष कर रही है, जबकि धामी सरकार के चार साल बेमिसाल का नारा हवाहवाई है।

धरातल पर जनता त्रस्त हो चुकी है और चुनाव में जनता करारा जवाब देने को भी तैयार है। यहीं कारण है कि कांग्रेस ऐतिहासिक मतों से विजयी होगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, संदीप सीमा, मीना शर्मा, नारायण सिंह बिष्ट, गणेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।


किच्छा में सोमवार को लोगों की समस्याएं सुनते कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

## पंचायत चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताएं कार्यकर्ता: बेहड़

**किच्छा, अमृत विचार :** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विधानसभा के तमाम क्षेत्रों से लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनते हुए जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान जन संवाद कार्यक्रम में तमाम लोगों ने बिजली, पेयजल, जल भराव, सड़क एवं नाली निर्माण, विद्युत पोल आदि की समस्याएं दर्ज कराते हुए जल्द समाधान का आग्रह किया। विधायक बेहड़ ने तमाम लोगों की समस्याओं को सुनते हुए समस्याओं का निस्तारण जल्द करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर विधायक बेहड़ ने सभी कार्यकर्ताओं को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में एकजुट होकर कांग्रेस समर्थित 14 ग्राम सभा कुरैया से सुनीता सिंह, 15 ग्राम सभा दोपहरिया से गुरदास कालरा तथा 16 ग्राम सभा प्रतापपुर से प्रेम आर्य को जी- जान से चुनाव जिताने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्याशियों को अधिक से अधिक वोटो से जिताने के लिए टीम का गठन कर डोर टू डोर कन्वेंसिंग करें और मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील करें। मौके पर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, राजेश प्रताप सिंह, ओमप्रकाश दुआ, मेजर सिंह, गुलशन सिंधी, एन यू खान, सईदुल रहमान मलिक, गुड्डू तिवारी, राजवीर सिंह, शानू मलिक, प्रभजोत सिंह, हरजीत सिंह बग्गा, तेजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# गदरपुर में भाजपाइयों ने की चुनाव को लेकर बैठक

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** जिला पंचायत की खेमपुर सीट पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी सिल्की चंदरखेड़ा के आवास पर भाजपा क्षेत्र के बीजेपी बूथ अध्यक्षों की एक बैठक हुई।

बैठक को खेमपुर सीट के भाजपा प्रभारी चंकीत हुरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश एवं प्रदेश के अंदर जनता भाजपा के साथ खड़ी है और नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा प्रत्याशियों को वोट देना चाहती है। क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे द्वारा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का भी भाजपा प्रत्याशी को विशेष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के अंदर बूथ अध्यक्ष ही पार्टी की रीड होते हैं और उन सबको अपनी पूरी टीम के साथ इस चुनाव में मैदान में उतरने की आवश्यकता है। तय किया गया कि शीघ्र पूरे क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी बैठक चुनाव चिह्न आवंटन के बाद की जाएगी। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक हुरिया, भाजपा प्रत्याशी सिल्की चंदर खेड़ा, मंडल अध्यक्ष सुरेश सुराना, अजय बटला, नवीन खेड़ा, कश्मीर कंबोज, अंकित व राहुल भाटिया रहे।



गदरपुर में बैठक लेते खेमपुर सीट के भाजपा प्रभारी चंकीत हुरिया। ● अमृत विचार

# जांच के पहले दिन 208 नामांकन वैध पाए गए

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सोमवार से नामांकन पत्रों की जांच का काम शुरू किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सदस्यों के 209 नामांकन पत्रों की जांच में 208 नामांकन पत्र वैध पाए गए जबकि एक ग्राम प्रधान पद का नामांकन रद्द पाया गया।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए हुए 1143 नामांकन पत्रों की जांच का काम किया गया। तीन दिनों तक चलने वाली जांच प्रक्रिया के पहले दिन की जांच के बाद चुनाव अधिकारी आनंद सिंह नेगी और खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र सिंह कन्याल ने बताया कि पहले दिन प्रधान पद के 93 नामांकन पत्रों की जांच हुई जिसमें 92 वैध पाए गए जबकि एक नामांकन पत्र रद्द हुआ। वहीं ग्राम पंचायत सदस्य के सभी 116 नामांकन पत्र वैध पाए गए। पहले दिन कुल 209 नामांकन पत्रों की जांच की गई जिसमें 208 वैध पाए गए। बीडीसी के मतपत्रों की जांच नहीं हुई।

### काशीपुर में कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर :** कच्ची शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसके कब्जे से 97 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम ब्रह्मनगर में सेमलपुरी रोड से ग्राम जगतपुर निवासी बलविंदर सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से दो अलग-अलग कट्टों में 50 लीटर व 47 लीटर कुल 97 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

### कांग्रेस ने जिला पंचायत चुनाव के लिए कमर कसी

**खटीमा, अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विकासखंड की जिला पंचायत की पांचों सीटों पर परचम लहराने का दम भरते हुए प्रत्येक जिला पंचायत सीट पर दो दो प्रभारी नामित किए है। विधायक भुवन कापड़ी ने पांचों सीटें जीतने का दावा किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करन महरा ने विकासखंड की पांचों जिला पंचायत सीट के प्रभारी घोषित किए हैं। जिनमें बिगराबाग सीट के लिए नवीन जोशी और विक्रम बुंगला, नगरा तराई सीट के लिए रमेश रौतेला और सुरेन्द्र राणा, मझोला-1 सीट के लिए नरेंद्र आर्या और अंकित सिंह, प्रतापपुर सीट के लिए बलदेव सिंह और उमेश प्रजापति तथा पहेनियां जिला पंचायत सीट के लिए पूरन मेहता और पंकज टम्टा को प्रभारी नामित किया गया है। विधायक भुवन कापड़ी ने कहा कि विकासखंड की पांचों पर कांग्रेस परचम लहराएगी। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष माहरा के प्रयास की सराहना की और कार्यकर्ताओं से चुनाव में जुट जाने को कहा।

# जिपंस. प्रत्याशी भावना को जिताने की अपील

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** जिला पंचायत बरीराई क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य पद की प्रत्याशी भावना कोरंगा को अपना समर्थन देते हुए विधायक अरविंद पांडेय ने कहा क्षेत्र का चहुमुखी विकास के साथ सभी वर्गों को साथ लेकर विकास की मुख्य धारा से जोड़ेंगी।

पांडेय ने कहा कि भावना कोरंगा का परिवार 30 वर्षों से लगातार भाजपा संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य करता आ रहा है। सभी कार्यकर्ता तन मन से भावना कोरंगा को विजयी बनाने का आवाह्न किया। इस मौके पूर्व सैनिक संगठनों व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने अपना समर्थन दिया। इस दौरान जिपंस प्रत्याशी भावना कोरंगा ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए विजयश्री का आशीर्वाद लिया। रविवार की शाम भावना कोरंगा के आवास खटोला (मदनापुर) में आयोजित बैठक को वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिपंस. मोहन सिंह पानू ने कहा कि प्रत्याशी भावना कोरंगा के ससुर पूर्व सैनिक स्व. सोवन सिंह कोरंगा व सास पूर्व प्रधान स्व देवकी देवी कोरंगा ने अपने ग्राम प्रधान के कार्यकाल में सभी वर्गों को साथ लेकर विकास कार्य करवाए।


खटोला मदनापुर में सभा को संबोधित करते विधायक अरविंद पांडेय।

भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल ने कहा कि दिनेशपुर भाजपा मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के विकास व सभी लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पूर्व सैनिकों व क्षेत्रवासियों ने अपना समर्थन भावना कोरंगा को दिया है। पूर्व सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर ने कहा कि भावना कोरंगा कर्मठ, ईमानदार, संघर्षशील व शिक्षित हैं। गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर व अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की जिला व ब्लॉक समिति ने उन्हें अपना पूर्ण समर्थन दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति ब्लॉक अध्यक्ष कै.धन सिंह कोरंगा, संचालन भाजपा नेता संजीव भटेजा व प्रकाश कोश्यारी ने किया।

इस मौके पर निवर्तमान प्रधान हेमगिरी गोस्वामी उर्फ हिमांशु, सहकारी समिति पूर्व अध्यक्ष भगत सिंह धर्मशक्तू व बच्चन सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिमांशु सरकार, युवा नेता अतुल पांडेय व योगेश पानू, डायरेक्टर बलवंत सिंह कोरंगा, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, गोविंद सिंह कोरंगा, गोपाल सिंह ठठोला, तरुण दुबे, दिनेश नयाल, राम सिंह कोरंगा, महेंद्र सिंह पपोला, देव सिंह धर्मशक्तू, कैलाश पाठक, खोकन सरकार, सूबेदार भुपाल सिंह कोरंगा, पुष्कर चंद, गोपाल सिंह पपोला, राजेंद्र सिंह कोरंगा, प्रयागदत्त कांडपाल आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्टेडियम की दीवार का नहीं हुआ निर्माण

**काशीपुर :** स्टेडियम की गिरी दीवार का निर्माण नहीं होने से स्टेडियम में अराजक तत्वों के प्रवेश की संभावना बनी हुई है। चार दशक पूर्व रामनगर रोड पर स्टेडियम का निर्माण किया गया था। उस समय ही चहारदीवारी बनाई गई थी, लेकिन देखरेख के अभाव में दीवारों की हालत भी खस्ता होती चली गई। करीब तीन साल पूर्व स्टेडियम के मुख्य भवन के पास से शौचालय तक करीब पचास मीटर दीवार बरसात के दौरान गिर गई थी। कुछ समय बाद ही तत्कालीन उप क्रीड़ाधिकारी का स्थानांतरण हो गया। इसके बाद काफी समय तक दीवार का मलबा ऐसे ही पड़ा रहा। इसे उठवाने तक का प्रयास नहीं किया गया। इससे स्टेडियम में अराजक तत्व भी प्रवेश करने लगे हैं। कई बार जिले के संबंधित अधिकारी से दीवार बनवाने की डिमांड की गई, लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं हो सका।

# सहायता कोष राशि बढ़ाकर पांच करोड़ करने की मांग

- रुद्रपुर विधायक पर श्रेय लेने का आरोप
- आम आदमी पार्टी नेता सुभाष व्यापारी ने उठाई मांग

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी बंगाली प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने बंद श्री गुरुचांद ठाकुर स्मृति सहायता कोष शुरू करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि निवर्तमान मुख्यमंत्री हरीश रावत ने दो करोड़ की स्वीकृति देकर श्री गुरुचांद ठाकुर स्मृति सहायता कोष शुरू करवाया था। प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही इसे बंद कर दिया था। उनका आरोप था कि सहायता कोष शुरू होते ही रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा इसका श्रेय लेना चाहते हैं। जबकि बंगाली समाज के जनप्रतिनिधियों के अथक प्रयासों से पुनः श्री गुरुचांद ठाकुर स्मृति सहायता कोष शासन द्वारा शुरू किया गया है। कहा कि तत्कालीन सीएम हरीश रावत ने बंगाली समाज के बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए सहायता कोष बनाया था। भाजपा सरकार आते ही सहायता कोष बंद कर दिया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की कि बंद अवधि की धनराशि कोष में जमा कराई जाए। अन्यथा राशि बढ़ाकर पांच करोड़ वार्षिक की जाए। सुभाष माझी, नरेश मंडल, सुशील भक्त, तपन घरामी, नरेश विश्वास, मनोरंजन साना, पंकज राय, विक्रम मेहता, नारायण हालदार, मनोज व्यापारी आदि मौजूद थे।


दिनेशपुर आप बंगाली समाज प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी की प्रेस वार्ता करते।

# मेलाघाट रोड से अज्ञात शव बरामद

**खटीमा, अमृत विचार :** कोतवाली की बाजार चौकी पुलिस ने मेलाघाट रोड से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त न हो पाने के चलते पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। मुख्य चौक के निकट मेलाघाट रोड पर एक मृत व्यक्ति के होने की सूचना पर बाजार चौकी प्रभारी किशोर पंत टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। अलबत्ता कुछ लोगों ने बताया कि यह व्यक्ति कूड़ा कबाड़ा बीनते देखा गया है। चौकी प्रभारी पंत ने कहा कि शव को 72 घंटे के लिए मोर्चरी में रखा गया है। उन्होंने कहा कि आसपास के थाना और चौकियों को इसकी सूचना दे दी गई है ताकि शव की शिनाख्त हो सके।

# शिव-अजय की जोड़ी ने बागियों को मनाया

- अमिता को ममता व हरनीत ने दिया समर्थन
- देर शाम गांव पहुंचे विधायक व सांसद फिर रूठों को समझाया

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** खानपुर पूर्व में भाजपा के दो बागियों ने नामांकन पत्र दाखिल कर भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दी थी, लेकिन विधायक शिव अरोरा और सांसद अजय भट्ट की जोड़ी नेरूठे बागी प्रत्याशियों को मना लिया, जिसके बाद अमिता विश्वास का रास्ता साफ हो गया।

बताते चले कि खानपुर पूर्व में टिकट नहीं मिलने के कारण पंचायत सदस्य रहे राजेश बजाज ने बगावत करते हुए अपनी पत्नी ममता बजाज का पंचायत सदस्य के लिए पर्चा दाखिल कर दिया था। वहीं दूसरी ओर भाजपा से बागी हुए गुरबाज सिंह ढुमडा ने अपनी पत्नी हरनीत कौर भी अपना नामांकन दाखिल करने के बाद भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दी थी। सोमवार की शाम को सांसद अजय भट्ट और विधायक शिव अरोरा ने खानपुर गांव पहुंचे और रूठे भाजपा समर्थित बागी राजेश बजाज और गुरबाज को समझा बुझाकर मना लिया और भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास की पत्नी अमिता विश्वास को अपना समर्थन देने का ऐलान भी करवा दिया। जिसके बाद अमिता विश्वास की राह आसान हो गई। विधायक और सांसद ने कहा कि भाजपा एक संगठित परिवार है और परिवार के रूठे लोगों को मनाना हमेशा नीति रही है। यही कारण है कि भाजपा विशाल वटवृक्ष बन चुकी है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में एक बार फिर भाजपा सर्वाधिक सीटे जीतेगी। यहां सरदार सिंह चावला, मनमोहन बाधवा, अवतार सिंह, अवतार सिंह चावला, हरपाल चावला, गुरनाम कालड़ा, विपिन जल्होत्रा, अंकित बठला, विनोद बत्रा, सरिता चौधरी, रामप्रसाद मंडल, ठाकुर विश्वास, मनीष मुंजाल, किरन विर्क, अनमोल विर्क, विपल्व, रोबिन सरकार, अरविन्द, मयंक कक्कड़, प्रेम सिंह, पारस बजाज, महेंद्र आर्य, सुब्रत, विकास सागर मौजूद रहे।


रुद्रपुर में रूठों को मनाने के बाद एकजुटता दिखाते सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा व अन्य भाजपाई। ● अमृत विचार

कार्रवाई

## वाहन चोरों ने एक पखवाड़े के बीच आसपास के क्षेत्र से चुराए थे दुपहिया वाहन

# चोरी किए गए दोपहिया वाहनों समेत तीन दबोचे

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो बाईकों और स्कूटी सहित तीन बाइक चोरों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही दुपहिया वाहनों की चोरी को देखते हुए पुलिस ने टीम गठित कर जल बिछाया था। जिसमें उन्हें सफलता मिली है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कुछ समय से खटीमा छेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ रही थी। जिसको देखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी और कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी द्वारा चोरों को पकड़ने के लिए टीमों का गठन किया गया था। पुलिस ने रविवार को उत्तर प्रदेश सीमा से लगे हल्दी इंटर बाईपास से गंगी गिधौर निवासी सत्यपाल, बाइस पुल खिलड़िया निवासी प्रकाश और सिसैया निवासी अजय को दो बाइक तथा एक स्कूटी बरामद की है। पकड़ा गया सत्यपाल उर्फ सत्ता के खिलाफ सितारगंज थाने में धारा 379, 411 बीएनएस, खटीमा कोतवाली में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कारवाई के बाद उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया। टीम में कोतवाल दसौनी, एसएसआई ललित मोहन रावत, ललित बिष्ट, पंकज सिंह महर, भूपेंद्र सिंह, इसाक अहमद, ललित कन्याल, त्रिभुवन पलड़िया आदि थे।


खटीमा में चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिस टीम।

### बरामद दोनों बाइकें कोतवाली क्षेत्र से की गई थीं चोरी

**खटीमा :** कोतवाली पुलिस ने दो बाइक और एक स्कूटी सहित तीन बाइक चोरों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। बरामद बाईकों में कुटरा निवासी रोहित सिंह मेहरा के घर के आंगन से 21जून को चोरी हो गई थी। जिसकी रोहित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं दूसरी बाइक की चोरी की रिपोर्ट नौसर निवासी सफाउद्दीन ने दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि वह नौसर पोस्ट ऑफिस में पोस्टमैन का काम करता है और दो जुलाई को डाक बटाने के लिए बैंक ऑफ बडौदा सत्रहमील गया था। जहां बैंक के बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई है।

# मीना विश्वास ने श्री गुरुचांद हरिचांद मंदिर में टेका माथा

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** पंचायत चुनाव में आपत्तियों की समाप्ति के बाद प्रत्याशीयों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। चुनाव चिह्न मिलने के बाद चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगेगा। ग्राम पंचायत विजयनगर की प्रधान पद की महिला प्रत्याशी मीना विश्वास ने चुनाव प्रचार शुरू करने से पूर्व गुरुचांद हरिचांद धर्म मंदिर में पूजा- अर्चना की। तत्पश्चात आचार्य स्वामी विवेकानंद महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस मौके पर मीना विश्वास ने कहा पूर्व में वह जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं। उन्हें क्षेत्र की तमाम समस्याओं की जानकारी है। उनका मुख्य मुद्दा प्रधानमंत्री आवास, लिंक मार्गो का पक्कीकरण, शिक्षा, पानी निकासी न होने पर सोख्ता व सुलभ शौचालय जैसी समस्याओं लोगों को निजात दिलाना है। उन्होंने बताया कि उनके पति त्रिनाथ विश्वास समाज सेवा करते हुए जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष रह चुके हैं। गरीबों व जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद करते रहते हैं। उन्होंने कहा उन्हें सभी समुदायों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। इस मौके पर जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, मृदुल कुमार, सुशांत सरकार, हरिपद गोलदार, तपस कुमार, शांति देवी, गोविंद दफादार, कमल गोसाई आदि मौजूद थे।



दिनेशपुर में श्री हरिचांद गुरुचांद धर्म मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं मीना विश्वास व त्रिनाथ विश्वास।

# किच्छा से तीन नाबालिग लापता

**किच्छा, अमृत विचार :** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में तीन नाबालिगों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में नगर के पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि विगत दिवस 11:30 बजे के करीब उसकी गैर मौजूदगी में उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर से कहीं चली गई है। महिला ने बताया कि पुत्री की तलाश के दौरान उसे पता चला कि मकान मालिक तथा पड़ोस निवासी दो नाबालिग भी घर से कपड़े लेकर फरार हुई हैं। महिला के अनुसार तीनों नाबालिगों योजना बनाकर घर से गए हैं। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते उनकी सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर तीनों नाबालिगों की तलाश तेज कर दी है।

### प्रशासन, अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम के निरीक्षण में दिए सुधार करने के निर्देश

# रिलायंस व विशाल मेगा मार्ट में मिलीं खामियां

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



हल्द्वानी में निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट जीएस चौहान, एसडीएम राहुल शाह व सीएफओ गौरव किरार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन, अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न मार्ट, शोरूम आदि का निरीक्षण किया और अग्निशमन के मानकों का जायजा लिया। टीम ने अग्निशमन के मानकों का पालन नहीं करने पर सुधार के निर्देश दिए गए।

सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट जीएस चौहान, एसडीएम राहुल शाह व सीएफओ गौरव किरार के नेतृत्व में प्रशासन व अग्नि शमन विभाग की संयुक्त टीम ने रिलायंस स्टोर, विशाल मेगा स्टोर समेत कई मार्ट और मेगा डिपार्टमेंटल स्टोर आदि में अग्नि सुरक्षा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने अग्निशमन यंत्रों, फायर अलार्म, स्प्रिंकलर प्रणाली, आपातकालीन निकास, निकासी संकेतों और अग्निशमन के लिए आरक्षित पानी की टंकियों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता की गहन जांच की। निरीक्षण में कई गंभीर खामियां जैसे अग्निशमन उपकरणों का अनुपलब्धता, आपातकालीन निकासी मार्गों पर अतिक्रमण, दिशा-संकेतों की कमी तथा सुरक्षा मानकों की अनदेखी मिली। इसके अलावा दोनों मार्ट में आपातकालीन सीढ़ियों पर किराना सामग्री का भंडारण था जो कि अग्नि सुरक्षा के उपायों का गंभीर उल्लंघन था। टीम ने इसे तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। टीम की ओर से सभी मार्टस के लिए नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं।

## रेस्टोरेंट व ठेलों पर शराब पिलाते पकड़े

**हल्द्वानी :** प्रशासन, नगर निगम एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार की रात को मंगल पड़ाव चौकी के पास रेस्टोरेंट, ठेलों पर अवैध ढंग से शराब पिलाने वालों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। टीम को देखकर शराब पीने और पिलाने वाले मौके से फरार हो गए। वहीं, कई दुकानों से देसी व अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

टीम ने विभिन्न दुकानों से तीन से अधिक पेटी देसी एवं विदेशी शराब जब्त कीं। दो रेस्टोरेंट व ठेले संचालकों को मौके पर पकड़ा और आधा दर्जन के खिलाफ आबकारी एक्ट में चालान किया गया। इसके अलावा, नगर निगम ने नियमों के उल्लंघन पर आठ का चालान भी किया। टीम में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, एसडीएम राहुल शाह, आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र बिष्ट रहे।

## फैमिली मीट टूगेदर का आयोजन

**नैनीताल :** शिल्पकार सभा नैनीताल की ओर से सोमवार को डॉ. आंबेडकर भवन में पारिवारिक मेलजोल कार्यक्रम फैमिली मीट टूगेदर का आयोजन किया गया। जिसमें सभा सदस्यों के साथ उनके परिजनों ने भाग लिया। सभा अध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्रा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से संगठन की एकजुटता बढ़ती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में मजबूत कदम उठाए जा सकते हैं। मंत्री अनिल गोरखा की बेटी व एनआईटी सूरतकल, मंगलोर से स्नातक दिव्यांगना चंद्रा ने बच्चों को कॅरियर व शिक्षा संबंधी मार्गदर्शन दिया। यहां महासचिव राजेश लाल गांधी, मुख्य संयोजक वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, इंद्र कुमार, कैलाश चंद्र, विनोद कुमार, कैलाश आगरकोटी, धमेंद्र कुमार, प्रदीप त्यागी रहे।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए फायर सर्विस चालक संदीप सम्मानित



रुद्रपुर में संदीप को सम्मानित करते पदाधिकारी।

**जसपुर :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण के सदस्यों ने फायर सर्विस चालक को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। संस्था के जिलाध्यक्ष राकेश अरोड़ा ने अपनी टीम के साथ फायर स्टेशन जसपुर में चालक पद पर तैनात संदीप कुमार असनावडे को स्मृति चिह्न भेंट किया। असनावडे को उनके अग्निशमन कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मानव कल्याण क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ऊधमसिंह नगर ईशान कटारिया, अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र, राजेंद्र सैनी आदि ने उन्हें बधाई दी।

## पर्यटकों की कार ने मारी स्कूटी में टक्कर

**नैनीताल :** शहर के मल्लीताल क्षेत्र में हरियाणा के पर्यटकों की कार ने स्थानीय युवक की स्कूटी में टक्कर मार दी। इसको लेकर पर्यटकों ओर स्थानीय लोगों के पक्षों में जमकर विवाद हुआ। विवाद बढ़ा तो पर्यटकों की गाड़ी में बैठी महिलाएं भी सड़क पर उतर आई और स्थानीय लोगों के साथ धक्का- मुक्की करने लगी।

पर्यटकों और स्थानीय लोगों के बीच हाथापाई भी हुई। चौकी के पास हुई घटना के बाद तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने पर्यटकों को पुलिस चौकी में बैठा दिया और स्थानीय लोगों की भीड़ को मौके से हटाया। लोगों ने आरोप लगाया कि पर्यटक अनियंत्रित गति से गाड़ी चला रहे थे। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि पर्यटकों के खिलाफ गाड़ी में ब्लैक फिल्म लगाने और विवाद करने पर एमवी एक्ट के तहत चलने कार्रवाई की है।

### एक नजर

#### बिच्छू ने युवक को डंक मारा

**बाजपुर :** हरिपुरा जबरान निवासी 19 वर्षीय विजय पुत्र सलाम सोहन सिंह को रविवार की देर रात करीब 11 बजे घर के निकट जंगल क्षेत्र में बिच्छू ने डंक मार दिया। परिजनों ने आनन-फानन में ही उसे सरकारी अस्पताल बाजपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू कर दिया। युवक दर्द से कराहता रहा।

#### भारत विकास परिषद की बैठक हुई

**गदरपुर :** भारत विकास परिषद गदरपुर शाखा की बैठक में मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष विनय खुल्लर तथा विशिष्ट अतिथि परिषद के प्रांतीय संगठन सचिव रवींद्र बजाज मौजूद रहे। बैठक में परिषद की स्थानीय शाखा के अध्यक्ष राजीव ग्रोवर द्वारा पिछले तीन माह में हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी और आगामी होने वाले कार्यक्रमों के पर भी चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष विनय खुल्लर द्वारा भारत विकास परिषद की गदरपुर शाखा के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया और शाखा में नए सदस्यों को जोड़ने का भी आह्वान किया। सचिन डॉक्टर, सोनू विश्वास, कोषाध्यक्ष डॉ. विनीत अरोड़ा, महिला संयोजक अंजू भुड्डी, बंटी छाबड़ा, सुभाष खुराना व विनोद चुग मौजूद रहे।

#### मुस्लिम समाज ने लगाई मीठे पानी की छबील

**गदररपुर :** गदरपुर के वार्ड नंबर 11 स्थित बस अड्डा कॉलोनी में मुस्लिम समाज के युवाओं ने कर्बला के शहीदों की याद में छबील ओर चने का स्टाल लगाया। फैजान खान, नईम मालिक, परवेश शेख, आलम सलमानी, बाबू अंसारी, अशरफ मालिक, फारुक खान, फरमान अली, गुफरान अंसारी, शमशेर मालिक, शाहरुख सैफी, इमरान खान, वसीम, जाहिद मालिक व वसीम मालिक मौजूद रहे।

# धरा को हरा-भरा बनाने का लिया संकल्प

### विद्यार्थियों ने पौधों की नियमित देखभाल की शपथ ली, एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

संवाददाता, सितारगंज



पौधरोपण करती छात्रा व महिला। ● अमृत विचार



प्राथमिक विद्यालय जगतारपुर में पौधरोपण कार्यक्रम में मौजूद लोग व बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय भरौनी में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक वृक्ष मां के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने पौधा लगाकर अपनी मां के नाम समर्पित किया, जो न सिर्फ पर्यावरण के प्रति उनके प्रेम को दर्शाता है बल्कि अपनी जननी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का भावनात्मक प्रतीक भी बना।

बच्चों ने नीम, पीपल, बरगद और अमरूद जैसे पौधों का रोपण करते हुए पर्यावरण को सुरक्षित रखने और पौधों की नियमित देखभाल करने की शपथ ली। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापक रेवती देवी, शिक्षक अजय सिंह क्वीरा, प्रबंध समिति की अध्यक्ष मंतीवती, उपाध्यक्ष सोनिया, प्रदीप सिंह राणा, मनजीत कौर, परमजीत कौर, लता मंगेश, महेंद्र सिंह, रेनू सहित अनेक अभिभावकों और नागरिकों ने भाग लिया। प्रधानाध्यापक रेवती देवी ने कहा कि यह अभियान बच्चों में न केवल पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत करता है, बल्कि उनके दिलों में अपनी मां के प्रति सम्मान और प्रेम को भी मजबूत करता है। प्रबंध समिति अध्यक्ष मंतीवती ने बच्चों की जागरुकता और उत्साह की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर सुंदर कविताएं प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय प्रशासन ने ऐसे आयोजनों को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने की घोषणा की, जिससे भावी पीढ़ी में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक मूल्यों का भाव बना रहे।

#### प्राथमिक विद्यालय जगतारपुर में किया पौधरोपण

**सितारगंज, अमृत विचार :** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय जगतारपुर में प्रधानाचार्य पाकेश चौहान के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं को वनों के महत्व, आवश्यकता एवं दैनिक जीवन में उनकी उपयोगिता के साथ-साथ वन्य जीवों की महत्ता के विषय में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय ग्रामीणों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और वन विभाग के कर्मचारियों की सहभागिता से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शिक्षक सुरेश चन्द्र, मयंक अग्रवाल, रमेश राय, मनोज ब्रहम, रामचन्द्र निषाद, गोविंद कुमार, विनीता राणा, किरण भट्ट, महेन्द्र सिंह, चेतराम, दीपक, हरदेव सिंह, मनदीप सिंह, राजेश कुमार, बलवीर सिंह, कुलवन्त सिंह, राजविन्दर सिंह, जोगेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, कुलविन्दर सिंह उपस्थित रहे।

## दिसंबर में कुमाऊं विवि आएंगे जापानी वैज्ञानिक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने जापान के प्रतिष्ठित संस्थान जापान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के साथ छात्र विनिमय कार्यक्रम शुरू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान एस रावत के नेतृत्व में सोमवार को जेएआईएसटी के प्रो. काजुआकी मात्सुमुरा के साथ एक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई, जिसमें दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण सहमति बनी।

कार्यक्रम के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय से हर वर्ष चयनित 2-3 छात्र जापान जाकर तीन माह तक अध्ययन और शोध करेंगे। प्रारंभिक चरण में यह मौका विज्ञान संकाय के छात्रों को मिलेगा, जिनमें जीवविज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान और फार्मास्यूटिकल साइंस के छात्र शामिल रहेंगे। छात्रों को वहां के वैज्ञानिकों व फैकल्टी के साथ शोध करने का अवसर मिलेगा। तय हुआ कि दिसंबर माह में जेएआईएसटी के उपाध्यक्ष और वैज्ञानिकों की टीम नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय का दौरा करेगी। इस दौरान आपसी समझ, शोध साझेदारी और दीर्घकालिक संबंधों को और मजबूत किया जाएगा। कुलपति प्रो. दीवान एस रावत ने बताया कि यह ऐतिहासिक कदम है। इससे विवि की अंतर्राष्ट्रीय साख बढ़ेगी, छात्रों को वैश्विक मंच पर अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि भविष्य में यह कार्यक्रम कंप्यूटर साइंस, ललित कला सहित अन्य विषयों तक भी विस्तारित किया जाएगा। बैठक में कुलसचिव डॉ. मंगल एस मंद्रवाल, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. नंदगोपाल साहू, विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. चित्रा पांडे, बायो मेडिकल संकाय के अधिष्ठाता डॉ. महेंद्र राणा, डॉ. दीपक आर्य और डॉ. अनिता आर्य भी उपस्थित रहे।

#### 15 लीटर कच्ची शराब के साथ एक धरा

**रामनगर :** मालधन चौकी पुलिस ने एक व्यक्ति को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि आरोपी सूरज पुत्र छिन्दर सिंह निवासी मोहन नगर मालधन चौड़ रामनगर को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया है।

#### अज्ञात बस चालक पर मुकदमा दर्ज

**रामनगर :** पुलिस ने बाइक सवार एक व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल करने के मामले में अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगमा मलिक पत्नी इसरार निवासी गुलरघट्टी रामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 31 मई को उसके भाई नाजिम अली काम करके बाइक से घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बस चालक ने हिम्मतपुर चौराहा पर टक्कर मारकर उन्हें घायल कर दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

#### अवैध दुकानों पर प्रशासन ने की कार्रवाई

**नैनीताल, अमृत विचार :** जिला प्रशासन की ओर से सड़क किनारे अवैध दुकान लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। प्रशासन की टीम ने बारा पत्थर से सरिताताल तक लगभग 20 दुकानें हटवाई हैं। लंबे समय से जगह -जगह सड़कों पर स्थानीय व बाहरी लोगों ने अवैध तरीके से फड़ व खोखे लगा दिए हैं। अब प्रशासन ने सड़क किनारे अवैध दुकानें हटाने का अभियान तेज कर दिया है। जिला प्रशासन की ओर से लोनिवि, वन विभाग, पालिका, राजस्व व पुलिस की टीम ने बारा पत्थर से सरिताताल तक अवैध दुकानें हटावाई।

#### रामनगर में चूहों का आतंक, खोखली कर रहे मकानों की नींव

**रामनगर :** रामनगर में चूहों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मुख्य बाजार क्षेत्रों में यह समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। व्यापारियों और स्थानीय निवासियों के मुताबिक, चूहे नालियों के जरिए मकानों की नींव तक पहुंच रहे हैं और वहां गड्ढे बनाकर बुनियाद को खोखला कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि बीते कई वर्षों से नालियों की सफाई और मरम्मत का कार्य नहीं हुआ है। जर्जर हो चुकी नालियों में चूहों ने बसेरा बना लिया है। विशेष रूप से बाजार क्षेत्रों में खाद्य सामग्री की दुकानों की अधिकता के कारण चूहों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अब तक दर्जनों मकानों में चूहों द्वारा नींव को नुकसान पहुंचाने के मामले सामने आ चुके हैं। लोगों ने नगर प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है। रामनगर की जसपुरिया लाइन, लोहारा लाइन, बजाजा लाइन, ज्वाला लाइन व नंदा लाइन के साथ ही अन्य हिस्सों में भी ये समस्या देखी जा रही है। रामनगर के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने मामले का संज्ञान लेते हुए बताया कि प्रभावित इलाकों का सर्वे कराया जा रहा है। जहां-जहां चूहों की खोदाई और नालियों की क्षति हुई है, उसकी सूची तैयार की जा रही है, जल्द ही नालियों की मरम्मत और सफाई कार्य शुरू कराया जाएगा। सफाई विभाग की विशेष टीम गठित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### धर्म दर्शन

## जगत के कल्याणकर्ता महादेव शिव



पं.मनोज कुमार द्विवेदी
कानपुर

सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं सहांर के देवता भगवान शिव हैं, शिव अनादि हैं सृष्टि-प्रक्रिया के आदिस्रोत हैं तथा वे ही महाकाल भी हैं। सभी देवों के अधिपति भगवान शिव हैं, इसलिए उन्हें महादेव भी कहा जाता है। शिव महादेव के रूप में सर्वपूज्य व सर्वमान्य इसलिए हैं क्योंकि उनका व्यक्तित्व बड़ा विलक्षण है। उनके व्यक्तित्व के आंतरिक पक्ष की तो व्याख्या करना भी अति दुष्कर है, किंतु बाह्य स्वरूप को देखकर ही दिव्यता का आकलन किया जा सकता है। श्रावण मास में जो व्यक्ति शिव की आराधना पूरे मन से करता है, देवाधिदेव उन्हें मनोवांछित फल प्रदान करते हैं, विभिन्न द्रव्यों से भगवान शंकर का अभिषेक करने से व्यक्ति की विभिन्न प्रकार की इच्छाएं मनोकामनाएं पूरी होती है। पुराणों के अनुसार समुद्र मंथन श्रावण मास में हुआ था। उस समय समुद्र मंथन से 14 प्रकार के तत्व 14 रत्न निकले। इनमें से 13 तत्वों व रत्नों देवताओं व दानवो ने आपस में वितरण कर लिया, लेकिन उन तत्वों में से एक तत्व हलाहल विष भी निकला।

वह हलाहल विष भगवान शंकर को दिया गया, हलाहल विष भगवान शंकर ने अपने कंठ (गले) मैं धारण किया। उससे भगवान शंकर का कन्नीला पड़ गया, इससे भगवान शंकर नीलकंठ कहलाए। परंतु उस जहर की गर्मी इतनी अधिक थी की देवताओं को जहर की गर्मी शांत करने का कोई उपाय नहीं सूझा। इस पर शीतलता डाई चंद्रमा को शिव शंकर ने मस्तक पर धारण किया तथा भगवान शंकर के मस्तक पर ही गंगा अवतरित किया, उस पर गर्मी कम नहीं तो शहस्त्र जलो की धाराओं से भगवान शंकर का अभिषेक किया गया। तभी से भगवान शंकर पर जल चढ़ाने की परंपरा व धारणा चली आ रही है।

जल के अतिरिक्त दूध दही घी गन्ने का रस शहद गंगाजल आमरस सकरा आदि विभिन्न द्रव्यों से शिव का अभिषेक विभिन्न कामनाओं की पूर्ति के लिए किया जाता है। भगवान शंकर का अभिषेक कामना की पूर्ति करने में निम्म सहायक है। जल से शिव का अभिषेक करने पर दीघार्यु प्राप्ति होती है तथा विघ्नों का नाश होता है दूध से अभिषेक करने पर स्वस्थ शरीर व निरोगी काया प्राप्त होती है। गन्ने के रस (इक्षु रस) से शिवजी अभिषेक करने पर लक्ष्मी जी की कृपा प्राप्त होती है तथा व्यक्ति से सुसंपन्न होता है। इत्र से (सुगंधित द्रव्य) से अभिषेक करने पर व्यक्ति कीर्तिवान होता है। शकरा(शक्कर) से अभिषेक करने पर पुष्टि में वृद्धि होती है आम रस से अभिषेक करने पर योग्य संतान प्राप्ति होती है। गंगाजल से अभिषेक करने पर मुक्ति (मोक्ष) प्राप्त होता है। घी से शिव का अभिषेक करने से संपन्नता आती है। तेल से अभिषेक करने पर विघ्नों का नाश होता है। सरसों के तेल से श्रावण मास में शिव अभिषेक करने से शत्रुओं का दमन होता है।


### वर्ग पहेली-25

**बाएं से दाएं**

3. अवसर के अनुकूल, अवसरोचित, मौके के मुताबिक।
5. 1. धोखेबाज़ी, वंचकता 2. छल-कपट।
6. 1. दूसरा, अन्य और, भिन्न 2. फिर, दुबारा, पुनः।

**ऊपर से नीचे**

1. पुरालेखभवन, वह कक्ष या स्थान जहां पुराने अभिलेख संगृहीत कर रखे जाते हैं, (आर्काइव्ज़)।
2. 1. चंचलता, चपलता 2. चुलबुलाने की क्रिया
3. 1. यातना देने की क्रिया 2. किसी के साथ कष्टदायक व्यवहार।
4. 1. ब्रह्मा 2. बृहस्पति 3. कवि 4. वक्ता।
5. 1. धोखे या चालाकी से दूसरों की धन-संपत्ति या माल हड़प जाने वाला व्यक्ति, छली व्यक्ति, धूर्त व्यक्ति 2. दलाल 3. अठारहवीं-उन्नीसवीं शताब्दी में राहगीरों को बहला-फुसलाकर उनका माल छीन लेने वाले लोग तथा उनका कुख्यात गिरोह 4. ठगों के गिरोह का सदस्य 5. कम तौलने और अधिक कीमत लेने वाला दुकानदार 6. धोखेबाज़।



### वर्ग पहेली -24 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | दे | श | | | | |
| | | | 2 सं | पो | ष | ण |
| | 3 गुं | | स् | | | |
| 4 दं | डा | धि | का | री | | 5 दा |
| | शा | | री | | | दृ |
| 6 तौ | ही | न | | | | पं |
| | | | 7 वा | म | पं | थी |

### सुडोकू -32

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 9 | | | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 8 | | | 7 |
| 3 | | 1 | 6 | | | 8 | | 5 |
| | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| 4 | | 6 | | | 7 | | | |
| 7 | | 8 | | | 5 | 3 | | 6 |
| 2 | | | 7 | | 3 | | 9 | |
| 1 | | | | | 4 | | | 8 |

### सुडोकू - 31 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 6 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 8 | 3 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 2 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 |

### आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 जुलाई, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी-9 जुलाई 12.38 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष** — आज आपकी दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो दिन सौभाग्यशाली रहेगा। व्यवहार में अहंकार का प्रदर्शन न करें। थोड़े ही प्रयासों से आपके काम सफल हो जायेंगे।

**वृष** — आज जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति व्यवहार अच्छा रखें। अस्वस्थ लोगों की सेहत में सुधार होगा। प्रेम संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं।

**मिथुन** — आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। बैंकिंग और मैनेजमेंट से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। सोशल मीडिया में आपके नए मित्र बन सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आज आपकी सामाजिक छवि सुधर सकती है। अकारण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में शांति रहेगी। यदि कोई ऋण ले रहे हैं तो सावधानी रखें। घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो सकता है।

**सिंह** — आज घर के किसी अविवाहित सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है। प्रभावशाली लोगों के बीच आपका उठना-बैठना रहेगा। शांतिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। समय का सदुपयोग अवश्य करें। मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे।

**कन्या** — आज वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अपनी रणनीति में परिवर्तन कर सकते हैं। परिवार में किसी धार्मिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। अपने काम की गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास करें। विरोधियों के कारण कार्यक्षेत्र में तनाव हो सकता है। नई संपत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं।

**तुला** — आज यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर काम पूर्ण करें। संतान को उचित मार्गदर्शन देने का प्रयास करें। पूरा ध्यान अपने काम पर लगाएं। आपकी कोई मनोकामना आज पूर्ण हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज अधिकारी आपके विरुद्ध हो सकते हैं। बहुमूल्य वस्तुओं को संभालकर रखें। एक साथ अनेक कार्य करने का प्रयास न करें। कानूनी मामने के उलझने की आशंका है। स्वभाव में क्रोध और चिड़चिड़ापन अधिक हो सकता है।


**धनु** — आज आपकी राय लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाली है। दाम्पत्य संबंधों में ताजगी रहेगी। मन में नए कार्यों को लेकर उत्साह की भावना में वृद्धि होगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के लिए दिन काफी अच्छा रहेगा। आभूषणों पर धन खर्च कर सकते हैं।

**मकर** — आज कारोबार की स्थिति में सुधार आने की संभावना है। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों को लेकर दोबारा उलझने से बचें। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे। अपने कार्यक्षेत्र को लेकर लापरवाही न करें।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में सावधानी रखने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। अध्यात्मिक विषयों पर गूढ़ अध्ययन कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे।

**मीन** — आज आप आलस्य करने से बचें। दिन संघर्षों से युक्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आयेगी। प्रियजनों की सलाह पर गंभीरता से विचार करें। बुखार और सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। कुछ महत्वपूर्ण काम अटक सकते हैं।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा, 9 जुलाई 03.15 तक तत्पश्चात मूल।

# नगर आयुक्त की नियुक्ति नहीं होने पर गरजे कर्मचारी

## नगर निगम कर्मचारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया, जल्द अधिकारियों की नियुक्ति नहीं होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी


अल्मोड़ा में सोमवार को नगर निगम परिसर में प्रदर्शन करते कार्मिक। ● अमृत विचार


अल्मोड़ा में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद की बैठक में मौजूद सदस्य।। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** समय पर वेतन देने और नगर आयुक्त समेत लेखा अधिकारी की नियुक्ति की मांग को लेकर नगर निगम के कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को नाराज पर्यावरण मित्रों ने नगर निगम परिसर में धरना दिया। इस दौरान जमकर नारेबाजी कर समस्याओं का समाधान नहीं होने तक धरने में डटे रहने की चेतावनी दी।

देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ और उत्तराखंड नगर निकाय कर्मचारी संघ के बैनर तले नगर निगम के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। नारेबाजी कर विरोध जताया। कहा कि नगर निगम में स्थायी नगर आयुक्त और लेखाधिकारी की तैनाती नहीं हो सकी है। इससे कर्मचारियों को कई माह से समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। पर्यावरण मित्रों को झाड़ू, पंजर, फावड़े आदि सफाई उपकरण तक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। कहा कि नगर निगम में कुछ पार्षदों के पारिवारिक सदस्यों की ओर से दबाव बनाकर कार्य क्षेत्र से हटकर अतिरिक्त कार्य कराए जा रहे हैं। कर्मचारियों ने नगर आयुक्त की स्थायी नियुक्ति, लेखाधिकारी की नियुक्ति, वेतन पेंशन के भुगतान आदि की मांग की।

कहा कि जब तक समस्याओं का निदान नहीं होगा कर्मचारी विरोध में डटे रहेंगे। जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर कार्य बहिष्कार की भी चेतावनी दी। इस अवसर पर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ प्रदेश महामंत्री राजपाल पवार, शाखाध्यक्ष दीपक चंदेल, पुष्कर सिंह बिष्ट, राजेश, सतीष, अशोक, कमल आर्या, विजय अधिकारी, बबीता, मनोज मिश्रा, दीपक बिष्ट, मनोज बिष्ट, कमल कपिल, ओमी बिष्ट, पुष्पा, माया, गोविंदी, बसंती, कांता, लीला, महेश, यशपाल, पंकज तिवारी, चंद्रशेखर कांडपाल, काजल पवार, प्रकाश चंद्र, जीवन ऐरी समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# क्वारब मार्ग का स्थायी समाधान करें

- पूर्व सैनिकों की बैठक में कई समस्याओं पर हुई चर्चा
- नगर में किन्नरों की मनमानी पर भी रोक लगाने की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की सोमवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में पूर्व सैनिकों समेत तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई। वहीं, पूर्व सैनिकों ने नगर में किन्नरों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग उठाई।

नंदादेवी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने कहा कि बाजार क्षेत्र में सुबह के समय मजदूरों का जमावड़ा लगा रहता है। मजदूरों के खड़े होने के लिए स्थान तय करने, दैनिक मजदूरी तय करने, नगर क्षेत्र में बढ़ते बंदरों के आतंक से निजात और किन्नरों की मनमानी पर रोक लगाने की भी मांग उठाई। पूर्व सैनिकों ने कहा कि तीन जिलों की लाइफ लाइन क्वारब डेंजर पर समस्या बढ़ते जा रही है। यात्रियों को मजबूरन रानीखेत और लमगड़ा से अतिरिक्त फेरा लगाने से समय की बर्बादी के साथ ही लोगों की जेब ढीली हो रही है। पूर्व सैनिकों ने शीघ्र डेंजर जोन के स्थायी समाधान की मांग की। नए सदस्यों का फुलमाला पहनाकर स्वागत भी किया। यहां बैठक में केवश दत्त पांडे, सुरेंद्र लाल टम्टा, केशव दत्त पांडेय, पीजी गोस्वामी, मोहन चंद्र जोशी, विनोद गिरी, दीवान सिंह नेगी, आनंद सिंह, दान सिंह, महेंद्र सिंह मनराल, रघुवीर सिंह, प्रकाश सिंह, हरीश चंद्र पांडे, जगदीश भट्ट आदि रहे।

# 1.85 करोड़ की ठगी का आरोपी दिल्ली से दबोचा

संवाददाता, अल्मोड़ा

- भतरौंजखान थाने में एक व्यक्ति ने अक्टूबर 2024 में दी थी तहरीर
- पुलिस टीम ने आरोपी को लाजपत नगर दिल्ली से किया गिरफ्तार


भतरौंजखान पुलिस की गिरफ्त में करोड़ों की ठगी का आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भतरौंजखान पुलिस ने निवेश के नाम पर 1.85 करोड़ रुपये की ठगी के आरोपी को दिल्ली से दबोचा है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने आरोपी को लाजपत नगर दिल्ली से गिरफ्तार किया।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मामला अक्टूबर 2024 का है। भतरौंजखान निवासी पंकज प्रकाश ने थाने में एक तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि 29 वर्षीय विपिन चमोली निवासी जुगड़गांव न्यू-टिहरी, टिहरी गढ़वाल हाल दक्षिण पुरी आंबेडकर नगर दक्षिण दिल्ली ने उन्हें एक फार्मा कंपनी में निवेश करने का झांसा दिया था। आरोपी के झांसे में आकर उसने 88 लाख रुपये का निवेश कर दिया। कहना था कि आरोपी ने कुछ धनराशि तो वापस की, लेकिन शेष के लिए वह मुकर गया।

कई बार आरोपी से रुपये वापस देने की गुहार लगाई, लेकिन आरोपी ने इनकार कर दिया। मजबूरन उसे भतरौंजखान थाने में तहरीर देनी पड़ी। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर मामले की जांच की गई तो सामने आया कि आरोपी ने सात अन्य लोगों से निवेश के नाम पर 97 लाख रुपये हड़प लिए थे। इसके बाद एसएसपी ने एडिशनल एसपी हरबंस सिंह के निर्देशन और सीओ विमल प्रसाद की देखरेख में एसओ सुशील कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम ने आरोपी को शनिवार शाम लाजपत नगर से गिरफ्तार कर लिया। टीम में एसआई मीना आर्या, राजा राम, नीरज पाल, बलवंत प्रसाद शामिल रहे।


भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में गश्त करती पुलिस व एसएसबी की टीम। ● अमृत विचार

## चुनाव में समन्वय से काम करेगी पुलिस और एसएसबी

**चम्पावत, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए पंचेश्वर कोतवाली पुलिस ने सीमा की निगरानी में तैनात एसएसबी पांचवी वाहिनी चम्पावत के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की। इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान-प्रदान करने पर सहमित बनी। बैठक में निर्वाचन के दौरान सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया गया। बाद में पुलिस ने सशस्त्र सीमा बल की बीओपी धर्माघाट मडलक के जवानों के साथ भारत-नेपाल सीमा पर स्थित ग्राम सभा बगोटी में संयुक्त गश्त और चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों को सुरक्षा और कानून व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम सभा क्षेत्र में रह रहे अपरिचित व्यक्तियों का सत्यापन भी किया गया।

## जन्माष्टमी पर क्यूट कान्हा प्रतियोगिता होगी आयोजित

**रानीखेत :** सांस्कृतिक समिति रानीखेत विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए 'क्यूट कान्हा प्रतियोगिता' आयोजित करने का निर्णय लिया है। प्रतियोगिता 15 अगस्त की शाम श्री शिव मंदिर परिसर में होगी।

सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष विमल सती की अध्यक्षता में हुई बैठक में कथक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर भावनगर गुजरात से आए प्रशिक्षकों और स्थानीय प्रशिक्षार्थियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए निर्णय लिया कि प्रशिक्षार्थियों का उत्साह देखते हुए भविष्य में कथक शिक्षण-प्रशिक्षण अभ्यास क्रम की समिति द्वारा स्थायी व्यवस्था की जाएगी।

# गुंजी पहुंचे यात्री, स्वास्थ्य परीक्षण में फिट मिले



कैलाश मानसरोवर यात्री की जांच करती आईटीबीपी की मेडिकल टीम और मेडिकल कैंप में मौजूद अन्य यात्री। ● अमृत विचार

संवाददाता, पिथौरागढ़

- कैलाश मानसरोवर यात्रा का है ऐतिहासिक पड़ाव
- आईटीबीपी की स्पेशल मेडिकल टीम ने की जांच

**अमृत विचारः** कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था पिथौरागढ़ जिले के उच्च हिमालयी क्षेत्र गुंजी पहुंचा। इस ऐतिहासिक यात्रा के पहले पड़ाव पर पहुंचने पर यात्रियों का स्वागत सुरक्षा बलों और स्थानीय प्रशासन द्वारा किया गया। सोमवार सुबह यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच आईटीबीपी की विशेष मेडिकल टीम द्वारा की गई।

इस स्वास्थ्य परीक्षण टीम का नेतृत्व डॉक्टर रिशु रंजन (आईटीबीपी) द्वारा किया गया। टीम में उनके साथ आईटीबीपी से डॉ. शुभम मोहन पुरिया, डॉ. अंकित और जिला अस्पताल के यशपाल मेहरा शामिल रहे। इनके अलावा नर्सिंग स्टाफ से प्रशिक्षित टीम में स्वाति, मंजू कार्की और सरोज कुमारी मौजूद रहीं, जिन्होंने यात्रियों की बेसिक जांच और आवश्यक मेडिकल सहायता सुनिश्चित की। खास बात यह रही कि परीक्षण के दौरान सभी यात्री पूरी तरह से स्वस्थ और यात्रा के लिए फिट पाए गए। स्वास्थ्य परीक्षण की यह प्रक्रिया ऊंचाई पर होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए की जाती है, ताकि आगे की कठिन यात्रा में कोई भी जोखिम न उठाना पड़े। प्रशासन और आईटीबीपी द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### आज रवाना होगा दूसरा दल

**पिथौरागढ़ :** कैलाश मानसरोवर यात्रियों का दूसरा दल आज मंगलवार को दिल्ली से टनकपुर के लिए रवाना होगा, जो बुधवार की शाम धारचूला, पिथौरागढ़ और उसके बाद गुंजी पहुंचेगा।

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- वन महोत्सव के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान की हुई शुरुआत
- कपड़खान में विभिन्न प्रजाति के पौधों का किया गया रोपण


अल्मोड़ा के गणनाथ रेंज में पौधरोपण करते वन क्षेत्राधिकारी पूरन चंद्र तिवारी व अन्य।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** गणनाथ रेंज के कपड़खान में वन महोत्सव के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रौपे गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान वन क्षेत्राधिकारी पूरन चंद्र तिवारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए हम सबको पौधरोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण न केवल पर्यावरण को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन को कम करने, मिट्टी के कटाव को रोकने और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करने में भी मदद करता है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के बाद इन पौधों के संरक्षण की भी हम सबको मिलकर जिम्मेदारी लेनी होगी। यहां कई औषधीय पौधों का रोपण किया गया। यहां राज्य आंदोलनकारी मोहन पाठक, दिनेश पिल्खवाल, वन दरोगा इंद्रा गोस्वामी, गोपाल सिंह, पान सिंह, हर्ष सिंह, अनिल कुमार, गंगा राम, चंदन सिंह, नंदन सिंह, पूरन सिंह, सौरभ सिंह, दीपक सिंह, प्रताप सिंह, कुंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

# फुटबॉल में भीमताल व हल्द्वानी ने किया कब्जा

संवाददता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** मिनी स्टेडियम में सोमवार को जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अंडर-17 व अंडर-15 बालक/बालिका वर्ग की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भीमताल, हल्द्वानी और रामनगर के विभिन्न विद्यालयों की टीमें मैदान में उतरीं और शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पहले मैच में अंडर-17 बालिका वर्ग में भीमताल और रामनगर की टीमें आमने-सामने हुईं, जिसमें भीमताल की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की। एकमात्र विजयी गोल बबली गाड़िया ने अपनी टीम के लिया किया।

अंडर-17 बालक वर्ग के मैच में भीमताल ने रामनगर को 1-0 से हराया, जिसमें कार्तिक मेहरा ने गोल कर टीम को जीत दिलाई। अंडर-15 बालक वर्ग में भीमताल की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रामनगर को 5-1 से पराजित किया। अंडर-15 बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला भीमताल और हल्द्वानी की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें शहीद सैनिक स्कूल भीमताल ने हरीश पवार माध्यमिक विद्यालय हल्द्वानी को 2-0 से हराया। अंडर-17 बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला भीमताल और हल्द्वानी के बीच खेला गया, जिसमें हल्द्वानी ने 3-0 से जीत दर्ज की।

# विद्यालय परिसर में रोपे पौधे

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** वन क्षेत्राधिकारी दोगाड़ी रेंज गुलजार हुसैन के निर्देशन में राउमा विद्यालय छीनीगोठ में वन महोत्सव 2025 का आयोजन प्रधानाध्यापक बेचन सिंह यादव की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें उप वन क्षेत्राधिकारी चंद्रशेखर सकलानी द्वारा छात्र-छात्राओं को वनों व वन्य जीवों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण, मानव वन्य जीव संघर्ष रोकथाम के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। दोगाड़ी रेंज के कर्मचारियों, शिक्षकों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्यों, ग्रामीणों तथा छात्र छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया व पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया।


छीनीगोठ विद्यालय में पौधरोपण करती वन विभाग टीम। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक बेचन सिंह यादव, उप वन क्षेत्राधिकारी चंद्रशेखर सकलानी, शिक्षक त्रिलोचन जोशी, दिग्भूषण गोस्वामी, पीएलवी अजय गुरुरानी, वन आरक्षी रवि कुमार, बसंती देवी, अजय अधिकारी, जीवन कुमार, हिमानी रावत, श्रमिक मोहम्मद उमर, पीएलवी हरीश चंद्र गौण, बबीता पुनेठा, किरन गहतोड़ी, राधिका अधिकारी, पल्लव जोशी, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, पवन कुमार, संजय भारद्वाज, उमेश चंद्र भट्ट, श्याम सिंह बिष्ट, मुकेश जोशी आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम | सोमवार को जिला कार्यालय सभागार चम्पावत में जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में हुआ जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन

# जिलाधिकारी ने समस्याओं का जल्द निस्तारण करने के दिए निर्देश

संवाददाता,टनकपुर/चम्पावत


चम्पावत में जनता मिलन कार्यक्रम में समस्या सुनते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कार्यालय सभागार चम्पावत में जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव प्रस्तुत किए। डीएम ने प्रत्येक व्यक्ति की बात गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों में समयबद्ध, प्रभावी और पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनविश्वास की नींव है और जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में भूमि विवाद, सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति, नाली, मतदाता सूची, आधार कार्ड सुधार, पशुपालन, समाज कल्याण, शिक्षा आदि से जुड़े विषयों पर शिकायतें व सुझाव प्राप्त हुए। ग्राम खर्ककार्की की उमा फर्त्याल की भूमि विवाद की शिकायत पर एसडीएम चम्पावत और पुलिस विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। लोहाघाट के वरिष्ठ पत्रकार गणेश दत्त पांडे द्वारा वनों की रक्षा के लिए वर्टिकल फार्मिंग और मौन पालन को कुटीर उद्योग के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया गया, जिस पर डीएम ने उद्यान विभाग को विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने को कहा। बनगांव के बंशीधर राय के गांव से नौले तक कंक्रीट मार्ग निर्माण की मांग पर बीडीओ लोहाघाट और वन विभाग को संयुक्त निरीक्षण कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

विसराड़ी के अनिल जोशी द्वारा सड़क, नाली, सीसी मार्ग, स्ट्रीट लाइट और वन विभाग संबंधी समस्याएं रखी गईं, जिन पर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने को कहा गया। ढुंगाजोशी के रमेश चंद्र की गौशाला की मरम्मत की मांग पर तहसील प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चम्पावत की प्रधानाचार्य द्वारा छात्राओं की सुरक्षा से संबंधित मांगों पर डीएम ने गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा अन्य लोगों ने भी अपने क्षेत्र की तमाम समस्या उठाते हुए उनके निस्तारण की मांग की।

डीएम मनीष कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक शिकायत पर शीघ्र संज्ञान लें, स्थलीय सत्यापन करें और निर्धारित समयसीमा में समाधान कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जनता से संवाद और समस्याओं का समाधान सुशासन का मूल आधार है, और प्रशासन इसमें पूर्ण निष्ठा से कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में एडीएम जयवर्धन शर्मा, सीएमओ डॉ. देवेश चौहान, मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. वसुंधरा गर्ब्याल, जिला विकास अधिकारी दिनेश सिंह दिगारी, सहायक परियोजना निदेशक विमी जोशी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।


पौधरोपण करते विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्य। ● अमृत विचार

## पौधरोपण कर लोगों को किया जागरूक

**बनबसा, अमृत विचार :** विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के द्वारा चलाए गए सेवा सप्ताह के तहत प्राथमिक विद्यालय बमनपुरी और बमनपुरी अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में पौधरोपण कर लोगों को इसके प्रति जागरूक किया गया। पौधरोपण का महत्व बताते हुए फलदार और औषधीय पौधे भी रोपे गए। कार्यक्रम में जिला मंत्री ललित सिंह कुंवर ने पौधरोपण क्यों जरूरी है और पौधों से हमें क्या-क्या लाभ है उस विषय से अवगत कराया गया। साथ ही पौधरोपण के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया। कार्यक्रम में प्रखण्ड सहसंयोजक चन्द्रशेखर शर्मा, गौ रक्षक अनूप, विद्यार्थी प्रमुख अमन, खण्ड संयोजक प्रियांश, नीरज, खण्ड सहसंयोजक प्रियांशु, सूचना प्रमुख यश, मोहन, राज, पीएलबी से हरिप्रिया जोशी, पूजा जोशी, प्रकाश आर्य आदि मौजूद रहे।

# 8.6 करोड़ टन मक्का उत्पादन का लक्ष्य

## फिक्की के सम्मेलन में कृषि मंत्री बोले- 2047 तक भारत अपना उत्पादन करेगा दोगुना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि भारत 2047 तक अपने मक्का उत्पादन को मौजूदा 4.23 करोड़ टन से दोगुना करके 8.6 करोड़ टन तक पहुंचा सकता है। उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित 11वें मक्का सम्मेलन में चौहान ने कहा कि दुनिया के पांचवें सबसे बड़े मक्का उत्पादक को आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों का उपयोग किए बिना उत्पादकता बढ़ाने की जरूरत है।

चौहान ने कहा कि हम आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों का इस्तेमाल नहीं करते हैं, लेकिन फिर भी हम उत्पादकता के स्तर को बढ़ा सकते हैं। भारत की औसत मक्का उत्पादकता 3.7 टन प्रति हेक्टेयर है, प. बंगाल और बिहार जैसे कुछ राज्य राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कुल मिलाकर पैदावार बढ़ाने की जरूरत है। मंत्री ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने मक्का की 265 किस्में विकसित की हैं। इनमें 77 हाइब्रिड और 35 जैव-फोर्टिफाइड किस्में हैं, लेकिन अभी और काम करने की जरूरत है। चौहान ने कहा, मक्के में स्टार्च का स्तर बढ़ाने की जरूरत है। हमें इसे मौजूदा 65-70 प्रतिशत से बढ़ाकर 72 प्रतिशत करने की जरूरत है ताकि मक्के का बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया जा सके। भारत का मक्का उत्पादन 1900 के दशक के एक करोड़ टन से बढ़कर वर्तमान में 4.23 करोड़ टन हो गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य जो धान की खेती पर ध्यान केंद्रित करते हैं.. उन्हें उत्पादन बढ़ाने के लिए मक्का की खेती में विविधता लानी चाहिए। चौहान ने कहा कि मक्का की कीमतें जो 2,400 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम थीं... वह सरकार के 2025-26 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य के बाद मजबूत हुई हैं। मंत्री ने घटिया बीज, उर्वरक और कीटनाशकों की बिक्री पर चिंता व्यक्त की तथा ऐसे आपूर्तिकर्ताओं एवं विनिर्माताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए नीतिगत रूपरेखा बनाने का आह्वान किया।



● मंत्री ने कहा- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने विकसित की मक्का की 265 किस्में

### चारे की बढ़ती कीमतों के प्रति चौहान ने जताई चिंता

पोल्ट्री उद्योग के प्रतिनिधियों के मक्का के चारे की बढ़ती कीमतों के बारे में चिंता जाहिर करने के मुद्दे पर चौहान ने कहा, मैंने उनसे कहा कि किसानों को कीमत मिलने दीजिए और हम आपके मुद्दे को दूसरे तरीके से सुलझा लेंगे। उत्पादन में और वृद्धि होनी चाहिए। कॉर्टेवा एग्रीसाइंस के अध्यक्ष (दक्षिण एशिया) और फिक्की की कृषि समिति के सह-अध्यक्ष सुब्रतो गीद ने कहा कि मांग-आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों और नवाचार की आवश्यकता है।

## अमेरिकी शुल्क आने से निवेशक सतर्क, सेंसेक्स व निफ्टी स्थिर

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक...सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को स्थिर रहे। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच अमेरिकी शुल्क लागू होने की नौ जुलाई की समयसीमा करीब आने के साथ निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। 50 शेयरों पर आधारित एनएसई का निफ्टी के 22 शेयर लाभ में जबकि 28 नुकसान में रहे। एफएमसीजी तथा पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में लाभ ने आईटी तथा धातु शेयरों में हुए नुकसान की भरपाई की। आशिका इंस्टिट्यूशनल इक्विटी के तकनीकी और डेरिवेटिव विश्लेषक सुंदर केवट ने कहा, सोमवार को भारतीय शेयर बाजार स्थिर रहा। निफ्टी 25,450 पर खुला। यह नीचे में 25,407 पर आया और ऊंचे में 25,489 के स्तर तक गया।

## लाइटकॉइन : निवेश का हल्का व तेज विकल्प

बात काम की

लाइटकॉइन डिजिटल क्रिप्टोकरेंसी है, जिसे 2011 में चार्ली ली ने बनाया था। यह बिटकॉइन का हल्का और तेज़ विकल्प माना जाता है, जो तेज़ ट्रांजेक्शन स्पीड और कम फीस के लिए लोकप्रिय है। यह एक ओपन-सोर्स, पीयर-टू-पीयर नेटवर्क पर आधारित है, जिसका उद्देश्य वैश्विक भुगतान प्रणाली को अधिक कुशल बनाना है। निवेशक इसमें डिजिटल संपत्ति के रूप में निवेश करते हैं, लेकिन इसकी कीमत में उतार-चढ़ाव के कारण जोखिम भी जुड़ा होता है।



### क्या है लाइटकॉइन

लाइटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी है जो ब्लॉकचेन पर आधारित है। ये बिटकॉइन की तरह ही डिज़ाइन था, लेकिन यह कुछ मामलों में बेहतर प्रदर्शन करता है, जैसे कि तेज लेन-देन और कम शुल्क। इसका उपयोग वैश्विक स्तर पर डिजिटल भुगतान में होता है। लाइटकॉइन का ब्लॉक जनरेशन समय 2.5 मिनट है, जबकि बिटकॉइन के लिए यह 10 मिनट होता है।

### निवेश के लाभ

- **तेज लेन-देन गति :** बिटकॉइन की तुलना में चार गुना तेज़।
- **कम ट्रांजेक्शन फीस :** ट्रांसफर करते समय कम शुल्क।
- **व्यापक स्वीकृति :** ऑनलाइन व्यापारियों द्वारा स्वीकार।
- **बिटकॉइन का पूरक :** पुराने और भरोसेमंद विकल्पों में से एक।

### निवेश के जोखिम

- **अस्थिरता :** कीमतों में बहुत तेजी से उतार- चढ़ाव।
- **अनिश्चितता :** भारत समेत कई देशों में क्रिप्टो पर कानून नहीं ।
- **साइबर जोखिम :** डिजिटल वॉलेट हैक होने की संभावना ।
- **लाभ की गारंटी नहीं :** तेजी से मूल्य बढ़ना ओर गिर जाना।

### अन्य महत्वपूर्ण पहलू

- लाइटकॉइन की अधिकतम सप्लाई 84 मिलियन है, जो बिटकॉइन से चार गुना अधिक है।
- यह स्क्रिप्ट नामक एल्गोरिद्म पर आधारित है, जो माइनिंग को आसान बनाता है।
- इसमें निरंतर अपग्रेड और तकनीकी सुधार होते हैं, जिससे यह आकर्षक बना हुआ है।

## फिनटेक कंपनियां भुगतान समाधान पर दें ध्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने सोमवार को वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों से वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए ऑफलाइन भुगतान समाधान पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। नागराजू ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वित्तीय समावेश और फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) पर आयोजित सम्मेलन में कहा, मैं फिनटेक कंपनियों से ऑफलाइन भुगतान के लिए भुगतान समाधान पर ध्यान देने का अनुरोध करूंगा।

उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेश को वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास और गरीबी उन्मूलन के एक प्रमुख कारक के रूप में पहचाना जा रहा है। सचिव ने कहा कि 17 संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (यूएन एसडीजी) में से सात सीधे वित्तीय समावेश से जुड़े हैं। इससे बैंकिंग सेवाओं से वंचित और कम सेवा प्राप्त आबादी के लिए वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में सुधार के महत्व का पता चलता है। उन्होंने भारत में हुई प्रगति को बताने के लिए ग्लोबल फाइंडेक्स डेटाबेस के अनुमान का हवाला देते हुए 2014 से पहले के आंकड़ों का जिक्र किया। उस समय भारत में केवल 35% लोगों के पास बैंक खाते तक पहुंच थी। नागराजू ने कहा कि इस स्थिति के जवाब में, वित्तीय पहुंच में सुधार के लिए 2014 में प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) शुरू की गई थी। अब भारत में 99 प्रतिशत लोगों के पास बैंक खाते हैं। इस योजना ने लाखों भारतीयों को बैंक खाते खोलने और वित्तीय प्रणाली जोड़ने में सक्षम बनाया है।



● सीआईआई के आयोजित सम्मेलन को वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने किया संबोधित

## जेन स्ट्रीट का मामला मूलतः निगरानी का : सेबी प्रमुख

**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि बाजार नियामक को विदेशी हेज कोष जेन स्ट्रीट की तरफ से की गई हेराफेरी के जैसे दूसरे जोखिम नहीं दिख रहे हैं। सेबी ने जेन स्ट्रीट पर हेराफेरी के जरिये वायदा एवं विकल्प सौदों से अर्जित 4,800 करोड़ से अधिक राशि को जब्त करने और उसकी बाजार पहुंच रोकने का आदेश जारी किया था।

पांडेय ने जेन स्ट्रीट की ही तरह अन्य निवेशकों के हेराफेरी में लिप्त होने की आशंका पर कहा, मुझे नहीं लगता कि बहुत अधिक दूसरे जोखिम हैं। सेबी प्रमुख ने कहा कि बाजार नियामक अपनी निगरानी प्रणाली को उन्नत करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, जेन स्ट्रीट मामले में जो हुआ वह 'मूल रूप से' निगरानी का मुद्दा था और नियामक केवल इसी कारण से इस पहलू पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## ड्रोन उद्योग से बढ़ सकती है विनिर्माण क्षमता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ड्रोन उद्योग से 2030 तक देश की विनिर्माण क्षमता 23 अरब डॉलर तक बढ़ सकती है। नेक्सजेन की रिपोर्ट में कहा गया कि रक्षा, कृषि, लॉजिस्टिक और बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्रों से बढ़ती मांग के कारण ऐसा होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, ड्रोन आधुनिक युद्ध रणनीतियों में एक प्रमुख माध्यम के रूप में उभर रहा है।

पहलगाम हमले के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर से देश में ड्रोन को अपनाने में उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं। रिपोर्ट 15 शहरों की 150 कंपनियों के सर्वेक्षण पर आधारित है। इसके मुताबिक, 40% ड्रोन कंपनियों का मानना है कि रक्षा क्षेत्र के बाद 2030 तक भारत में कृषि क्षेत्र में ड्रोन की सबसे अधिक मांग होने का अनुमान है। इसके अनुसार, वैश्विक कृषि ड्रोन बाजार का आकार 2030 तक 5.89 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इस गति को और आगे बढ़ाने के अपने प्रयास में दिल्ली 31 जुलाई से एक अगस्त, 2025 तक 'ड्रोन इंटरनेशनल एक्सपो 2025' की मेजबानी कर रही है। नेक्सजेन एग्जिबिशन के इस आयोजन में रूस, ताइवान, कनाडा, यूक्रेन और भारत सहित छह से अधिक देशों के नवीनतम नवाचार को प्रदर्शित किया जाएगा। एक्सपो में 50 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ड्रोन निर्माता अपने उत्पाद नवाचारों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

नेक्सजेन एग्जिबिशन के निदेशक आधार बंसल ने बयान में कहा कि पूरी दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ड्रोन की प्रभावशाली क्षमताओं को देखा है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि स्वदेशी ड्रोन को अपनाने से 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूती मिलेगी और कई क्षेत्रों में राष्ट्रीय समृद्धि को समर्थन मिलेगा।



● रक्षा, कृषि, लॉजिस्टिक और बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्रों से बढ़ती मांग मुख्य कारण



### एक नजर

#### दोनों आरोपियों को 10 दिन की अतिरिक्त हिरासत

**जम्मू।** जम्मू की विशेष अदालत ने एनआईए को पहलगाम हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकियों को पनाह देने में गिरफ्तार दो आरोपियों की 10 दिन की अतिरिक्त हिरासत मिली है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि 10 दिन की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद परवेज अहमद जोथर और बशीर अहमद जोथर को विशेष एनआईए अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उनकी हिरासत अवधि बढ़ा दी, ताकि एनआईए मामले में अपनी जांच जारी रख सके।

#### हुड्डा के पूर्व प्रधान सचिव की 14 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के प्रधान सचिव रह चुके सेवानिवृत्त आईएएस की 14 करोड़ की नौ आवासीय इकाइयों को उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले की जांच के तहत कुर्क किया गया है। ईडी ने सोमवार को कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चंडीगढ़, दिल्ली और गुरुग्राम स्थित इन संपत्तियों को कुर्क करने से जुड़ा अनंतिम आदेश 30 जून को जारी किया गया था। सेवानिवृत्त आईएएस एमएल तायल के दो घरों और 7 अपार्टमेंट की कुल कीमत 14.06 करोड़ रुपये है।

#### बंबई हाईकोर्ट ने नहीं दी अबू सलेम को राहत

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने सोमवार को गैंगस्टर अबू सलेम को राहत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा, पुर्तगाल से प्रत्यर्पण की शर्तों के तहत सलेम ने भारत की जेल में 25 साल पूरे नहीं किए हैं। सलेम ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर उसे जेल से रिहा करने का अनुरोध किया है। उसने दलील दी कि अच्छे आचरण के लिए छूट को शामिल किया जाए, तो वह 25 साल की सजा काट चुका है।


# शांति का समय कुछ और नहीं बल्कि भ्रम

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने की ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों के पराक्रम की सराहना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि शांति का समय एक भ्रम के अलावा कुछ नहीं और भारत को अपेक्षाकृत शांत अवधि के दौरान भी अनिश्चितता के लिए तैयार रहना चाहिए।

सिंह ने एक कार्यक्रम में कहा कि अभियान में स्वदेश निर्मित उपकरणों और प्रणालियों के प्रदर्शन से भारत निर्मित सैन्य उत्पादों की वैश्विक मांग बढ़ी है। विश्व हमारे रक्षा क्षेत्र को सम्मान की दृष्टि से देख रहा है। वित्तीय प्रक्रियाओं में एक भी देरी या त्रुटि अभियानगत तैयारियों को प्रभावित कर सकती है। सिंह ने कहा कि अधिकतर उपकरण जो हम पहले आयात करते थे, अब भारत में बना रहे हैं। रक्षा मंत्री रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के नियंत्रकों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रक्षा विभाग से रक्षा में निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के साथ तालमेल बिठाते हुए नियंत्रक से सुविधाकर्ता बनने का आह्वान किया। व्यापक भू-राजनीतिक स्थिति पर रक्षा मंत्री ने स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट के विश्लेषण का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि 2024 में वैश्विक सैन्य व्यय 2.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचा।



नई दिल्ली में नियंत्रक सम्मेलन के दौरान सभा को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

● बोले- देश को अपेक्षाकृत शांत अवधि के दौरान भी अनिश्चितता के लिए रहना चाहिए तैयार

### आत्मावलोकन के माध्यम से आंतरिक सुधार करें

रक्षामंत्री ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे केवल बाहरी ऑडिट या सलाहकारों पर निर्भर रहने के बजाय आत्मावलोकन के माध्यम से आंतरिक सुधार करें। सिंह ने कहा कि आंतरिक मूल्यांकन से किए सुधार जीवंत संगठन बनाते हैं और ये सुधार बेहतर होते हैं, जिनमें कम बाधाएं होती हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि चाहे उपकरण उत्पादन बढ़ाना हो या वित्तीय प्रक्रियाओं को अनुकूलित करना हो, हमें हर समय नवीन तकनीकों और प्रणालियों के साथ तैयार रहना चाहिए। उन्होंने डीएडी से कहा कि वह इस मानसिकता को अपनी योजना, बजट और निर्णय लेने की प्रणालियों में शामिल करे। रक्षा क्षेत्र के बढ़ते सामरिक और आर्थिक महत्व पर सिंह ने रक्षा व्यय को महज व्यय मानने की धारणा को बदलने से लेकर गुणक प्रभाव वाले आर्थिक निवेश के रूप में बदलने का आह्वान किया। रक्षा मंत्री ने रक्षा विभाग से आग्रह किया कि वह अपनी योजना और आकलन में रक्षा अर्थशास्त्र को शामिल करे, जिसमें अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं और दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों का सामाजिक प्रभाव विश्लेषण भी शामिल हो।

## शेयर बाजार को लेकर राहुल फैला रहे हैं भय : भाजपा


**नई दिल्ली, एजेंसी**

● राहुल गांधी के लगाए आरोपों पर भाजपा ने किया पलटवार

भाजपा ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर शेयर बाजार के बारे में डर और गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि इसने लाखों खुदरा निवेशकों के लिए धन सृजन किया है, जिन्होंने म्यूचुअल फंड और आईपीओ से इसमें भाग लिया है।

भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस नेता पर यह पलटवार ऐसे समय किया है, जब गांधी ने हेज फंड जेन स्ट्रीट के खिलाफ बाजार नियामक की कार्रवाई के बाद सेबी पर हमला किया। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैंने 2024 में कहा था कि वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) बाजार बड़े खिलाड़ियों का खेल बन चुका है और छोटे निवेशकों की जेब कट रही है। अब सेबी खुद मान रहा है कि जेन स्ट्रीट ने हजारों करोड़ की हेरफेर की। उन्होंने सवाल किया कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) इतने समय तक चुप क्यों रहा, क्या मोदी सरकार किसी के इशारे पर आंखें मूंदे बैठी थी और कितने बड़े शार्क अब भी खुदरा निवेशकों को नुकसान पहुंचा रहे हैं? पलटवार करते हुए मालवीय ने कहा कि सेबी द्वारा एक वैश्विक संस्था पर प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई स्पष्ट सबूत है कि छोटे निवेशकों की सुरक्षा के लिए कड़ी नियामक कार्रवाई की जा रही है जिसे गांधी सनसनीखेज बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मालवीय ने कहा कि यदि सेबी चुप रहती, जैसा कि गांधी दावा करते हैं, तो जांच नहीं होती, प्रतिबंध नहीं होता, और सुर्खियां नहीं बनती, उनका आरोप वहीं ध्वस्त हो जाता है।

### जलभराव से परेशानी



अमृतसर में सोमवार को हुई भारी बारिश से स्वर्ण मंदिर के पास हेरिटेज स्ट्रीट क्षेत्र तालाब बन गया। सड़कों और आवासीय क्षेत्र में पानी भर गया, जिससे राहगीरों को परेशानी से दो-चार होना पड़ा। एजेंसी

## अवैध कोटा से प्रवेश पर बंगाल व ओडिशा ने नहीं की कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● ईडी ने कहा- राज्य सरकारों को विदेश मंत्रालय ने पहले ही दे दी थी धोखाधड़ी की जानकारी

ईडी ने सोमवार को कहा कि विदेश मंत्रालय की ओर से धोखाधड़ी की जानकारी देने के बावजूद अनिवासी भारतीय (एनआरआई) कोटे के तहत निजी चिकित्सा कॉलेजों में अयोग्य अभ्यर्थियों के प्रवेश पर प. बंगाल और ओडिशा सरकारों ने कोई कार्रवाई नहीं की।

संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि उसने इस मामले में अतीत में तलाशी के दौरान आपत्तिजनक सबूत जब्त किए हैं। ईडी ने कहा कि प. बंगाल के एक निजी कॉलेज की 6.42 करोड़ की सावधि जमा को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है। इसने पहले इन कथित अनियमितताओं में शामिल कॉलेजों और व्यक्तियों की 12.33 करोड़ की संपत्ति जब्त की थी। ईडी के मुताबिक, जांच में पाया गया कि इन राज्यों में एमबीबीएस, एमडी और एमएस पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले कुछ निजी चिकित्सा कॉलेजों के प्रबंधन ने अभ्यर्थियों के लिए 'फर्जी' कागजात बनाने के लिए एजेंटों के साथ मिलीभगत की जैसे कि एनआरआई संबंधी दूतावास के दस्तावेज और परिवार का ब्योरा।

## मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर 10 जुलाई को शीर्ष सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट निर्वाचन आयोग के बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई करने को राजी हो गया। न्यायमूर्ति सुधांशु धुलिया व जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाकर्ताओं पर कपिल सिब्बल के नेतृत्व में कई वकीलों की दलीलों को सुना और गुरुवार को सुनवाई के लिए राजी हुई।

पीठ ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के वकील को अपनी याचिकाओं की पूर्व सूचना दें। राजद सांसद मनोज झा और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा समेत कई नेताओं ने याचिकाएं दायर की हैं, जिसमें बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का निर्देश देने वाले आदेश को चुनौती दी गई है। झा ने कहा कि निर्वाचन आयोग का 24 जून का आदेश संविधान के अनुच्छेद 14, 21, 325 और अनुच्छेद 326 का उल्लंघन करता है।

## कांग्रेस को डराने की कोशिश कर रही भाजपा : खरगे

**रायपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को भाजपा पर चुनाव पूर्व किए वादों से मुकरने का आरोप लगाया और लोगों से अपने जल, जंगल और जमीन की रक्षा की लड़ाई में एकजुट रहने को कहा। खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा देश में हर किसी को डराने की कोशिश कर रही है और अपने विरोधियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

भारी बारिश के बीच रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में जय जवान-जय किसान-जय संविधान नामक सभा खरगे ने दावा किया कि मोदी सरकार गरीबों को लूट रही है। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि उनके पास देश-विदेश का दौरा करने का समय है, लेकिन मणिपुर जाने का नहीं है, जहां जातीय संघर्ष चल रहा है। भाजपा ईडी और आईटी जैसी एजेंसियों का उपयोग करके हमारे नेताओं को डराने की कोशिश कर रही है, लेकिन हम नहीं डरेंगे।

## डिजिटल अरेस्ट कर महिला से 3.16 करोड़ रुपये की ठगी

**मंगलुरु (कर्नाटक), एजेंसी**

● पुलिस अधिकारी बताकर रकम कई खातों में डलवाई

मंगलुरु की महिला से ठगों ने पुलिस अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट कर 3.16 करोड़ से ज्यादा की रकम अंतरित करने को मजबूर किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। नाम न जाहिर करने का अनुरोध करते हुए महिला (40) ने साइबर इकोनॉमिक एंड नारकोटिक्स क्राइम (सीईएन) पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत में महिला ने कहा है कि छह जून को उसे एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने दावा किया कि वह राष्ट्रीय अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) का अधिकारी है। उसने आरोप लगाया कि उसके पति के नाम पर पंजीकृत सिम कार्ड का दुरुपयोग हुआ है। कॉल को कई बार स्थानांतरित किया और अंततः ऐसे व्यक्ति ने बात की जो स्वयं को सरकारी वकील बता रहा था। जालसाजों ने बैंकिंग जानकारी ली। इसकी शुरुआत एक व्यक्ति ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर की।

## जादू-टोना के संदेह में 5 की हत्या, शव जलाए

**पूर्णिया (बिहार)।** पूर्णिया जिले में जादू-टोना के संदेह में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर उनके शवों को जला दिए गए। पुलिस मृतकों की पहचान की कोशिश कर रही है।

पूर्णिया के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) प्रमोद मंडल ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि टेटमा गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की पहले जादू-टोना करने के शक में हत्या की गई। ऐसा लगता है कि आरोपियों ने फिर उनके शवों को झाड़ियों में जला दिया। घटना रविवार रात की बताई गई है। पुलिस ने शव बरामद कर लिए हैं और मामले की जांच कर रही है।

## पंजाब में मिनी बस और कार में टक्कर, नौ की मौत

**होशियारपुर।** पंजाब में होशियारपुर जिले के तलवाड़ा-दसूहा मार्ग स्थित गांव संघरां के पास सोमवार सुबह हाजीपुर से दसूहा जा रही मिनी बस और कार में हुई टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में 32 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की स्थिति गंभीर है। दसूहा सिविल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ मनमोहन सिंह ने बताया कि मृतकों में राजू बाला और मीना, दोनों निवासी बुड्ढाबड़, घाटी नारी, कांगड़ा (हिप्र) के लव कुमार, हलेर के गुरमीत राम, जलाल चक की सतविंदर कौर, दसुया की बलबीर कौर, नविया बागरिया भैणी मियां खान, गुरदासपुर के संजीव कुमार और सहोरा की सुबाग रानी है। उन्होंने बताया कि करीब 50 वर्षीय एक मृत व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पायी है। सिविल अस्पताल में भर्ती लोगों में से गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को उच्च चिकित्सा केंद्रों के लिए रेफर कर दिया गया है।

## सामूहिक दुष्कर्म के बाद महिला को रेलवे ट्रैक पर फेंका, पैर कटा

**पानीपत (हरियाणा), एजेंसी**

हरियाणा के पानीपत में खड़ी ट्रेन की खाली बोगी में 35 वर्षीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसे रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया, जहां एक ट्रेन के गुजरने से उसका पैर कट गया।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि उन्हें 26 जून को महिला की गुमशुदगी की शिकायत मिली थी। उसके पति ने उन्हें बताया कि वह झगड़ा होने के बाद 24 जून से लापता है। पहले भी वह घर छोड़कर गई थी लेकिन खुद ही घर लौट आती थी। इस बीच, महिला ने पुलिस को बताया कि वह एक पास के रेलवे स्टेशन पर बैठी थी तभी एक व्यक्ति उसके पास आया और उसने दावा किया कि उसे उसके पति ने भेजा है। किला पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी श्रीनिवास ने बताया कि महिला को वह व्यक्ति खड़ी ट्रेन की खाली बोगी में ले गया जहां उसने उससे दुष्कर्म किया। बाद में दो और व्यक्ति भी आ और उन्होंने भी दुष्कर्म किया। महिला ने यह भी बताया कि बाद में उसे सोनीपत ले जाया गया, जहां आरोपियों ने उसे ट्रेन की पटरियों पर फेंक दिया और एक ट्रेन के गुजरने से उसने अपना एक पैर गंवा दिया।

# बर्मिंघम में जीतना सबसे सुखद यादों में से एक : गिल

## कप्तान बोले- वह जब भी क्रिकेट से संन्यास लेंगे तो एजबेस्टन मैदान की जीत सबसे ज्यादा याद आएगी


कप्तान शुभमन गिल।

बर्मिंघम, एजेंसी

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने यहां श्रृंखला बराबर करने वाली शानदार जीत का जश्न मनाते हुए कहा कि जब भी वह क्रिकेट से संन्यास लेंगे तो एजबेस्टन मैदान में इंग्लैंड के खिलाफ भारत को पहली टेस्ट जीत दिलाना उनकी सबसे सुखद यादों में से एक रहेगा। 25 वर्षीय गिल की कप्तानी की शुरुआत भारत के लीड्स में श्रृंखला के शुरुआती मैच में हार के साथ हुई थी, लेकिन भारतीय टीम ने शानदार वापसी करके दूसरे मैच में 336 रन के विशाल अंतर से जीत दर्ज की। भारत की टेस्ट क्रिकेट में इस मैदान पर यह पहली जीत है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में गिल ने कहा यह ऐसी चीज है जिसे मैं जीवन भर संजो कर रखूंगा। मुझे लगता है कि जब भी मैं संन्यास लूंगा तो यह मेरी सबसे सुखद यादों में से एक होगी।

उन्होंने कहा मुझे इस मैच का अंतिम कैच लेना था और मैं बहुत संतुष्ट और खुश हूं कि हम इस मैच को जीतने में सफल रहे। भारतीय कप्तान ने कहा अभी तीन और महत्वपूर्ण मैच होने बाकी हैं। इस मैच के बाद तेजी से बदलाव होगा और मुझे लगता है कि यह अच्छा है क्योंकि अब लय हमारे साथ है। गिल ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह से निभाई। उन्होंने कहा जिस तरह से सभी ने गेंद और बल्ले से योगदान दिया, वह बहुत सकारात्मक बात है। इससे ही कोई टीम चैंपियन बनती है और यह हमारे लिए अच्छे संकेत हैं। भारतीय कप्तान ने ड्रेसिंग रूम में अपने संबोधन में अपने साथी खिलाड़ियों की सराहना की।

उन्होंने कहा हमने यह मुकाम हासिल करने के लिए बहुत मेहनत की है। मैं जानता हूं कि टेस्ट मैच जीतना कितना मुश्किल काम है विशेष कर इस मैदान पर जहां हमने इससे पहले कोई टेस्ट नहीं जीता था। गिल ने कहा मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि मुझे आप सभी पर गर्व है, क्योंकि मुझे लगता है कि पहले दिन हमने कहा था कि टेस्ट मैच जीतने के लिए हम सभी को अपना योगदान देना होगा और सभी ने इसमें योगदान दिया। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा ईमानदारी से कहूं तो यह एक महत्वपूर्ण सीरीज का महत्वपूर्ण मैच था।

### कुलदीप को एकादश में रखने की चाह लेकिन सपाट पिचों पर मजबूत बल्लेबाजी जरूरी



**बर्मिंघम :** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि कुलदीप यादव जैसे विकेट लेने वाले स्पिनर को अंतिम एकादश में रखना हमेशा आकर्षक होता है लेकिन लीड्स में निचले क्रम के दो बार सस्ते में आउट होने के बाद बल्लेबाजी में गहराई लाने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में वाशिंगटन सुंदर को तरजीह दी गई। वाशिंगटन को अंतिम एकादश में शामिल करने का विवादास्पद निर्णय कारगर साबित हुआ, क्योंकि इस हरफनमौला ने बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दिया। भारत लॉर्ड्स टेस्ट में भी इसी रणनीति के साथ उतरेगा। पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में जीत के साथ वापसी करने के बाद गिल ने कहा जब आपके पास कुलदीप जैसा गेंदबाज हो तो यह बहुत लुभावना होता है। मैं वाशिंगटन को इसलिए खिलाना चाहता था क्योंकि उनकी मौजूदगी से हमारी बल्लेबाजी मजबूत होती है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मेरे और वाशिंगटन के बीच साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण साबित हुई। यह साझेदारी नहीं होती तो शायद हमारी बढ़त 70-80-90 रन होती, जो मनोवैज्ञानिक रूप से 180 रन की बढ़त से बहुत अलग है। गिल ने कहा कि इंग्लैंड में इस्तेमाल होने वाली 'ड्यूक' गेंद जब थोड़ी पुरानी और नरम हो जाती है तो स्पिनरों के पास मैच को नियंत्रित करने का अधिक मौका होता है। भारतीय कप्तान ने कहा जैसा कि हमने उम्मीद की थी पांचवें दिन भी गेंद को पिच से ज्यादा टर्न नहीं मिल रही था, ऐसा तभी हो रहा था जब गेंद 'रफ' पर टप्पा खा रही थी। इंग्लैंड के एक पत्रकार ने गिल से कहा कि यह एजबेस्टन में भारत की पहली जीत है। उन्होंने 336 रनों की जीत के बाद उनकी भावनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उनका ध्यान श्रृंखला जीतने पर है। उन्होंने कहा मैंने टेस्ट मैच से पहले भी कहा था कि मैं वास्तव में आंकड़ों या इतिहास में विश्वास नहीं करता। पिछले 50-60 वर्षों में हमने अलग-अलग हालात और विभिन्न टीमों के साथ यहां पर सिर्फ सात मैच खेले हैं। उन्होंने कहा मेरा मानना है कि यह सर्वश्रेष्ठ भारतीय टीम है, जो इंग्लैंड में आकर उन्हें हराने और यहां से श्रृंखला जीतने की क्षमता रखती है। हमारे पास सही लय है। अगर हम संघर्ष करते रहे, तो मुझे लगता है कि यह यादगार श्रृंखला में से एक होगी।

### वॉन ने जैक क्रॉली को शुभमन से सीख लेने की सलाह दी

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली की भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के लिए कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वह भाग्यशाली हैं जो उन्हें लगातार असफलताओं के बावजूद टेस्ट क्रिकेट में खेलने का मौका मिल रहा है। उन्होंने इसके साथ यह भी सुझाव दिया कि क्रॉली को भारतीय कप्तान शुभमन गिल की बल्लेबाजी की रणनीति से सीख लेनी चाहिए और अपने खेल में सुधार करना चाहिए। वॉन ने 'द टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा पिछले कुछ वर्षों में कई ऐसे खिलाड़ी हुए हैं जिन्होंने प्रशंसकों को निराश किया है। इनमें मैं भी शामिल हूं लेकिन वह (क्रॉली) सबसे ज्यादा निराश करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें मैं याद कर सकता हूं। जब से मैंने इंग्लैंड की क्रिकेट को करीब से देखा है तब से वह सबसे भाग्यशाली खिलाड़ी है जिसे लगातार असफलताओं के बावजूद इतने अधिक टेस्ट मैच खेलने को मिले। उन्होंने कहा उन्हें खुद को भाग्यशाली मानना चाहिए कि उन्होंने 56 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने सिर्फ पांच शतक बनाए हैं और उनका औसत 31 का है। टेस्ट इतिहास में 2,500 से अधिक रन बनाने वाले सभी सलामी बल्लेबाजों में उनका औसत सबसे कम 30.3 है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने इस खिलाड़ी ने गिल का उदाहरण देते हुए कहा बदलाव संभव है। शुभमन गिल को ही देख लीजिए। इस श्रृंखला से पहले उनका औसत 35 था और अब उनका औसत 42 है।


कप्तान बेन स्टोक्स।

# भारत ने हर विभाग में इंग्लैंड को हराया : स्टोक्स

- इंग्लैंड के कप्तान ने आकाशदीप की प्रशंसा की

बर्मिंघम, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने स्वीकार किया कि भारत ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में खेल के हर विभाग में उनकी टीम से बेहतर प्रदर्शन किया तथा तेज गेंदबाज आकाशदीप के 'अविश्वसनीय' कौशल ने मैच में निर्णायक अंतर पैदा किया। श्रृंखला में अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे आकाशदीप ने 10 विकेट लेकर भारत की 336 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। भारत की इस मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में यह पहली जीत है। पांच मैच की श्रृंखला अब 1-1 से बराबर है और तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। स्टोक्स ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा मुझे लगता है कि आकाश ने कल रात और आज सुबह पिच पर पड़ी दरार का अच्छा इस्तेमाल किया। लगातार कोण बदलने और उसका उपयोग करने की उसकी क्षमता अद्भुत है और फिर भी वह इतना सटीक है। वह उस दरार पर ध्यान केंद्रित कर रहा था।

### बुमराह के आने से लॉर्ड्स का मुकाबला और मुश्किल होगा

बर्मिंघम : जसप्रीत बुमराह दूसरे टेस्ट में नहीं खेले थे और फिर भी इंग्लैंड को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा और अब बेन स्टोक्स तथा उनके साथियों को लॉर्ड्स में भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज की विविधता के लिए तैयार रहना होगा जिसके बारे में घरेलू कप्तान ने भी स्वीकार किया है कि इन्हें नेट पर दोहराना मुश्किल है। इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में 336 रन से हार का सामना करना पड़ा और भारतीय टीम प्रबंधन ने गेंदबाजी के बोझ के कारण बुमराह को उस मुकाबले में नहीं उतारा। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पुष्टि की कि 10 जुलाई से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज की टीम में वापसी होगी और स्टोक्स से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा मुझे लगा कि मैं जसप्रीत बुमराह के बारे में पूछे बिना ही प्रेस कांफ्रेंस पूरी कर लूंगा।

## एक नजर

### आईसीसी ने संजोग गुप्ता को नया सीईओ नियुक्त किया

दुबई : भारतीय मीडिया दिग्गज संजोग गुप्ता को सोमवार को जय शाह की अगुआई वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। वह आस्ट्रेलिया के ज्योफ एलार्डिस की जगह लेंगे जिन्होंने इस साल की शुरूआत में चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अभी तक जियोस्टार में सीईओ (खेल) के रूप में कार्यरत रहे गुप्ता तत्काल प्रभाव से अपनी नई भूमिका का कार्यभार संभालेंगे। वह आईसीसी के सातवें सीईओ होंगे। क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था ने कहा कि इस पद के लिए उसे 25 देशों से 2,500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 12 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया। आईसीसी ने कहा उम्मीदवारों में खेल के शासी निकायों से जुड़े पदाधिकारियों के अलावा कॉरपोरेट जगत से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

### पुरुष हॉकी में भारत ए का पहला मुकाबला आयरलैंड से

आइंडहोवन (नीदरलैंड) : भारत ए पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ मैच के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम का यूरोप दौरे में कुछ शीर्ष टीमों के साथ मुकाबला होगा और इसका उद्देश्य उभरते खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव प्रदान करना है। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण वाली इस टीम का नेतृत्व संजय कर रहे हैं, जिनका मानना है कि यूरोप का दौरा टीम के लिए शानदार अवसर है। शुरुआती मैच से पहले कप्तान ने कहा यूरोप का दौरा हम सभी के लिए एक शानदार अवसर है। इस दौरे पर कुछ बहुत कठिन मैच होंगे और हम इन टीमों के खिलाफ खुद को परखने के लिए उत्सुक हैं। हमारी टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ी हैं और इस दौरे से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। भारत ए टीम आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के साथ दो-दो जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के साथ एक-एक मैच खेलेगी।

### ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज से दूसरा टेस्ट और श्रृंखला जीती

सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा) : ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन ही 133 रन से हराकर श्रृंखला अपने नाम की और इस तरह से फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन वेस्टइंडीज को 34.3 ओवर में 143 रन पर आउट कर तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (71) और कैमरन ग्रीन (52) के अर्धशतकों की मदद से अपनी दूसरी पारी में 243 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 277 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज की तरफ से शमर जोसेफ ने 66 रन देकर चार विकेट लिए। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर जल्द ही चार विकेट पर 33 रन हो गया। उसकी टीम इससे उबर नहीं पाई और मैच दोपहर के सत्र में ही समाप्त हो गया।

# इंग्लैंड को अपनी शैली पर करना होगा मंथन

- आक्रामक खेल शैली से अभी तक मिश्रित परिणाम मिले
- लॉर्ड्स में 10 से होने वाले टेस्ट की पिच पर दिया जा रहा अधिक ध्यान

बर्मिंघम, एजेंसी

इंग्लैंड को अपनी आक्रामक खेल शैली में मदद करने के लिए सपाट पिच को प्राथमिकता देने से भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में अब तक मिश्रित परिणाम मिले हैं, जिससे बृहस्पतिवार से शुरू होने वाले लॉर्ड्स टेस्ट की पिच पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। भारत ने लीड्स में मैच पर मजबूत पकड़ बनाने के बाद इंग्लैंड को वापसी का मौका दे दिया जिसका मेजबान टीम ने पूरा फायदा उठाते हुए आसान जीत दर्ज की।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हालांकि पिछले मैच की गलतियों से सबक लेते हुए एजबेस्टन में धीमी पिच पर इंग्लैंड को हर विभाग में पछाड़ते हुए रविवार को प्रभावशाली जीत के साथ श्रृंखला में वापसी की। बेन स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड की टीम घरेलू मैदानों पर टॉस जीतकर गेंदबाजी करना पसंद करती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या टीम इस योजना को श्रृंखला में आगे भी जारी रखेगी या तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी की उम्मीद स्टोक्स को अपनी योजनाओं में बदलाव करने पर मजबूर करेगी? लीड्स में ज्यादा उछाल ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों की मदद की, जबकि एजबेस्टन की 'उपमहाद्वीप जैसी परिस्थितियों' में आकाशदीप और मोहम्मद सिराज ने नयी गेंद को मेजबान गेंदबाजों की ज्यादा स्विंग करने में सफल रहे। इंग्लैंड को लॉर्ड्स के पवेलियन छोर से आकाशदीप के खतरे से सावधान रहने की जरूरत होगी, क्योंकि ढलान के कारण गेंद सामान्य से थोड़ी अधिक स्विंग करती है। परिस्थितियां अगर ऐसी ही रही तो भारतीय टीम रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर जैसे स्पिन गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरेगी और कुलदीप को बाहर बैठना पड़ सकता है।



### लॉर्ड्स में अच्छी तैयारी की जरूरत : मैकुलम

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि दूसरे टेस्ट मैच में उनकी टीम पांचों दिन भारत से पीछे रही और लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह की चुनौती का सामना करने के लिए उन्हें अच्छी तरह से तैयार होने की जरूरत है। बुमराह कार्यभार प्रबंधन के तहत दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेले थे जिसमें भारत ने 336 रन से जीत हासिल करके पांच मैच की श्रृंखला बराबर की। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इसके बाद पुष्टि की कि तेज गेंदबाज बुमराह अगले मैच में वापसी करेंगे। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार मैकुलम ने कहा पूरी संभावना है कि बुमराह अगले मैच में वापसी करेंगे इसलिए हमें अच्छी तरह से तैयार रहने की जरूरत है। मुझे लगता है कि वहां की पिच यहां की तुलना में भिन्न होगी जो हमारे लिए अच्छी बात है। उन्होंने कहा दूसरे टेस्ट में हम पांचो दिन भारत से पीछे रहे।

# युगांडा इंटरनेशनल टूर्नामेंट में लखनऊ की स्वाति, कनक ने लहराया भारत का परचम

- पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण समेत जीते पांच पदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की दो छात्राओं ने पैरा बैडमिंटन के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पदकों की झड़ी लगाते हुए इतिहास रच दिया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रौशन करने पर विश्वविद्यालय में जश्न का माहौल है। पुनर्वास विश्वविद्यालय की छात्रा स्वाति और कनक सिंह ने 1 से 6 जुलाई तक युगांडा की राजधानी कैंपाला में आयोजित युगांडा पैरा बैडमिंटन अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अद्भुत प्रदर्शन करते हुए कुल पांच पदकों पर कब्जा जमा लिया है।

विश्व बैडमिंटन फेडरेशन द्वारा मान्यता प्राप्त इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन 1-6 जुलाई तक युगांडा की राजधानी कैंपाला के लूगोगो एरेना में हुआ। इस टूर्नामेंट में 50 से अधिक देशों के उत्कृष्ट पैरा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए पुनर्वास विश्वविद्यालय की बीए की छात्रा स्वाति ने (दिव्यांगता श्रेणी एसयू-5) महिला एकल में रजत पदक हासिल किया।


भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी स्वाति व कनक मेडल दिखाते हुए। ●

स्वाति की जीत का सिलसिला यहीं नहीं रुका उसने महिला युगल में (सहभागी दिव्यांगत श्रेणी एसएल-3) के साथ मिलकर स्वर्ण पदक हासिल कर इतिहास रच दिया। जबकि स्वाति ने मिक्स डबल में कास्य झटक लिया तो वहीं विश्वविद्यालय की एमबीए की छात्रा कनक सिंह ने महिला एकल (दिव्यांगता श्रेणी एसएल-4) में कास्य जीता और महिला युगल प्रतियोगिता में अपने पार्टनर (दिव्यांगता श्रेणी एसयू-5) के साथ मिलकर कांस्य पदक पर कब्जा कर लिया। पुनर्वास विश्वविद्यालय के बैडमिंटन कोच इरशाद अहमद ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने पूरे समाज के लिए यह संदेश दिया है कि चुनौतियां चाहे जैसी भी हों, सच्ची मेहनत और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि इन उपलब्धियों से स्पष्ट होता है कि हमारी छात्राएं न केवल असीम संभावनाओं की धनी हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम ऊंचा करने में भी सक्षम हैं।

क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ के निर्देशक प्रो. पाण्डेय राजीवनयन ने कहा कि छात्राओं की ये सफलता हमारे विश्वविद्यालय के एथलेटिक्स व पुनर्वास संसाधनों की गुणवत्तापूर्ण उपलब्धि है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है।

# पूर्व भारतीय कप्तान धोनी 44 बरस के हुए

मुंबई, एजेंसी

भारत के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी सोमवार को 44 बरस के हो गए। धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास के एकमात्र कप्तान हैं जिन्होंने एकदिवसीय विश्व कप, टी20 विश्व कप और चैंपियन्स ट्रॉफी तीनों खिताब जीते हैं।

धोनी की कप्तानी में भारतीय टेस्ट टीम 18 महीने तक दुनिया की नंबर एक टीम भी रही। पिछले महीने धोनी को 2025 के आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। धोनी ने लगभग पांच साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन लगातार घुटने की चोट से परेशान रहने के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेल रहे हैं। इस साल के आईपीएल में धोनी ने अधिकांश समय सुपरकिंग्स के नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की जगह जिम्मेदारी संभाली क्योंकि वह कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए थे। उनकी अगुआई में टीम ने सत्र के अंत में कुछ प्रभावशाली जीत दर्ज की।



# सबालेंका, अल्काराज क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

लंदन, एजेंसी

गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने एंड्री रुबलेव और महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने एलिस मर्टेंस पर जीत दर्ज कर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। रविवार को खेले गये मुकाबले में स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अल्काराज ने 14वीं वरीयता प्राप्त रुबलेव के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 6-7 (5), 6-3, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। 22 वर्षीय स्पैनियार्ड ने दूसरे और तीसरे सेट में महत्वपूर्ण ब्रेक पॉइंट को भुनाया और चौथे सेट में एक और ब्रेक के साथ मैच अपने नाम कर लिया। अब अगले दौर में अल्काराज का मुकाबला ब्रिटेन के कैमरून नोरी से होगा। नोरी ने पांच सेटों के मैराथन में चिली के निकोलस जैरी को 6-3, 7-6 (4), 6-7 (7), 6-7 (5), 6-3 से हराया। वहीं पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने अपने सर्वश्रेष्ठ विंबलडन प्रदर्शन की बराबरी करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जब प्रतिद्वंद्वी जॉर्डन थॉम्पसन चोट के कारण 6-1, 3-0 से पिछड़ रहे थे। अगले दौर में फ्रिट्ज का मुकाबला रूस के कारेन खाचानोव से होगा। खाचानोव ने पोलैंड के कामिल माजच्रजक को 6-4, 6-2, 6-3 से आसानी से हराया। महिला वर्ग में दुनिया की नंबर वन खिलाड़ी सबालेंका ने मर्टेनस की कड़ी चुनौती को पार करते हुए 6-4, 7-6 (4) से जीत दर्ज कर अंतिम आठ में जगह बनाई। छह वरीयता प्राप्त बेलारूस की सबालेंका का अगला मुकाबला जर्मनी की लौरा सीजमंड से होगा। 37 वर्षीय जर्मन खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा 6-3, 6-2 से हराया। अमेरिकी अमांडा अनिसिमोवा ने लिंडा नोस्कोवा पर 6-2, 5-7, 6-4 से जीत दर्ज की।


आर्यना सबालेंका।

### युकी-गैलोवे विंबलडन पुरुष युगल से बाहर

**लंदन :** सात जुलाई (भाषा) भारत के युकी भांबरी और अमेरिका के उनके जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे को सोमवार को विम्बलडन पुरुष युगल के तीसरे दौर में स्पेन के मार्सेल ग्रानोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस की जोड़ी के खिलाफ कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। युकी और गैलोवे की 16वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी, लेकिन परिणाम उनके पक्ष में नहीं रहा। उन्हें दो घंटे नौ मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में 4-6, 6-3, 6-7 (10) से हार मिली। युकी के बाहर होने के साथ विम्बलडन में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

## अमरनाथ यात्रा




बहुस्तरीय सुरक्षा घेरे के बीच 8,600 से अधिक तीर्थयात्री वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा के लिए सोमवार तड़के जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुए। अनंतनाग जिले के पहलगाम और गांदरबल जिले के बालटाल से शुरू हुई यात्रा में अब तक 70,000 तीर्थयात्री पवित्र गुफा में दर्शन कर चुके हैं। एजेंसी

# ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स संभलकर करें इस्तेमाल

कुछ हट के

ऑनलाइन डेटिंग के नाम पर साइबर ठग लोगों को निशाना बना रहे हैं। हाल ही में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें पहली डेट पर बुलाकर महंगे रेस्तरां या कैफे में भारी बिल थमा दिया गया और लोग ठगी का शिकार हो गए। ठगों का तरीका यह है कि वे डेटिंग एप्स पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों से चैट करते हैं। फिर वह आपको किसी महंगे होटल या रेस्टोरेंट में बुलाते हैं और महंगे आइटम्स ऑर्डर करवाते हैं। जब बिल आता है तो वह बहुत ज्यादा होता है और ठग अचानक वहां से गायब हो जाते हैं। इस तरह से आप भारी भरकम बिल चुकाने के लिए मजबूर हो जाते हैं।
कई बार ये एप्स इस वक्त भी यूजर्स की लोकेशन को ट्रैक करते हैं जब वे एप्स को इस्तेमाल नहीं कर रहे होते हैं। इनमें से 25 फीसदी एप्स मेटा डाटा भी इकट्ठा करते हैं। जैसे- आप जब कोई फोटो क्लिक करते हैं उसके मेटा डाटा में फोन के मॉडल की जानकारी, लोकेशन, अपर्चर जैसी कई जानकारी होती हैं। इसलिए अपने सोशल अकाउंट से लॉगिन नहीं करना चाहिए। अगर आपको किसी प्रोफाइल या व्यवहार पर शक हो तो तुरंत 1930 पर कॉल करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।




### बचाव के उपाय ताकि न ठग सके कोई

- **फेक प्रोफाइल :** ठग आकर्षक प्रोफाइल बनाकर लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करते हैं और फिर उन्हें जाल में फंसाते हैं।
- **स्पेशल जगह पर बुलाना :** वे आपको महंगे रेस्टोरेंट या बार में बुलाते हैं, जो उनके गिरोह से जुड़े होते हैं।
- **अजनबी के कहने पर किसी अनजान जगह न जाएं :** पहली बार मिलने पर किसी अनजान स्थान पर न जाएं।
- **बिल आने से पहले मेन्यू देखकर रेट की पुष्टि करें :** मेन्यू को देखकर कीमतों की जानकारी लें।
- **नई जान-पहचान :** किसी भी अजनबी से जल्द भरोसा न करें।

### महिला ने 62 वर्षीय व्यक्ति से ठगे 73.72 लाख

- महाराष्ट्र में नवी मुंबई के 62 वर्षीय एक व्यक्ति से सोने के कारोबार में भारी मुनाफे का झांसा देकर 73.72 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। महिला मार्च से मई 2024 के बीच 'डेटिंग ऐप' के जरिए न्यू पनवेल इलाके में रहने वाले व्यक्ति के संपर्क में आई थी। खांदेश्वर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शुरुआती परिचय के बाद दोनों के बीच व्हाट्सएप पर बातचीत जारी रही, जिसके दौरान खुद को जिया बताने वाली महिला ने व्यक्ति को सोने के कारोबार की एक योजना में निवेश करने का लालच दिया। महिला ने पीड़ित को भारी मुनाफे का आश्वासन दिया और उसे एक विशिष्ट ट्रेडिंग एप्लिकेशन का उपयोग करने के लिए राजी किया। पीड़ित ने इसके बाद तीन महीने की अवधि में 73.72 लाख रुपये का निवेश किया। हालांकि, जब बाद में पीड़ित व्यक्ति को कोई लाभ नहीं मिला तो उसे संदेह हुआ। जब उसने वादा किए गए लाभ और निवेश की गई धनराशि के बारे में जानने की कोशिश की तो महिला ने जवाब देना बंद कर दिया।

## एक नजर

### पद से हटाए जाने के बाद मृत मिले रूसी परिवहन मंत्री

**मॉस्को।** राष्ट्रपति पुतिन द्वारा बर्खास्त किए जाने के कुछ ही घंटे बाद रूस के परिवहन मंत्री सोमवार को मृत पाए गए। मई 2024 से रूस के परिवहन मंत्री के रूप में कार्य करने वाले रोमन स्टारोवॉयट को दिन में राष्ट्रपति के आदेश द्वारा बर्खास्त कर दिया गया था। उनकी बर्खास्तगी यात्रा संबंधी अव्यवस्था के एक सप्ताहांत के बाद हुई, जब कीव से हमले के खतरे के कारण छुट्टियों के व्यस्त मौसम के दौरान हवाई अड्डों ने सैकड़ों उड़ानें रोक दी थीं।

### समुद्र में फंसे चार भारतीय मछुआरों को बचाया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने पश्चिमी तट के पास मछली पकड़ने वाली उस नौका में सवार चार भारतीय मछुआरों को बचा लिया, जो समुद्र में लापता हो गई थी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) मुंबई द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद श्रीलंकाई नौसेना ने समन्वित खोज एवं बचाव (एसएआर) अभियान शुरू किया और मछुआरों को रविवार को बचा लिया गया।

### कुत्ते से डरकर भागा लड़का छठी मंजिल से गिरा, मौत

**नागपुर।** नागपुर में अपने आवासीय परिसर में सीढ़ियों पर कुत्ते के भौंकने से डरकर 12 वर्षीय एक लड़के की छठी मंजिल से गिर जाने के कारण मौत हो गई। कलमना थाने के अधिकारी ने बताया कि घटना रविवार शाम चार बजे पवनगांव इलाके के देव हाइट्स में हुई। अधिकारी ने बताया, जयेश रवींद्र बोकड़े अपने दोस्त के साथ इमारत की सीढ़ियां चढ़ रहा था। एक आवारा कुत्ते ने उस पर भौंकना शुरू कर दिया, जिससे वह घबरा गया और भागने लगा।

### ससुराल के तीन लोगों की हत्या में दोषी ठहराया

**मोरवेल।** ऑस्ट्रेलियाई महिला एरिन पैटरसन को सोमवार को अपने अलग हुए पति के तीन रिश्तेदारों को दोपहर के भोजन में जानबूझकर जहरीला मशरूम परोस कर उनकी हत्या करने का दोषी ठहराया गया। विक्टोरिया प्रांत में उच्चतम न्यायालय के मुकदमे में जूरी ने छह दिनों के विचार-विमर्श के बाद फैसला सुनाया। मुकदमा नौ सप्ताह तक चला। अगली तारीख पर सजा सुनायी जाएगी।

# ग्लोबल साउथ के लिए मिसाल बने ब्रिक्स

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- ब्रिक्स को दर्शानी चाहिए विश्वसनीयता

- **बहुपक्षवाद, आर्थिक-वित्तीय मामलों और कृत्रिम मेधा को सुदृढ़ करने पर आयोजित सत्र को किया संबोधित**

रियो डी जिनेरियो, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स देशों से वैश्विक सहयोग एवं बहुध्रुवीय विश्व में अहम भूमिका निभाने का रविवार को आह्वान करते हुए कहा कि वे मिसाल बनें और ग्लोबल साउथ की अपेक्षाओं को पूरा करें। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। यहां 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में बहुपक्षवाद, आर्थिक-वित्तीय मामलों और कृत्रिम मेधा को सुदृढ़ करने पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस समूह की ताकत इसकी विविधता और बहुध्रुवीयता के प्रति साझा प्रतिबद्धता में निहित है।

उन्होंने कहा, ब्रिक्स समूह की विविधता और बहुध्रुवीयता में हमारी दृढ़ आस्था ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें विचार करना होगा कि आने वाले समय में ब्रिक्स किस प्रकार एक बहुध्रुवीय विश्व के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति बन सकता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वैश्विक मंच पर गंभीरता से लिए जाने के लिए ब्रिक्स को पहले अपने आंतरिक ढांचे और प्रणालियों को सुदृढ़ करना होगा। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक 'पोस्ट' में कहा, सबसे पहले, हमारे अपने तंत्रों को बेहतर बनाने पर जोर होना चाहिए, ताकि जब हम बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार की बात करें तो हमारी विश्वसनीयता भी मजबूत हो।

यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ब्रिक्स के भीतर आर्थिक सहयोग लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के माध्यम से परियोजनाओं को मंजूरी देते समय, मांग-आधारित निर्णय प्रक्रिया, दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और एक स्वस्थ 'क्रेडिट रेटिंग' बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। ग्लोबल साउथ की अपेक्षाओं को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ब्रिक्स को कृषि और विज्ञान में नवोन्मेषों को साझा करना चाहिए।



ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी व अन्य देशों के नेता।

### क्यूबा से औषधि क्षेत्र एवं यूपीआई पर हुई चर्चा

**रियो डि जेनेरो।** प्रधानमंत्री मोदी और क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल बरमूडेज ने रविवार को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर एक बैठक के दौरान औषधि क्षेत्र, जैव प्रौद्योगिकी, पारंपरिक चिकित्सा और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने स्वास्थ्य, महामारी और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों सहित उन मुद्दों पर काम करने पर सहमति व्यक्त की जो ग्लोबल साउथ के लिए चिंता का विषय हैं।

### जयशंकर ने सम्मेलन के इतर रूस, ईरान, मेक्सिको के अपने समकक्षों से की मुलाकात

**रियो डि जेनेरियो।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस, ईरान और मेक्सिको के अपने समकक्षों से मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने रविवार को ब्राजील में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर इन नेताओं से मुलाकात की। जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ अपनी बैठक के दौरान द्विपक्षीय सहयोग, पश्चिम एशिया, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) पर चर्चा की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ब्रिक्स 2025 के इतर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर अच्छा लगा। उन्होंने ईरान के अपने समकक्ष सईद अब्बास अराघची से भी मुलाकात की और उनके साथ क्षेत्रीय घटनाक्रम पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा, इस (रविवार) शाम ईरान के विदेश मंत्री अराघची से मिलकर खुशी हुई। हमारी बातचीत हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रम पर केंद्रित रही। मेक्सिको के विदेश मंत्री जुआन रेमन डे ला फुएंते के साथ बैठक के दौरान जयशंकर ने स्वास्थ्य, डिजिटल, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।




## नयी राजनीतिक पार्टी के कदम को मूर्खतापूर्ण बता ट्रंप बोले मस्क पूरी तरह काबू से बाहर

- **अमेरिकी राष्ट्रपति ने एलन मस्क के इस कदम की आलोचना की**

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नयी राजनीतिक पार्टी बनाने के बाद एलन मस्क की आलोचना करते हुए उनके इस कदम को मूर्खतापूर्ण करार दिया और कहा कि मस्क पूरी तरह से काबू से बाहर हो गए हैं। कभी ट्रंप के सहयोगी माने जाने वाले अमेरिकी अरबपति मस्क ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने देश में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों को चुनौती देने के लिए अमेरिकन पार्टी का गठन किया है।

एयर फोर्स वन में सवार होने से पहले ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि तीसरी पार्टी शुरू करना मूर्खता है। हमेशा से द्वि-दलीय प्रणाली रही है और तीसरी पार्टी शुरू करना केवल भ्रम को बढ़ाता है। ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा, यह देखकर दुख होता है कि एलन मस्क पूरी तरह काबू से बाहर हो गए हैं। ट्रंप ने कहा कि मस्क तीसरी राजनीतिक पार्टी शुरू करना चाहते हैं, जबकि अमेरिका में ऐसी पार्टियां कभी सफल नहीं हुई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, तीसरी पार्टी का एक ही काम होता है- पूरी तरह से अव्यवस्था और अराजकता पैदा करना।



### अनुचित प्रभाव डालने का लगाया आरोप

ट्रंप ने यह भी आरोप लगाया कि मस्क ने उनसे अपने दोस्त जारेड आइजैकमैन को नासा प्रशासक के रूप में नामित करने के लिए कहकर अनुचित प्रभाव डालने की कोशिश की है। जब मस्क ने ट्रंप प्रशासन में सरकारी पद छोड़ दिया, तो आइजैकमैन का नामांकन भी वापस ले लिया गया। ट्रंप के 2024 के राष्ट्रपति पद के अभियान में मस्क सबसे बड़े दानदाता रहे थे और वह हाल फिलहाल तक ट्रंप के करीबी सलाहकार थे।

उन्होंने दावा किया कि टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मस्क की यह राजनीतिक पहल इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित करने वाली सब्सिडी को समाप्त करने की ट्रंप की योजना से असंतुष्ट होकर शुरू हुई है।

## सऊदी अरब में मृत्युदंड रिकॉर्ड स्तर पर, मादक पदार्थों के ज्यादा मामले

**दुबई।** एमनेस्टी इंटरनेशनल ने सोमवार को कहा कि सऊदी अरब में पिछले साल मृत्युदंड के मामलों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। इनमें से अधिकतर मामले मादक पदार्थों से संबंधित हैं। सऊदी अरब में पिछले साल 345 लोगों को मौत की सज़ा दी गई। एमनेस्टी के अनुसार तीन दशकों से ज़्यादा समय में यह सबसे बड़ी संख्या है।

समूह ने कहा कि इस साल के पहले छह महीनों में ही 180 लोगों को मौत की सज़ा दी गई, जिससे संकेत मिलता है कि यह रिकॉर्ड फिर से टूट सकता है। कार्यकर्ता समूह रिप्रीव ने बताया कि इस साल जिन लोगों को फांसी दी गई, उनमें से करीब दो तिहाई को मादक पदार्थ से जुड़े मामलों में दोषी ठहराया गया। एमनेस्टी ने भी मादक पदार्थ के मामलों में फांसी दिए जाने के बारे में इसी तरह की चिंता जताई है।

## दलाई लामा को जन्मदिन की बधाई देने पर चीन ने जताया ऐतराज

- **भारतीय अधिकारियों की उपस्थिति को लेकर विरोध दर्ज कराया**

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने सोमवार को कहा कि उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर बधाई देने तथा समारोह में भारतीय अधिकारियों की उपस्थिति को लेकर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। चीन ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को तिब्बत से संबंधित मुद्दों पर बीजिंग की संवेदनशीलता को समझना चाहिए।

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा तिब्बत से संबंधित मामलों पर चीन की स्थिति सुसंगत और स्पष्ट है तथा यह सभी को पता है। माओ प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर बधाई देने तथा उनके जन्मदिन समारोह में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों की उपस्थिति के बारे में पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि 14वें दलाई लामा राजनीतिक निर्वासन में हैं, जो लंबे समय से अलगाववादी गतिविधियों में लिप्त रहे हैं और धर्म की आड़ में शिजांग को चीन से अलग करने का प्रयास करते रहे हैं।

### कहा-दलाई लामा की अलगाववादी प्रकृति को पहचानना चाहिए

चीन तिब्बत को शिजांग कहता है। उन्होंने कहा कि भारत को शिजांग से संबंधित मुद्दों की संवेदनशीलता को पूरी तरह समझना चाहिए तथा 14वें दलाई लामा की अलगाववादी प्रकृति को पहचानना चाहिए और शिजांग से संबंधित मुद्दों पर चीन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान करना चाहिए। भारत को विवेकपूर्ण तरीके से काम करना चाहिए और बोलना चाहिए।

## रूस ने यूक्रेन पर 100 से अधिक ड्रोन दागे 10 लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के नागरिक इलाकों को निशाना बनाकर बीती रात 100 से अधिक ड्रोन दागे, जिसके कारण कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और तीन बच्चों समेत 38 अन्य घायल हो गए। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने देश के परिवहन प्रमुख को बर्खास्त कर दिया है, क्योंकि सप्ताहांत में यात्रा संबंधी अव्यवस्था के कारण रूसी हवाई अड्डों पर यूक्रेनी ड्रोन हमलों के खतरे के कारण सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गई थीं।

यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में रूसी हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और तीन बच्चों समेत 38 लोग घायल हो गए। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोमवार को कहा कि पिछले सप्ताह रूस ने यूक्रेन पर लगभग 1,270 ड्रोन, 39 मिसाइल और लगभग 1,000 शक्तिशाली ग्लाइड बम दागे।

## हसीना के खिलाफ आरोपों पर 10 को फैसला करेगा न्यायाधिकरण

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने सोमवार को इस बात पर फैसला करने के लिए 10 जुलाई की तारीख तय की है कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके दो शीर्ष सहयोगियों के खिलाफ आरोप तय किये जाएंगे या नहीं। हसीना, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ कथित अपराधों के मामले में आरोपी हैं।

अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 10 जुलाई को फैसला करेगा कि हसीना, कमाल और अल-मामून के खिलाफ आरोप तय किये जाएंगे या नहीं। तीन सदस्यीय न्यायाधिकरण 10 जुलाई को ही बचाव पक्ष के उन वकीलों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करेगा जिन्होंने तर्क दिया है कि उनके मुवक्किलों के खिलाफ आरोप निराधार हैं और उन्हें हटा दिया जाना चाहिए। हसीना, कमाल और अल-मामून पर एक जून को मानवता के खिलाफ अपराध के पांच मामलों में आरोप लगाए गए थे। अभियोजन पक्ष ने अपदस्थ प्रधानमंत्री, पूर्व गृह मंत्री और पूर्व शीर्ष पुलिस अधिकारी के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, यातना और घातक हथियारों के इस्तेमाल समेत अन्य मामलों में औपचारिक आरोप लगाए हैं।



- **उनके दो शीर्ष सहयोगियों के खिलाफ भी आरोप तय किए जा सकते हैं**

## फिलाडेल्फिया में गोलीबारी में तीन की मौत, 10 घायल

**फिलाडेल्फिया।** अमेरिका में दक्षिण फिलाडेल्फिया के एक इलाके में सोमवार तड़के हुई गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस आयुक्त केविन बेथेल ने संवाददाताओं को बताया कि मृतकों में तीन लोग वयस्क थे तथा घायलों में दो किशोर हैं।

उन्होंने बताया कि गोलीबारी की यह घटना ग्रेज फेरी में एक आवासीय क्षेत्र में रात एक बजे से कुछ पहले हुई। बेथेल ने कहा, हमारे पास चलाई गई कई राउंड गोलियों के खोखे हैं। पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसके पास से हथियार बरामद किया गया है। बेथेल ने बताया कि पुलिस ने शनिवार देर रात से लेकर रविवार सुबह तक उसी क्षेत्र में कार्रवाई की थी और कुछ गिरफ्तारियां भी की गई थीं।

## सैन्य संघर्ष के बीच बाहरी समर्थन मिलने का दावा गलत : मुनीर

- **दुनिया भर में किरकिरी होने के बाद पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने दी सफाई**

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ हाल में हुए सैन्य संघर्ष के दौरान इस्लामाबाद को बाहरी समर्थन मिलने का दावा तथ्यात्मक रूप से गलत' है। इस्लामाबाद स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में स्नातक अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुनीर ने भारत पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान की संप्रभुता को कमजोर करने के किसी भी दुस्साहस या प्रयास का बिना किसी संकोच के त्वरित और दृढ़ता से जवाब दिया जाएगा।

पाकिस्तानी सेना के प्रमुख ने कहा, पाकिस्तान के सफल ऑपरेशन बन्यनम मार्सूस में बाहरी समर्थन के बारे में लगाए गए आरोप गैर-जिम्मेदाराना और तथ्यात्मक रूप से गलत हैं तथा दशकों के रणनीतिक विवेक से विकसित स्वदेशी क्षमता और संस्थागत लचीलेपन को स्वीकार करने में उसकी पुरानी अनिच्छा को दर्शाते हैं। कुछ दिन पहले भारतीय सेना के उप प्रमुख ने कहा था कि बीजिंग ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को सक्रिय सैन्य सहायता प्रदान की और संघर्ष को विभिन्न हथियार प्रणालियों के परीक्षण के लिए एक प्रयोगशाला के रूप में इस्तेमाल किया।



## चार करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ बरामद, 3 नाइजीरियाई गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के केंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास तीन नाइजीरियाई लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से 2.8 किलोग्राम सिंथेटिक मादक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि उनके पास से करीब 400 किलोग्राम हाइड्रो गांजा भी बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत चार करोड़ रुपये से अधिक है।

बेंगलुरु ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सी. के. बाबा के अनुसार, विदेशी नागरिक मेडिकल वीजा पर भारत आए थे और पाया गया कि वे निर्धारित अवधि से अधिक समय तक भारत में रुके हुए थे। बाबा ने पत्रकारों से कहा, ''विश्वसनीय खुफिया जानकारी और निगरानी के आधार पर, हमारी टीम ने विदेशी नागरिकों की संदिग्ध गतिविधि की पहचान की थी।

**गर्व के पल** एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद भारतीय गगनयात्री ने की बात

# शुभांशु ने सुरक्षित यात्रा के लिए इसरो चीफ को कहा- शुक्रिया

बेंगलुरु, एजेंसी

एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद भारतीय गगनयात्री शुभांशु शुक्ला ने आईएसएस तक उनकी सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) के प्रयासों के लिए शुक्रिया कहा। इसरो ने बताया कि शुक्ला ने छह जुलाई को भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के अध्यक्ष वी नारायणन को फोन किया था।

उसने बताया कि फोन पर बातचीत के दौरान नारायणन ने शुक्ला का हालचाल पूछा और आईएसएस पर किए जा रहे विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। अंतरिक्ष विभाग के सचिव नारायणन ने शुक्ला के धरती पर लौटने के बाद सभी प्रयोगों और गतिविधियों का सावधानीपूर्वक दस्तावेजीकरण करने के महत्व पर बल दिया, क्योंकि इससे भारत के मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियान 'गगनयान' के विकास के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि एवं जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी। इसरो के मुताबिक, गगनयान अभियान का मकसद पृथ्वी की निचली कक्षा में मानवयुक्त अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित करने की भारत की क्षमता का प्रदर्शन करना है और इस मिशन से प्राप्त अनुभव एवं ज्ञान इसकी (गगनयान अभियान की) सफलता के लिए महत्वपूर्ण होंगे। शुभांशु शुक्ला के आईएसएस मिशन को इसरो-एक्सिओम अंतरिक्ष उड़ान समझौते के तहत क्रियान्वित किया गया है।



### चर्चा में कई अधिकारी हुए शामिल

चर्चा में इसरो के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया, जिनमें विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के निदेशक और मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम प्रबंधन परिषद के अध्यक्ष डॉ. उन्नीकृष्णन नायर; द्रव नोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) के निदेशक एम मोहन; इसरो जड़त्वीय प्रणाली इकाई (आईआईएसयू) के निदेशक पद्मकुमार ई एस; इसरो के वैज्ञानिक सचिव एम गणेश पिल्लई और एलपीएससी के पूर्व निदेशक एन वेदाचलम शामिल थे। बातचीत में शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन पर किए जा रहे प्रयोगों और गतिविधियों की प्रगति पर जानकारी भी साझा की। उन्होंने वैज्ञानिक उद्देश्यों और चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला।